

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 141 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 01 मार्च 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## 'खामेनेई सेफ हैं', ईरान के विदेश मंत्री का ट्रंप को जवाब- सत्ता परिवर्तन 'मिशन इम्पॉसिबल'

समाज जागरण

मिडिल ईस्ट में हालात अचानक बेहद विस्फोटक हो गए हैं. शनिवार सुबह अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर बड़े पैमाने पर सैन्य हमला किया, जिसे कई रिपोर्ट्स में महीनों की जॉइंट प्लानिंग का नतीजा बताया जा रहा है. शुरूआती हमलों में तेहरान समेत कई बड़े शहरों में धमाके सुने गए और दावा किया गया कि हमले ईरान के शीर्ष नेतृत्व और सैन्य ढांचे को निशाना बनाकर किए गए. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस ऑपरेशन को 'मेसिव और जारी' बताया और ईरानी जनता से अपनी सरकार गिराने तक की अपील कर दी. इसके तुरंत बाद ईरान ने जवाबी मिसाइल और ड्रोन हमले शुरू कर दिए. ईरान ने न केवल इजरायल बल्कि वअए, सऊदी अरब, बहरीन समेत 8 देशों को टारगेट किया है जिससे पूरा क्षेत्र युद्ध जैसे हालात में पहुंच गया है.

इजरायली अधिकारियों के मुताबिक, ईरान के राष्ट्रपति और सुप्रीम लीडर के ऑफिस और ठिकानों को सीधा निशाना बनाया गया है. हालांकि उनकी स्थिति को लेकर अभी सस्पेंस बना हुआ है. दूसरी ओर ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कई सीनियर कमांडरों के मारे जाने की खबर सामने आ रही है.

## अमेरिका-इजरायल का ईरान पर संयुक्त हमला, नेतन्याहू बोले—ट्रंप का दिल से शुक्रिया

तेल अवीव/वॉशिंगटन। अमेरिका और इजरायल की संयुक्त कार्रवाई को लेकर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने इस सैन्य अभियान को इजरायल के अस्तित्व और वैश्विक सुरक्षा के लिए जरूरी कदम बताया और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का "दिल से शुक्रिया" अदा किया।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी वीडियो संदेश में नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल और अमेरिका ने ईरान में "आतंकवादी शासन" से पैदा हुए अस्तित्व के खतरे को खत्म करने के लिए ऑपरेशन शुरू किया है। उनके मुताबिक यह कार्रवाई दुनिया को संभावित बड़े खतरे से बचाने के उद्देश्य से की गई है।

### तेहरान में शासन बदलने की बात

अपने पहले वीडियो संदेश में नेतन्याहू ने तेहरान में शासन परिवर्तन का संकेत भी दिया। उन्होंने ईरान की जनता से अपील की कि वे "जुल्म के बोझ" को हटाकर एक स्वतंत्र और शांतिपूर्ण ईरान के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ें। उनका कहना है कि मौजूदा हालात ईरानी जनता को अपना भविष्य खुद तय करने का मौका देंगे।

### परमाणु हथियारों पर जताई चिंता

इजरायली प्रधानमंत्री ने दो टूक कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने दावा किया कि यदि ऐसा होता है तो यह केवल क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है।

### "ऑपरेशन लायन्स रोअर" के दौरान सतर्क रहने की अपील

नेतन्याहू ने अपने नागरिकों से सेना के निदेशों का पालन करने और धैर्य बनाए रखने को कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले दिन जोखिम भरे हो सकते हैं। उन्होंने कहा, "हम सब मिलकर खड़े होंगे, हम सब मिलकर लड़ेंगे और हम सब मिलकर इजरायल की हमेशा-हमेशा के लिए रक्षा करेंगे।"

### ट्रंप ने भी दी प्रतिक्रिया

नेतन्याहू से पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने वीडियो संदेश जारी कर कहा कि यह कार्रवाई ईरान की जनता के हितों को ध्यान में रखकर की गई है। उन्होंने Islamic Revolutionary Guard Corps को आत्मसमर्पण का प्रस्ताव देते हुए कहा कि सरेंडर करने पर उन्हें पूरी माफी दी जा सकती है। (इनपुटः आईएएनएस)

## पूरे मिडिल ईस्ट पर बरसीं ईरानी मिसाइलें, पर ओमान को क्यों नहीं छुआ?

मस्कटः मिडिल ईस्ट से आ रही खबरों ने सबको दहला रखा है. इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर भीषण प्रहार किया, जिसके जवाब में ईरान ने पूरे खाड़ी क्षेत्र को युद्ध की आग में झोंक दिया. दुबई से लेकर दोहा तक मिसाइलों के सायरन गूंज रहे थे, लेकिन इस तबाही के बीच ओमान एक ऐसा देश रहा जहां पूरी तरह शांति रही. आखिर ऐसा क्या है कि ईरान ने अपने अन्य पड़ोसियों को तो निशाना बनाया, लेकिन ओमान की तरफ एक कंकड़ भी नहीं फेंका? विशेषज्ञ ओमान को 'मिडिल ईस्ट का स्विट्जरलैंड' कहते हैं. इसके पीछे कोई इत्तेफाक नहीं, बल्कि 50 सालों का गहरा इतिहास, रणनीतिक समझ और बेहतरीन डिप्लोमेसी है. ओमान की तटस्थता आज उसके लिए सबसे बड़ा सुरक्षा कवच बन गई है.



ओमान और ईरान के बीच इस अटूट भरोसे की नींव 1970 के दशक में रखी गई थी. उस वक्त ओमान के सुल्तान काबूस बिन सैद धफर विद्रोह का सामना कर रहे थे. मार्क्सवादी विद्रोहियों ने सुल्तान की सत्ता को हिला दिया था.

उस संकट की घड़ी में ईरान के शाह ने अपनी हजारों की सेना ओमान की मदद के लिए भेजी थी. ईरानी सैनिकों के खून ने ओमान की धरती पर विद्रोह को शांत किया था. 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद जब ईरान की सत्ता बदली, तब भी ओमान ने अपना पुराना अहसान नहीं भुलाया. जहां बाकी खाड़ी देश ईरान की नई सरकार को शक की निगाह से देख रहे थे, ओमान ने दोस्ती का हाथ थामे रखा.

## पीएम मोदी आज पुडुचेरी और मदुरै में 7,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ

समाज जागरण

नई दिल्ली/पुडुचेरी/मदुरै। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दक्षिण भारत के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (सेवा तीर्थ) के अनुसार, वे पुडुचेरी और मदुरै में कुल 7,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री दोनों स्थानों पर विशाल जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे।

### सुबह पुडुचेरी में कार्यक्रम

प्रधानमंत्री सुबह लगभग 11:45 बजे पुडुचेरी पहुंचेंगे, जहां वे 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इन परियोजनाओं का उद्देश्य इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करना, नागरिक सुविधाओं का विस्तार, औद्योगिक विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना है।

### दोपहर में मदुरै में 4,400 करोड़ की परियोजनाएं

इसके बाद प्रधानमंत्री मदुरै पहुंचेंगे, जहां दोपहर करीब 3:00 बजे 4,400 करोड़ रुपये से अधिक की इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनका मुख्य लक्ष्य क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

**सड़क परियोजनाएंः**

एनएच-332ए मरक्कनम-पुडुचेरी सेक्शन को चार लेन बनाने की आधारशिला

एनएच-87 परमकुडी-रामनाथपुरम सेक्शन का फोर-लेन निर्माण

इन परियोजनाओं से यात्रा समय में क्रमशः लगभग 50% और 40% की कमी आने का अनुमान है।



### अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 8 स्टेशन आधुनिक

प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तमिलनाडु के 8 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे, जिनमें शामिल हैंः मोरप्पुर, बोम्मिडी, श्रीविल्लिपुत्तूर, शोलावंदन, मनापराई, पोलाची जंक्शन, कराईकुडी जंक्शन, तिरुवरूर जंक्शन इन स्टेशनों को आधुनिक यात्री सुविधाओं, लिफ्ट-एस्केलेटर और दिव्यांगजन-अनुकूल व्यवस्थाओं से लैस किया गया है।

### चेन्नई रेल नेटवर्क को मिलेगी मजबूती

प्रधानमंत्री चेन्नई बीच-चेन्नई एग्मोर चौथी रेल लाइन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जिससे उपनगरीय रेल नेटवर्क की क्षमता बढ़ेगी और लाखों दैनिक यात्रियों को लाभ मिलेगा।

### तीन नए आकाशवाणी एफएम ट्रांसमीटर

ब्रॉडकास्टिंग सेवाओं के विस्तार के लिए प्रधानमंत्री कुंभकोणम, येरकॉड और वेल्लोर में तीन नए आकाशवाणी एफएम रिले ट्रांसमीटरों का उद्घाटन भी करेंगे।

### मुख्य परियोजनाएंः

- पीएम ई-बस सेवा के तहत ई-बसों का संचालन
- स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर
- CITIIS योजना के तहत ईडब्ल्यूएस आवास
- सीवरेज और जलापूर्ति से जुड़ी प्रमुख योजनाएं
- National Institute of Technology Karaikal के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और गंगा हॉस्टल का लोकार्पण
- JIPMER में क्षेत्रीय कैंसर केंद्र का आधुनिकीकरण
- Pondicherry University के नए भवन और छात्रावास
- 750 एकड़ औद्योगिक क्षेत्र राष्ट्र को समर्पित
- प्रधानमंत्री 750 एकड़ में फैले करासूर-सेदरापेट औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके साथ ही वेः
- जल आपूर्ति सुधार परियोजनाओं की आधारशिला
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 41 ग्रामीण सड़कों का निर्माण
- हेरिटेज टाउन विकास
- MISHTI योजना के तहत मैंग्रोव संरक्षण कार्य
- विद्युत क्षेत्र की आरडीएसएस परियोजनाएं

## अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई: अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार, 500 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

मैनपुरी। अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत Mainpuri Police को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरोह के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 500 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब और एक ट्रक बरामद किया है।

## मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में कनेक्टिविटी को नई रफ्तार, इंटर स्टेट सड़क निर्माण का शुभारंभ

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कनेक्टिविटी को लगातार मजबूती मिल रही है। इसी क्रम में जेवर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम फलैदा बांगर से फलैदा खादर मार्ग होते हुए हरियाणा के सोलडा मार्ग तक बनने वाली इंटर स्टेट सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

लगभग 2 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण 1 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। यह मार्ग उत्तर प्रदेश और हरियाणा के बीच संपर्क को सुदृढ़ करने के साथ नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी को भी बेहतर बनाएगा। इससे क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और व्यापार, रोजगार व स्थानीय विकास को गति मिलेगी।

### लंबे समय से थी क्षेत्रवासियों की मांग

इस अवसर पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़कों, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट और औद्योगिक परियोजनाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है, जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच रहा है।



विधायक ने बताया कि यह सड़क सीमावर्ती गांवों के लोगों की लंबे समय से मांग थी, जो अब पूरी हो रही है। यह मार्ग दोनों राज्यों के सामाजिक, आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करेगा और क्षेत्रीय विकास का नया अध्याय लिखेगा।

अंत में विधायक धीरेन्द्र सिंह ने मातृशक्ति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनभागीदारी से ही विकास कार्यों को वास्तविक सफलता मिलती है।

## मुख्यमंत्री आज आएंगे काशी, 3 लाख से अधिक पौधरोपण अभियान का करेंगे शुभारंभ

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार, एक मार्च को वाराणसी दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे नगर निगम द्वारा डोमरी क्षेत्र में आयोजित बृहद् पौधरोपण अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस अभियान के तहत 3 लाख से अधिक पौधे रोपकर वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम करने की तैयारी की गई है। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में यह कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप लेने जा रहा है।

### नगर निगम का मेगा प्लांटेशन ड्राइव

डोमरी क्षेत्र में विकसित किए जा रहे शहरी वन के अंतर्गत यह विशाल पौधरोपण अभियान आयोजित किया जा रहा है। नगर निगम की ओर से लंबे समय से इसकी तैयारी की जा रही है। प्रशासन का लक्ष्य है कि एक ही दिन में तीन लाख से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा संदेश दिया जाए। कार्यक्रम स्थल पर व्यापक इंतजाम किए गए हैं और बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व स्थानीय लोगों की उपस्थिति की संभावना है।



### लखनऊ से आजमगढ़ होते हुए पहुंचेंगे वाराणसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को राजधानी लखनऊ से रवाना होकर पहले आजमगढ़ पहुंचेंगे। वहां पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद वे वाराणसी आएंगे। वाराणसी में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ करने के बाद मुख्यमंत्री गोरखपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### पर्यावरण संरक्षण पर सरकार का विशेष जोर

राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रही है। बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियानों के जरिए प्रदेश में हरियाली बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। डोमरी का यह अभियान भी उसी कड़ी का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और सुरक्षा व व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय स्तर पर उत्साह का माहौल है।

## 'हमारे लोग सुरक्षित रहने चाहिए', ईरान-इजरायल युद्ध के बीच जयशंकर की 'फोन डिप्लोमेसी'

नई दिल्लीः ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमलों और पलटवार ने मिडिल ईस्ट को बारूद के ढेर पर खड़ा कर दिया है. इस संकट के बीच भारत अपनी 'बैलेंसिंग एक्ट' कूटनीति के साथ मैदान में उतर गया है. भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने पिछले 24 घंटों में एक के बाद एक 6 देशों के विदेश मंत्रियों से बात की है. भारत की सबसे बड़ी चिंता खाड़ी देशों में रहने वाले लाखों भारतीय कामगारों की सुरक्षा है. जयशंकर ने साफ किया है कि तनाव बढ़ने से न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था बल्कि मानवीय सुरक्षा पर भी गहरा असर पड़ेगा. इजरायल और ईरान से सीधी बातः बातचीत ही एकमात्र रास्ता डॉ. जयशंकर ने इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार और ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से अलग-अलग बात की. ईरान के साथ बातचीत में भारत ने हालिया घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताई. वहीं, इजरायल के साथ संवाद में जयशंकर ने भारत के पुराने रुख को दोहराया कि कूटनीति और बातचीत के जरिए ही तनाव को कम किया जा सकता है. भारत इस समय दोनों पक्षों के बीच एक संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है ताकि युद्ध की आग और न फैले.

## 'मिस्त्र या जॉर्डन के रास्ते', इजरायल में फंसे भारतीय छात्रों को कैसे निकालेगी सरकार, बताया रास्ता

समाज जागरण

इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच भड़के मिसाइल युद्ध ने पूरे मिडिल ईस्ट झुलस रहा है. इस बीच इजरायल में फंसे करीब 41,000 भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए भारत सरकार तैयारी में जुट गई है. इजरायल में भारतीय राजदूत जेपी सिंह ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल सड़क मार्ग यात्रा के लिए बिल्कुल सुरक्षित नहीं है. लेकिन जैसे ही कोई सुरक्षित 'विंडो' मिलेगी, जॉर्डन या मिस्त्र के रास्ते भारतीयों का सबसे बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जाएगा. इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर भी कूटनीतिक मोर्चे पर दोनों देशों के लगातार संपर्क में हैं. मिडिल ईस्ट में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रही मिसाइलों की बारिश ने हालात बेहद खौफनाक बना दिए हैं. इस 'बारूदी खेल' और युद्ध के तनाव के बीच इजरायल में फंसे भारतीयों की धड़कनें तेज हो गई हैं. हालांकि, भारत सरकार अपने नागरिकों को इस आग से सुरक्षित बाहर निकालने के लिए 'ऑपरेशन रेस्क्यू' के ब्लूप्रिंट के साथ पूरी तरह मुस्तैद है.



इजरायल में भारत के राजदूत जेपी सिंह ने मीडिया से बातचीत में साफ कर दिया है कि जैसे ही कोई सुरक्षित 'विंडो' (रास्ता) मिलेगी, भारतीयों को तुरंत वहां से निकाल लिया जाएगा. दूतावास वहां फंसे सभी भारतीयों के लगातार संपर्क में है और एहतियात के तौर पर एक नई एडवाइजरी भी जारी कर दी गई है.

### जॉर्डन-मिस्त्र बनेंगे सहारा

रेस्क्यू प्लान का खुलासा करते हुए राजदूत जेपी सिंह ने कहा, "हम भारतीयों की सुरक्षित वापसी मिस्त्र या जॉर्डन के रास्ते प्लान करेंगे. जो भी मार्ग उस समय सबसे ज्यादा सुरक्षित होगा, उसी का इस्तेमाल किया जाएगा." उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि इस समय हालात सड़क मार्ग से यात्रा करने के अनुकूल बिल्कुल नहीं हैं, इसलिए जब तक स्थिति थोड़ी शांत नहीं होती, सभी नागरिक दूतावास की एडवाइजरी और स्थानीय प्रशासन के निदेशों का कड़ाई से पालन करें.

## रबूपुरा में पुलिस-मुठभेड़: दो बदमाशों के पैर में गोली, पांच गिरफ्तार

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। थाना रबूपुरा पुलिस और गौवध करने वाले बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 05 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार, सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने संदिग्ध बदमाशों की घेराबंदी की। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो आरोपी घायल हो गए। मौके से तीन अन्य बदमाशों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ऑटो, गौवध में इस्तेमाल होने वाले उपकरण तथा अवैध हथियार बरामद किए गए हैं।



पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# संस्थागत साख और सत्ता का खेल

एक समय था जब राजनीति को महज विचारधाराओं का टकराव माना जाता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में जो हमने देखा है, वह किसी साधारण राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से कहीं अधिक गहरा और भयावह है। इसे केवल एक व्यवस्था की विफलता नहीं कहा जा सकता, बल्कि यह एक सुनियोजित ढांचे का हिस्सा प्रतीत होता है, जहां सत्ता के गलियारों में बैठकर यह तय किया गया कि लोकतंत्र के उन खंभों को कैसे कमजोर किया जाए, जो जनता और शासन के बीच संतुलन का काम करते हैं। हममें से बहुत से लोग जो उस समय इन घटनाओं को देख रहे थे, उन्हें यह महसूस हो सकता है कि हम एक प्रकार के सामूहिक सम्मोहन का शिकार थे, लेकिन अब, फरवरी 2026 के इस मोड़ पर खड़े होकर, जब धुंध छंट रही है और अदालतों के फैसले हमारे सामने हैं, तो यह स्पष्ट हो गया है कि वह अंधभक्ति नहीं थी, बल्कि एक ऐसा जाल था जिसे बहुत बारीकी से बुना गया था। इस जाल की सबसे बड़ी ताकत वह प्रचार तंत्र था, जिसने सच को झूठ और झूठ को राष्ट्रभक्ति का चोला पहनाकर परोसा। दिल्ली की आबकारी नीति का मामला इसका सबसे बड़ा उदाहरण बनकर उभरा है। जब 2021-22 में नई आबकारी नीति लाई गई, तो इसका घोषित उद्देश्य राजस्व में वृद्धि और शराब कारोबार में पारदर्शिता लाना था। यह नीति तकनीकी रूप से एक प्रशासनिक सुधार की तरह थी, लेकिन इसे रातों-रात एक ऐसे 'महाघोटाले' के रूप में चित्रित किया गया, जिसने पूरे देश के मीडिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया जैसे नेताओं को कटघरे में खड़ा करना महज एक जांच नहीं थी, बल्कि यह विपक्ष की छवि को कलंकित करने की एक सोची-समझी कोशिश थी। जिस तरह से सीबीआई और ईडी जैसी संवैधानिक संस्थाओं का इस्तेमाल किया गया, उसने नागरिकों के मन में एक गहरा अविश्वास पैदा कर दिया। वर्षों तक चले मीडिया ट्रायल के दौरान, आम आदमी को यह बताया गया कि सबूतों का अंबार लगा है, लेकिन जब फरवरी 2026 में दिल्ली की विशेष अदालत ने इन सभी को बरी किया और यह कहा कि न केवल साक्ष्यों का अभाव है, बल्कि यह पूरा मामला ही साजिश के तहत गढ़ा गया था, तो उस दिन उस पूरे प्रचार तंत्र का नकाब उतर गया। यह फैसला केवल एक जीत नहीं थी, बल्कि यह आईना था उस व्यवस्था के लिए जिसने टीवी डिबेट्स के जरिए अदालत से पहले ही अपना फैसला सुना दिया था। जब हम उन दिनों को याद करते हैं, तो दुख होता है कि कैसे एक राज्य के उपमुख्यमंत्री को जेल की सलाखों के पीछे रहने पर मजबूर किया गया, सिर्फ इसलिए क्योंकि वे सत्ता के लिए एक चुनौती बन रहे थे।

शिक्षा का क्षेत्र, जिसे समाज को प्रबुद्ध बनाने का केंद्र होना चाहिए था, वह भी इस साजिश से अछूता नहीं रहा। जनवरी 2026 में यूजीसी द्वारा जारी 'प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशंस' को जिस तरह से पेश किया गया, वह शिक्षा सुधार नहीं, बल्कि समाज के ताने-बाने को तोड़ने की एक कोशिश थी। जाति-आधारित भेदभाव को खत्म करने के नाम पर, जिस तरह से एक नया 'अगड़े-पिछड़े' का विभाजन पैदा किया गया, वह संविधान की भावना के खिलाफ था। विश्वविद्यालयों के परिसरों में जिस तरह का असंतोष देखा गया, वह इस बात का सबूत था कि समाज अब इसे सुधार के रूप में नहीं, बल्कि एक दमनकारी उपकरण के रूप में देख रहा था। यह एक खतरनाक खेल था—हिंदू समाज की एकता के दावे करने वालों द्वारा ही उसी समाज को टुकड़ों में बांटना ताकि वे कभी एकजुट होकर सत्ता से सवाल न पूछ सकें। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इन नियमों पर रोक लगाना इस बात का संकेत था कि न्यायपालिका अभी भी लोकतंत्र के उन मूल्यों की रक्षा करने के लिए खड़ी है, जिन्हें सरकार शायद नजरअंदाज करना चाहती थी।

इसी तरह, शिक्षा की किताबों के साथ किया गया खिलवाड़ एक लंबी अवधि की साजिश का हिस्सा था। एनसीईआरटी की कक्षा 8 की किताब में न्यायपालिका को भ्रष्ट दिखाने वाला अध्याय जोड़ना यह दशार्ता है कि सत्ता का ध्यान बच्चों के कोमल मन में संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करने पर था। यह सोची-समझी रणनीति थी ताकि भविष्य की पीढ़ी यह मान ले कि लोकतंत्र के स्तंभ खुद ही भ्रष्ट हैं और इसलिए एक मजबूत 'अधिनायकवादी' नेतृत्व की आवश्यकता है। जब चीफ जस्टिस ने इस पर कड़ा रुख अपनाया और उस सामग्री को हटाने का आदेश दिया, तो यह केवल एक किताब पर बैन नहीं था, बल्कि यह उस विचारधारा के प्रति एक सख्त संदेश था जो लोकतंत्र के आधारभूत ढांचे को ही खोखला करना चाहती थी। यह कोई संयोग नहीं था कि एक तरफ अदालतों को बरी करने पर मजबूर किया जा रहा था, तो दूसरी तरफ किताबों के जरिए उन्हीं अदालतों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए जा रहे थे।

संवैधानिक गरिमा के साथ जो खिलवाड़ हुआ, वह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ी त्रासदी रही है। मई 2023 में नए संसद भवन के उद्घाटन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को निमंत्रण न देना केवल एक शिष्टाचार की चूक नहीं थी, बल्कि यह सत्ता के अहंकार का प्रदर्शन था। एक आदिवासी महिला, जो देश की सर्वोच्च संवैधानिक प्रमुख हैं, उन्हें दरकिनार कर देना यह बताने के लिए काफी था कि सत्ता की नजर में संवैधानिक पदों की क्या अहमियत है। और फिर, जुलाई 2025 में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा एक ऐसे घटनाक्रम की परिणति था, जिसे शायद ही कभी सार्वजनिक रूप से पूरी तरह समझा जा सके। एक जज के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर महाभियोग के प्रस्ताव को स्वीकार करना, उनके लिए काल बन गया। यह स्पष्ट था कि जो व्यक्ति सत्ता की लाइन से बाहर जाकर काम करने की हिम्मत करेगा, उसे रास्ते से हटा दिया जाएगा।

इन सारी घटनाओं को अगर एक साथ रखकर देखें, तो एक स्पष्ट पैटर्न उभरता है। यह कोई बिखरी हुई घटनाएं नहीं हैं, बल्कि यह एक बड़े 'ब्लूप्रिंट' का हिस्सा हैं। विपक्ष को फंसाकर राजनीति से बाहर करना, शिक्षा को बांटने का हथियार बनाना, संस्थाओं को बदनाम करना और संवैधानिक पदों को रबर स्टैंप की तरह इस्तेमाल करना—यह सब लोकतंत्र की जड़ों को खोखला करने का प्रयास है। हममें से कई लोगों ने इसे तब नहीं देखा, क्योंकि हमारा ध्यान उन कहानियों पर था जो टीवी स्क्रीन पर सुनाई जा रही थीं। लेकिन आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो पाते हैं कि जिसे हमने राष्ट्रवाद का हिस्सा समझा, वह दरअसल लोकतंत्र के खिलाफ एक युद्ध था।

आज के समय में जागरूकता का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। 2026 का यह दौर हमें सिखाता है कि लोकतंत्र में 'सवाल पूछना' सबसे बड़ा कर्तव्य है। यदि हम सवाल पूछना बंद कर देंगे, तो हम फिर से उस जाल में फंस जाएंगे जो अदृश्य रहकर भी बहुत गहरा है। सच भले ही देर से सामने आए, लेकिन अदालती फैसलों ने यह साबित कर दिया है कि सच्चाई को पूरी तरह दबाना नामुमकिन है। यह समय है एकजुट होने का, न केवल किसी राजनीतिक दल के समर्थन में, बल्कि उन संस्थाओं की रक्षा के लिए जिन्होंने हमारे लोकतंत्र को जीवित रखा है। हमें उन सभी षड्यंत्रों का पदार्फाश करना होगा जो छद्म वेष में लोकतंत्र के मंदिर को कमजोर कर रहे हैं। भविष्य की राह अब हमारे ही हाथों में है, और यह राह केवल तथ्यों के आधार पर ही तय की जा सकती है, न कि प्रचार तंत्र के शोरगुल से। लोकतंत्र की असली शक्ति किसी एक नेता या दल में नहीं, बल्कि उन जागरूक नागरिकों में है जो अन्याय के सामने झुकने से इनकार कर देते हैं। आइए, हम सब मिलकर इस जागरूकता को अपनी नई पहचान बनाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक ऐसा समाज छोड़ें जो न तो अंधभक्ति का शिकार हो और न ही सत्ता के किसी अनैतिक खेल का मोहरा। यही सच्ची राष्ट्रभक्ति है और यही वह एकमात्र रास्ता है जिससे हम अपने देश की आत्मा को बचा सकते हैं।



महेन्द्र तिवारी

# लखनऊ की एक अलग पहचान कायस्थों की होली

लखनऊ की होली, बाहर से देखिए तो लगेगा बस रंग, गुलाल, हँसी-ठिठोली तक नजर आती है। मगर भीतर उतरकर देखिए तो यह शहर फागुन में सिर्फ. रंग नहीं बदलता, मिजाज भी बदलता है। यहाँ होली एक दिन का नहीं, कई दिनों का सिलसिला है। होलाष्टक लगते ही गली-कूचों में जैसे कोई अदृश्य ढोल बजने लगता है। दुकानें, घर, छतें, चौक-चौराहे हर जगह एक हलचल। और इस हलचल के बीच अगर किसी ने इस शहर की होली को उसके असली रस में संभाल कर रखा है, तो उसमें कायस्थ बिरादरी की हिस्सेदारी को नजरअंदाज करना बेईमानी होगी।लखनऊ की तहजीब को अक्सर नवाबों से जोड़कर देखा जाता है। सच है, पर अधूरा सच। तहजीब महलों से निकलकर जब गलियों में उतरती है, तभी जिंदा रहती है। होली इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। मुस्लिम समाज आम तौर पर रंगों से परहेज करता रहा, फिर भी लखनऊ की होली कभी फीकी नहीं पड़ी। वजह साफ है यहाँ त्योहार मजहब से नहीं, मिजाज से तय होते हैं। और इस मिजाज को सबसे सहजता से निभाने वालों में कायस्थ आगे रहे। कायस्थों की होली का मतलब सिर्फ.पिचकारी और गुलाल नहीं है। उनके यहाँ होली पेट से शुरू होकर दिल तक जाती है। गोश्त, कलेजी, कीमा, दुलमा ये सिर्फ. व्यंजन नहीं, फागुन की जरूरतें हैं। होली हो और गोश्त न बने, तो कायस्थ खुद को अधूरा मानता है। शराब का जिक्र दबे पाँव आता है, मगर आता जरूर है। कलेजी भुनी न हो तो जाम कैसे उतरे यह तर्क नहीं, परंपरा है।आज के दौर में लोग भूल गए हैं कि पचास-साठ साल पहले न गैस थी, न कुकर। मिट्टी के चूल्हे, लकड़ी, कोयला और घंटों की मेहनत। मांसाहार पकाना आसान काम नहीं था। मसाले कूटे जाते थे, प्याज हाथ से छीले जाते थे, और सब कुछ इत्मीनान से बनता था। इस पूरी प्रक्रिया की रीढ़ महिलाएं थीं। उनके बिना कायस्थों की होली का कोई जिक्र ही नहीं बनता। त्योहार का सारा शोर बाहर दिखता है, पर उसकी असली मेहनत रसोई में होती है।

लखनऊ में कायस्थों की आबादी बड़ी रही है। मशक गंज, निवाजगंज, बाबूगंज, नौबस्ता, रकाबगंज ये सिर्फ.मोहल्ले नहीं, कायस्थ संस्कृति की पहचान रहे हैं। होली के दिन इन इलाकों से गुजरिए तो हर घर से पकवानो और नॉनवेज की अलग-अलग खुशबू आएगी। कहीं मटन चढ़ा है, कहीं कलेजी सिक रही है, कहीं कीमा मटर। और इन सबके बीच कहीं न कहीं गिलास टकराने की आवाज भी सुनाई दे जाएगी। इसे छिपाया नहीं जाता था, बस दिखावे से बचा जाता था यही लखनवी अदा है।कायस्थों की होली में एक और बात खास रही सफाई और सलीका। गरीब से गरीब कायस्थ फटा कपड़ा पहन ले, पर साफ। और खाते-पीते घरों के लोग? वे तो हमेशा उजले, धुले, चमकते कपड़ों में ही रंग खेलते थे। रंग पड़े तो निखरे, मैल न बने। कालिख पोतना, भद्दा मजाक यह सब उन्हें कभी रास नहीं आया। हुड़दंग भी नफासत के साथ यही फर्क था। कायस्थों को अक्सर आधा मुसलमान कहा गया। वजह भी साफ थी गोश्त और शराब उनकी दिनचर्या में शामिल रहे। लेकिन यह तंज नहीं, लखनऊ में एक तरह की पहचान थी। इस पहचान ने ही उन्हें अलग बनाया। उनके घरों में ब्राह्मण, वैश्य, बनिया सब आते थे। कई ऐसे घर थे जहाँ बाहर मांसाहार निषिद्ध था, मगर होली में युवक कायस्थों के यहाँ जरूर पहुँचते थे। उन्हें पता होता था यहाँ रोक-टोक नहीं, स्वागत मिलेगा। कायस्थों को खुद खाने से ज्यादा खिलाने का शौक रहा है। आओ भाई, लो, पीयो, खाओ यह सिर्फ. कहावत नहीं थी, व्यवहार था। दुलमा को लेकर कितनी ही कहानियाँ हैं। कई लोग उसे मटर की सब्जी समझकर खा गए और बाद में पता चला कि उसमें कीमा भी था। फिर पछतावा नहीं, उलटा अगली बार बुलाने की गुजारिश। कायस्थों ने कभी किसी का भेद नहीं खोला। खिलाया भी, और बताया भी नहीं यह भी एक तरह की तहजीब है।

आज भी कायस्थ परिवारों में शादी तय होते समय पहला सवाल खान-पान का होता है। लड़की शाकाहारी है तो क्या घर में मांस बनने से परहेज तो नहीं होगा? लेकिन यह सवाल टकराव का नहीं, तालमेल का होता है। कई घरों में आज भी शाकाहारी और मांसाहारी रसोई साथ-साथ चलती है। अलग बर्तन, अलग चूल्हा पर एक ही परिवार। लखनऊ ने यही सिखाया है कि खाना वजह बनकर रिश्ते नहीं तोड़ता।कायस्थों की होली में इत्र की भूमिका भी कम अहम नहीं। अबीर-गुलाल में खस मिलाना, गीले रंग में इत्र डालना ताकि रंग पड़े तो बदन भी महके। शाम होते-होते नए धुले कपड़े, खस या हिना की खुशबू, और गले मिलना यह रस्म आज भी जिंदा है। अमीनाबाद, रकाबगंज, सआदतगंज की गलियों में यह मंजर अब भी मिल जाता है, बस देखने वाली नजर चाहिए। आज का लखनऊ बदल गया है। फ्लैट, सोसाइटी, डीजे सब आ गए हैं। पर होली का असली रस अब भी पुराने घरों, पुरानी गलियों में बसता है। कायस्थों की होली अब पहले जैसी खुली न सही, पर उसकी आत्मा अब भी जिंदा है। गोश्त की खुशबू, इत्र की महक, रंगों की फुहार और खिलाने-पिलाने की दरियादिली यह सब मिलकर लखनऊ की होली को वह बनाते हैं, जो वह है।और शायद इसी लिए कहा जाता है लखनऊ की होली सिर्फ.देखी नहीं जाती, चखी जाती है।



संजय सक्सेना,लखनऊ

# शिक्षा,ज्ञान मनुष्य के निस्वार्थ मित्र'
# बुद्धि के आलोक से बच्चा गुणवान मनुष्य बनता है।

मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है। वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है।

जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निर्देशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था,उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि 'पाप से घृणा करो पापी से नहीं' फल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का हृदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था,उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका हृदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना कि' ईश्वर इन्हें माफ कर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैं'। इस तरह उन्होंने मानवता के सामने अपने प्रेम को ज्ञान का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया हुआ अत्यंत दुर्लभ है आज संपूर्ण विश्व में प्रभु यीशु के अनुयायियों की संख्या सर्वाधिक है। भगवान श्रीराम ने प्रेम में वशीभूत होकर ही शबरी के जूठे बेर भी खा लिए थे, जबकि श्री राम सर्वाधिक ज्ञान में आदर्श मनुष्य थे।

एक अच्छे और सार्थक जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान दोनों का संबंध एवं समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं। अकेला ज्ञान तथा अकेला प्रेम सदैव सार्थक नहीं हो सकता है। रावण ज्ञानी पुरुष था किंतु विध्वंस कारी भी था उसने प्रेम के अभाव में सिर्फ ज्ञान के चलते अपने कुल को नष्ट करवा दिया था। प्रेम तथा ज्ञान के सदुपयोग से अच्छे जीवन का पथ प्रदर्शन भी किया जा सकता है। इससे हम केवल परिवार व्यक्ति या समाज ही नहीं बल्कि राष्ट्र के स्तर पर भी आत्मसात कर राष्ट्र को वैश्विक महानता की ओर ले जा सकते हैं। वर्तमान में हम संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सामाजिक जीवन को सफलतापूर्वक संचालित करने में सक्षम है। आज हमारे सामने पर्यावरण संतुलन वैश्विक अपन गरीबी जैसी अनेक समस्याएं मौजूद हैं। हम सभी मूक प्राणियों वनस्पति आदि के प्रति ज्ञान का उपयोग दिखाकर उनके साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार कर समस्या का समाधान कर सकते हैं। आधुनिक तकनीक से अर्जित ज्ञान के उपयोग इनके संरक्षण में करने में हम सक्षम भी हैं। अतः प्राचीन काल से मान्यता रही है कि सार्थक, सफल, एवं प्रेरणादाई जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान का समन्वय कारी सदुपयोग एक आवश्यक तत्व है, इसके अभाव में जीवन कितना सार्थक सफल और मार्गदर्शी नहीं हो सकता है।



संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक,
रायपुर ,छत्तीसगढ़, 9009 415 415

# 03 मार्च पूर्ण चंद्र ग्रहण - चंद्र ग्रहण एक खगोलीय महाकाव्य

3 मार्च 2026 मंगलवार - बुधवार की दरमियानी रात्रि को विलक्षण खगोलिक घटनाक्रम के तहत पड़ने वाले पूर्ण चंद्र ग्रहण 3 मार्च 2026 को पृथ्वी के साये में चाँद के प्रवेश का वह मौन, वरदान-सा क्षण होगा जब आकाश अपने रंगों से खेलता है और चंद्रमा निकल-चमक कर ह्लरक्तिम पूर्णिमाह्व का दृश्य प्रस्तुत करता है । जिसे खगोल विज्ञान में ब्लड मून कहा जाता है। ऐसा होने का कारण यह है कि जब चंद्रमा पृथ्वी की उम्ब्रा (गहरी छाया) में प्रवेश करता है, तो पृथ्वी का वायुमंडल सूर्य की किरणों को वक्रित करता है और केवल लाल-लाल प्रकाश चंद्रमा पर पहुँचता है ।जिससे उसका रंग लाल-सी दिखाई देता है।



**तारीखः 3 मार्च 2026**
**प्रकारः पूर्ण चंद्र ग्रहण**

समय सीमाः लगभग दोपहर से संध्या तक ग्रहण जारी रहेगा। पूर्ण ग्रहण की अवधिः करीब 58 मिनट तक पूर्णता रहेगी। दुनिया में दृश्यताः पूरी रात की तरफ पृथ्वी पर जहाँ चाँद दिखाई दे, वहाँ इस ग्रहण को देखा जा सकेगा। भारत सहित एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, कई अन्य क्षेत्रों में यह देखा जा सकेगा।

चंद्र ग्रहण सूर्य-पृथ्वी-चंद्रमा के सटीक संरेखण के कारण होता है। सूर्य ग्रहण के विपरीत, चंद्र ग्रहण को दुनिया के अधिकतर हिस्सों से देखा जा सकता है जहाँ यह रात है, क्योंकि चाँद पूरे पृथ्वी के पूरे अँधेरे साइड पर चमकता हुआ दिखता है। भारत में भी यह ग्रहण पूरी तरह दिखाई देगा, और खास रूप से दक्षिण-पूर्वी समय में, जैसे कि चाँद क्षितिज पर ऊँचा उठ रहा होता है या पूर्ण रूप से दिखाई दे रहा होता है, इसका सुन्दर लाल रंग देखा जा सकता है।

ब्रह्माण्ड की इस अद्भुत घटना की वैज्ञानिक प्रक्रिया अत्यंत स्पष्ट हैः जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आती है, तो इसकी छाया चंद्रमा पर पड़ती है। पृथ्वी की छाया के दो भाग होते हैंः- पेनुम्ब्रा झ हल्की छाया। उम्ब्रा झ गहरी छाया। पूर्ण ग्रहण तब होता है जब चाँद पूरी तरह से उम्ब्रा में डूब जाता है। यह गणितीय रूप से अपेक्षाकृत विनीत, परन्तु दृश्य रूप से अत्यंत प्रभावी क्षण है।

भारतीय पंचांग परंपरा में ग्रहण के समय को सूतक काल कहा जाता है। वह अवधि जो ग्रहण के पूर्व से प्रारंभ होकर ग्रहण के बाद थोड़ी देर तक मान्य होती है। इस दौरान कुछ कार्य (जैसे वस्त्र धोना, नहा-धोना, भोजन बनाना, शुभ कार्य आदि) विलंबित माने जाते रहे हैं। वैदिक ज्योतिष में सूर्य-चंद्र ग्रहण को आत्म-चिंतन, ध्यान-धारणा और मन की शान्ति का अनुकूल समय भी बताया गया है, लेकिन साथ ही साथ ग्रहण समय किसी भी नए या शुभ कर्म को आरम्भ करने के लिए अनुकूल नहीं माना जाता है।

प्राचीन पुराणों में यह दृश्य राहु और केतु से जोड़ा गया है। कथा के अनुसार, देवताओं ने अमृत पिया तो असुरों में भ्रम फैलाया गया। तभी अस्तित्व में आए राहु-केतु चंद्रमा को निगलने का प्रयास करते हैं। भगवान विष्णु ने अमृत पान करने वाले राहु को सिर से अलग कर दिया, पर उसकी सर्प-मुख छाया आज भी चंद्रमा को छिपाती है। यही पौराणिक व्याख्या आज तक लोगों के मन में चंद्र ग्रहण को रहस्य और दिव्यता का रूप देती है। इस कथा में राहु और केतु (जो आधुनिक ज्योतिष में ग्रह रूप में माने जाते हैं) चंद्र ग्रहण को समय-समय पर दोहराते हैं और ग्रहण को कुछ उपायों, मंत्रों, और आध्यात्मिक अभ्यासों के साथ सजगता से मनाने की परंपरा समय-अनुसार चली आ रही है।

**क्या करें**
**ध्यान/ध्यान-साधना**
**मंत्रोच्चारण**
**अपने मन को शांत रखना**
**ग्रहण के बाद तर्पण/पितृ कर्म**
**क्या न करें**
**ग्रहण के समय कोई नया काम प्रारम्भ न करें**
**भोजन-पकवान न बनाएं**
**नकारात्मक विचार न फैलाएं।**

3 मार्च 2026 का चंद्र ग्रहण जो पूर्ण, लाल-रक्तिम चाँद रूप में दिखाई देगा, वह खगोलीय, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से एक अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है। यह न केवल पृथ्वी-सौर प्रणाली की प्राकृतिक सुंदरता को दशार्ता है बल्कि हमारे सांस्कृतिक आदर्शों, पुराणों और पौराणिक कथाओं की गहराई और अंतरिक्ष-जीवन के परस्पर सम्बन्ध को भी उभारता है।

आकाश की निस्तब्ध चादर पर जब पृथ्वी की छाया उतरती है,तब चंद्रमा केवल ढकता नहीं वरन् वह एक नई आभा में जन्म लेता है ।रक्तिम प्रकाश में नहाया यह पूर्ण चंद्र ग्रहण मानो सृष्टि का मौन संवाद हो -जहाँ विज्ञान अपनी गणना करता है और अध्यात्म अपनी अनुभूति। यह दृश्य हमें याद दिलाता है !अंधकार स्थायी नहीं होता,छाया भी प्रकाश को नया रंग देने आती है।

इस चंद्र ग्रहण को देखते हुए, हमें यह भी स्मरण रखना आवश्यक है कि यह एक वैज्ञानिक घटना है जो निरपेक्ष नियमों के अधीन है, और यह मानवता के लिए आश्चर्य, विचार, आशा और आत्म-निरीक्षण का अवसर भी प्रदान करती है। इस अवसर पर सत्कर्म और पुण्य कार्यों में रत रहना, अति उत्तम माना गया है। इसके लिए एक बहुत अच्छा सरल और प्रभावी मंत्र है ।जो इस प्रकार है। *" *ॐ सोमाय नमः" !*

**सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

# दूरियाँ मिटाने का प्रयास...!

तुम आए तो आया हैं
'मुझे' सब याद,
यूंहीं तुमने की थी आने
की फरियाद।
कस्मे तो तुम ही खाते
रहें न आने की,
हमने कभी बात नहीं की
हैं जाने की।

सिहर उठता है 'मन'
पिछली यादों से,
जोशीलें संवाद, हरकतों
एवं इरादों से।
क्या? हस्ती बनी दुनिया
की नजरों में,
नजरें नीची हो गई 'खुद'
की नजरों में।

यूं करिए दूरियों को
मिटाने का प्रयास,
जिसका सभी को हो
भरपूर आभास।
धुल जाए पिछले 'गलत'
हुए व्यवहार,
याद रखो यहीं तो है
तुम्हारे पालनहार।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य
प्रदेश

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# नोएडा: अवैध तमंचे के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, सेक्टर-58 पुलिस की कार्रवाई

**समाज जागरण**




संदीप गर्ग / नोएडा। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपी फुरकान पुत्र इकबाल को सेक्टर-55 सर्विस रोड से दबोचा।
पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा तथा .315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी मूल रूप से ग्राम बोराबोरी, थाना नौगवा सादात, जिला अमरोहा का निवासी है और वर्तमान में मास्टर बिल्डिंग, सेक्टर-62, थाना सेक्टर-58, नोएडा में रह रहा था।

**9 से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज**

पुलिस जांच में सामने आया है कि अभियुक्त का आपराधिक इतिहास काफी पुराना है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में 9 से अधिक संगीन मुकदमे पहले से दर्ज बताए जा रहे हैं।

**आगे की कार्रवाई जारी**

थाना सेक्टर-58 पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी के आपराधिक नेटवर्क और अन्य संभावित संलिप्तताओं की भी

# श्रीराम मित्र मंडल नोएडा का होली मंगल मिलन समारोह धूमधाम से सम्पन्न

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग / नोएडा। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा द्वारा सेक्टर-9 स्थित कार्यालय में होली मंगल मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और होली गीतों ने माहौल को उत्साह और रंगों से सराबोर कर दिया।
समारोह में 'मौजा-ही-मौजा' ग्रुप ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राधा-कृष्ण की मनोहारी झांकियां, भगवान राम के अयोध्या आगमन पर आधारित होली गीत और गणेश वंदना की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।



**विधायक पंकज सिंह रहे मुख्य अतिथि**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नोएडा के विधायक पंकज सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया।
समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल, महासचिव डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार गर्ग, उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग और सह-कोषाध्यक्ष अनिल गोयल ने अतिथियों का स्वागत किया। महासचिव डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत बनाने का आह्वान किया। अध्यक्ष धर्मपाल गोयल ने उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। अंत में सभी ने फूलों की होली खेली और एक-दूसरे को रंगों के पर्व की शुभकामनाएं दीं।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण से खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज में।

# नोएडा: विदेश नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार, पासपोर्ट-लैपटॉप बरामद

**समाज जागरण**

नोएडा। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की थाना सेक्टर-126 पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर सोशल मीडिया के जरिए ठगी करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 09 भारतीय पासपोर्ट, 04 मोबाइल फोन, 01 लैपटॉप, फर्जी जॉब पम्पलेट, एयरलाइन टिकट, वीजा प्रिंटआउट और 73,500 रुपये नगद बरामद किए हैं।
पुलिस के अनुसार, 27 फरवरी 2026 को एक पीड़ित ने शिकायत दी थी कि फर्जी विदेशी नौकरी विज्ञापन दिखाकर उससे करीब 1.5 लाख रुपये ठग लिए गए। मामले में थाना सेक्टर-126 पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।
लोकल इंटेलिजेंस की मदद से पुलिस टीम ने नियाज अहमद उर्फ अरमान (43) और राजू शाह (33) को डीएमआई टी-प्वाइंट से सुपरनोवा बिल्डिंग, सेक्टर-94 मार्ग से गिरफ्तार कर लिया।

**ऐसे देते थे झांसा**

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी लैपटॉप से विदेशी कंपनियों के नाम पर फर्जी नौकरी विज्ञापन बनाते थे और व्हाट्सएप, टेलीग्राम व फेसबुक ग्रुपों में प्रसारित करते थे। इच्छुक लोगों से केवल व्हाट्सएप कॉल पर बात कर उनकी पहचान छिपाते थे और फर्जी ऑफर लेटर, वीजा व टिकट भेजकर प्रोसेसिंग फीस के नाम पर मोटी रकम वसूलते थे। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह अब तक करीब 100 से अधिक लोगों को शिकार बनाकर लगभग 70 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर चुका है।

**कार्रवाई जारी**

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# उज्ज्वला योजना: भाजपा जिलाध्यक्ष व सीडीओ ने 50 लाभार्थियों को सब्सिडी चेक वितरित

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग / नोएडा। होली के पावन अवसर पर 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के अंतर्गत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का आयोजन लोक भवन, लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में किया गया। इस योजना के तहत 1,500 करोड़ की धनराशि से प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला लाभार्थी परिवारों को लाभान्वित किया गया।
इसी क्रम में जनपद गौतमबुद्धनगर के कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में लाभार्थी महिलाएं कार्यक्रम में शामिल हुईं। लोक भवन, लखनऊ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया।

**50 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक**

कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा और मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने 50 चयनित उज्ज्वला लाभार्थियों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की धनराशि के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए।
इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाकर उनके स्वास्थ्य और सम्मान की रक्षा की है। होली के अवसर पर दी गई यह सब्सिडी परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करेगी और रसोई को सशक्त बनाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे।



**सब्सिडी का विवरण**

प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम ने बताया कि योजना के प्रथम चरण (अक्टूबरझदिसंबर 2025) और द्वितीय चरण (जनवरीझमार्च 2026) के तहत निशुल्क सिलेंडर रिफिल प्रदान किया जा रहा है। जनपद में 50 लाभार्थियों को 550.5 की सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए।
उन्होंने बताया कि 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की कीमत 850.5 है, जिसमें ड्550.5 राज्य सरकार और 300 केंद्र सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में दी जा रही है।
इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (भू0अ0) बच्चू सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार, प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम सहित संबंधित अधिकारी और लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहीं।

# डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने थाना सूरजपुर का वार्षिक निरीक्षण किया, दिए आवश्यक निर्देश

संदीप गर्ग / नोएडा। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने एसीपी-3 सेंट्रल नोएडा राजीव कुमार गुप्ता के साथ थाना सूरजपुर का वार्षिक निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, साइबर हेल्प डेस्क, डाक कार्यालय, हवालात, मेस, बैरक और महिला हेल्प डेस्क का जायजा लिया।




डीसीपी ने थाना प्रभारी व हेड मोहर्रर को मालखाने में लंबित माल का शीघ्र निस्तारण करने, थाना परिसर व बैरक की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था रखने तथा लावारिस वाहनों की नियमानुसार नीलामी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
उन्होंने साइबर हेल्प डेस्क और महिला हेल्प डेस्क पर तैनात पुलिसकर्मियों को पीड़ितों की तत्काल सहायता करने, सभी शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज करने और उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए कहा। महिलाओं से नियमित फीडबैक लेने पर भी जोर दिया गया।
थाना कार्यालय के निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने सभी अभिलेखों को पूर्ण व व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। साथ ही थाना प्रभारी को आने वाले नागरिकों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनने और मृद व्यवहार बनाए रखने को कहा। विवेचकों को लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने तथा पुलिसकर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा और सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए।

# भाजपा नोएडा महानगर द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग / नोएडाः आज भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर द्वारा जिला कार्यालय, सेक्टरझ 116 में जिला अध्यक्ष श्री महेश चौहान के नेतृत्व में भव्य एवं गरिमामय होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक ऊर्जा का संचार हुआ।
समारोह के दौरान मंच से गणेश वंदना, काव्य पाठ, रागिनी गायन तथा ब्रज के पारंपरिक होली गीतों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंग, उमंग और भाईचारे के इस उत्सव में नोएडा महानगर के गणमान्य नागरिकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।
कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा कर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता तथा संगठनात्मक एकता का संदेश दिया।
इस अवसर पर पंकज सिंह विधायक, नोएडा ने अपने संबोधन में होली के सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए संगठन की मजबूती और समाज के सर्वांगीण विकास के संकल्प को दोहराया।
होली मिलन समारोह में भाजपा नोएडा महानगर के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मंडल अध्यक्ष, मोर्चों के अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के संयोजक और सभी सदस्य, शक्ति केंदों के संयोजक, प्रभारी, बूथ अध्यक्षों सहित सभी ने सहभागिता करके कार्यक्रम को अद्भुत बना करके संगठन की शक्ति का भी परिचय दिया।



पूरे कार्यक्रम में मंच का अद्भुत संचालन श्रीमती प्रज्ञा पाठक शर्मा ने किया।
समारोह में नवाब सिंह नागर, विमला बाथम, योगेंद्र चौधरी, जुगराज चौहान राकेश शर्मा योगेंद्र शर्मा, विपिन मलहन राजकुमार चौधरी, राजीव अजमानी, विनोद त्यागी, उमेश त्यागी चंदगीराम यादव गणेश जाटव डिंपल आनंद महेश अवाना युद्धवीर चौहान राजकुमार बंसल उमेश यादव गिरीश कोटनाला धर्मेंद्र गुप्ता चमन अवाना मनोज चौहान प्रमोद बहल विनोद शर्मा पूनम सिंह अशोक मिश्रा अमित त्यागी अर्पित मिश्रा अशोक चौहान राजेंद्र अवाना नरेश शर्मा ओम यादव सुशील शर्मा गौतम शर्मा प्रदीप चौहान नीरज चौधरी शशिधर उपाध्याय सत्यनारायण महावर रामकिशन यादव रामनिवास यादव दीनबंधु कुशवाहा मनीष तिवारी ओमवीर अवाना सुमित गौतम देवेंद्र भदौरिया सुनीता शर्मा दीपाली दीक्षित नमिता चौबे निधि त्यागी इत्यादि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।
यह होली मिलन समारोह सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गौरव एवं संगठनात्मक एकजुटता का प्रतीक बनकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## कासना में फायरिंग की घटना, पुलिस जुटी जांच में

ग्रेटर नोएडा। थाना कासना क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व में हुए आपसी विवाद को लेकर एक व्यक्ति द्वारा अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर दूसरे व्यक्ति पर फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में थाना कासना पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।
पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटना में किसी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष पुलिस टीम गठित कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का अवलोकन किया जा रहा है।
एडीसीपी ग्रेटर नोएडा ने जानकारी देते हुए बताया कि साक्ष्य संकलन की कार्रवाई जारी है तथा सभी आवश्यक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। आरोपियों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।
पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा में नशे के खिलाफ सख्ती तेज, नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग / नोएडा। जनपद गौतमबुद्धनगर में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, तस्करी, ड्रंक एंड ड्राइव तथा अन्य नशे से जुड़ी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने की।
बैठक में जिला आबकारी अधिकारी ने अवैध नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियानों, संयुक्त प्रवर्तन कार्रवाइयों तथा वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण, चेकिंग और पुलिस विभाग के साथ संयुक्त अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा रहा है।



**लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

समीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता और आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। मादक पदार्थों की अवैध खरीद-फरोख्त, भंडारण और तस्करी के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**जागरूकता अभियान को मिलेगा नया स्वरूप**

अपर जिलाधिकारी ने फरवरी माह में चलाए गए अभियानों की विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराने तथा प्रवर्तन कार्रवाइयों की संकलित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही नशा मुक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी एवं आकर्षक बनाने के लिए नए एवं सशक्त स्लोगन के साथ जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया गया।
विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में वाद-विवाद, चित्रकला, स्लोगन लेखन और निबंध प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की योजना बनाई गई। विद्यालयों के आसपास गुटखा, सिगरेट और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।
बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक (क्राइम) सेंट्रल जोन ग्रेटर नोएडा, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बुलंदशहर में ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल का प्रथम वार्षिक उत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग / नोएडा। ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल में शनिवार को प्रथम वार्षिक उत्सव बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। स्कूल परिसर छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी से गुलजार रहा। विद्यार्थियों ने अपनी बहुरंगी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।
कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक विधायक श्रीचंद शर्मा और स्याना विधायक देवेन्द्र सिंह लोधी उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने स्कूल की पहल की सराहना करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिले के सैनिकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम में देशभक्ति का भाव भी झलका।



स्कूल के चेयरमैन राम कुमार मावी ने अपने संबोधन में कहा कि अच्छी शिक्षा और संस्कार ही जीवन को नई दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों की छिपी प्रतिभा निखरकर सामने आती है और समाज को शिक्षित व संस्कारित बनाने में मदद मिलती है।
कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विशेष आकर्षण साईं बाबा को समर्पित कव्वाली रही, जिसने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके अलावा फैंसी ड्रेस सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।
प्रधानाचार्य डॉ. रंजना सूरी ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे मंच विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।
इस अवसर पर संस्थापक सेवाराम प्रधान, निर्देशक निशि मावी, मनोज मावी, शैंकी भाटी, प्रतिभा, आरती कसाना सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।
यह प्रथम वार्षिक उत्सव स्कूल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुआ और स्थानीय समुदाय में शिक्षा व संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बना।

# सेक्टर-58 पुलिस की कार्रवाई: दोपहिया वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की बैटरियां व चाकू बरामद

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग / नोएडा। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की मदद से दोपहिया वाहन चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त आरिफ खान पुत्र शमीम खां (उम्र 29 वर्ष) को डी पार्क के पास, सर्विस रोड सेक्टर-62, नोएडा से दबोचा।
पुलिस के अनुसार, आरोपी के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल की 03 बैटरियां तथा एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्त मूल रूप से दीपक विहार, खोड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद का निवासी है।



**पुराना अपराधी निकला आरोपी**

जांच में सामने आया कि आरिफ खान का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्रों में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं।

**कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज**

थाना सेक्टर-58 पुलिस ने बरामद मोटरसाइकिल, बैटरियां और अवैध चाकू को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी

## एडीएम (वित्त एवं राजस्व) की अध्यक्षता में नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण**

नोएडा। जनपद में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, तस्करी, ड्रंक एंड ड्राइव तथा अन्य नशे से जुड़ी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार की अध्यक्षता में विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभागार में नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर (NCORD) की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
बैठक में जिला आबकारी अधिकारी गौतमबुद्धनगर सुबोध कुमार ने अब तक अवैध नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियानों एवं प्रवर्तन कार्रवाइयों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण, चेकिंग और प्रवर्तन की कार्रवाई लगातार जारी है तथा संदिग्ध स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।
समीक्षा के दौरान एडीएम (वित्त एवं राजस्व) ने निर्देश दिए कि जनपद को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता और आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मादक पदार्थों की अवैध खरीद, बिक्री, भंडारण और तस्करी के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवेयरनेस कार्यक्रमों तथा अवैध नशे और ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध संचालित अभियानों की विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र जिला आबकारी अधिकारी को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही फरवरी माह में की गई समस्त प्रवर्तन कार्रवाइयों की संकलित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि आगे की रणनीति को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

## सर्वोदय हॉस्पिटल में बैरिएट्रिक सर्जरी का असर: 30 दिन में 20 किलो वजन कम

**समाज जागरण**

गौरव शर्मा ग्रेटर नोएडा। शहरों में तेजी से बढ़ रहे मोटापा और डायबिटीज के मामलों के बीच ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सर्वोदय हॉस्पिटल से एक सफल केस स्टडी सामने आई है। सेक्टर-16बी की 38 वर्षीय महिला ज्योति ने यहां मिनिमली इनवेसिव बैरिएट्रिक (कीहोल) सर्जरी कराकर मात्र एक महीने में 20 किलो वजन कम कर लिया।
अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार सर्जरी से पहले विस्तृत मेटाबोलिक जांच की गई, जिसके आधार पर कीहोल बैरिएट्रिक प्रक्रिया अपनाई गई। इस तकनीक में छोटे चीरे लगाकर ऑपरेशन किया जाता है, जिससे मरीज को जल्दी रिकवरी मिलती है और जटिलताओं का जोखिम कम रहता है।

**डायबिटीज नियंत्रण में भी मिली राहत**

सर्जरी के बाद ज्योति के स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। डॉक्टरों की निगरानी में उनकी डायबिटीज की दवा फिलहाल बंद कर दी गई है। चिकित्सकों का कहना है कि इस तरह की मेटाबोलिक सर्जरी से ग्लाइसेमिक नियंत्रण बेहतर होता है और डायबिटीज से जुड़ी जटिलताओं को मैनेज करने में मदद मिलती है।



**बढ़ रही मेटाबोलिक सर्जरी की भूमिका**

विशेषज्ञों का मानना है कि शहरी जीवनशैली के कारण मोटापा और मेटाबोलिक डिसऑर्डर तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में मिनिमली इनवेसिव बैरिएट्रिक सर्जरी कई मरीजों के लिए प्रभावी विकल्प बनकर उभर रही है, बशर्ते यह उचित जांच और विशेषज्ञ देखरेख में कराई जाए।

अस्पताल प्रशासन ने बताया कि सही मरीज चयन, संतुलित आहार, नियमित फॉलो-अप और जीवनशैली में बदलाव के साथ ऐसे परिणाम लंबे समय तक बनाए रखे जा सकते हैं।

# चांदपुर में दहेज हत्या कांड: तीन आरोपी गिरफ्तार, निष्पक्ष जांच जारी

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर चांदपुर पुलिस ने दहेज हत्या के एक गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी शनिवार, 28 फरवरी 2026 को की गई। पुलिस ने बताया कि कार्रवाई मुकदमा अपराध संख्या 91/26 के तहत धारा 85/80(2) बीएनएस एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में की गई है।



पुलिस के अनुसार, 18 फरवरी 2026 को मृतका के भाई द्वारा चांदपुर थाने में दी गई तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया कि उसकी बहन से लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग की जा रही थी। तहरीर में नामजद अभियुक्त फहीम पुत्र यासीन, यासीन पुत्र अनीस, सबीला पत्नी यासीन एवं फरीद पुत्र यासीन, निवासी ग्राम अकोधा, थाना चांदपुर, जनपद बिजनौर बताए गए हैं। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को प्रताड़ित किया गया और उसकी हत्या कर दी गई।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित तीन आरोपियों–फहीम, यासीन और सबीला–को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच की जा रही है तथा आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# होली से पूर्व 1.86 करोड़ उज्ज्वला लाभार्थियों को मुफ्त रिफिल का वितरण

**दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर। महिला सशक्तिकरण अभियान उज्ज्वला से बना ऊर्जा-वान के अंतर्गत बिजनौर के इंदिरा भवन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए प्रदेश के योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी उपस्थित जनसमूह को दिखाया गया। लाइव प्रसारण के माध्यम से सरकार की योजनाओं और उनके लाभों की विस्तृत जानकारी साझा की गई।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर तथा जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेन्द्र प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 1,500 करोड़ की धनराशि जारी कर 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को होली के अवसर पर मुफ्त एलपीजी सिलेंडर रिफिल उपलब्ध कराया जा रहा है।





उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को रसोई के धुएं से मुक्ति दिलाकर उनके स्वास्थ्य की रक्षा की है। पहले जहां महिलाओं को लकड़ी और कोयले के धुएं में खाना बनाना पड़ता था, वहीं अब स्वच्छ ईंधन की सुविधा मिलने से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। इस योजना से न केवल महिलाओं का स्वास्थ्य बेहतर हुआ है, बल्कि समय की बचत और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिला है।

कार्यक्रम में काफी संख्या में लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहीं। महिलाओं ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए इसे अपने जीवन में बड़ा बदलाव लाने वाला कदम बताया। आयोजन स्थल पर उत्साह का माहौल देखने को मिला। समारोह के दौरान सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा लाभार्थियों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# नगर में हो रही लगातार आकस्मिक मौतों से नगर का गमहीन माहौल

**समाज जागरण अजमल अंसारी**

जनपद बिजनौर किरतपुर। नगर में पिछले काफी समय से हो रही लगातार मौतो का सिलसिला जारी है। जिस कारण नगर में काफी दहशत का माहौल बना हुआ है। नगर में काफी संख्या में युवा वर्ग के युवा दुर्घटना एवं आकस्मिक मौत के कारण इस दुनिया को छोड़कर चले गए हैं। जिस कारण उनका परिवार गम के साए में जी रहा है नगर के प्रतिष्ठित बैंक्विट हॉल स्वामी मनोज अग्रवाल उर्फ डब्बू रॉयल हेरीटेज की धर्मपत्नी अंजू अग्रवाल उम्र लगभग 55 वर्ष जो तीन दिन पूर्व बीमार हुई थी। उनको इलाज के लिए बिजनौर भर्ती कराया गया था जहां से उनको मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया था। आज सुबह अचानक तबियत बिगड़ने पर उनका आकस्मिक निधन हो गया।

वहीं दूसरी ओर नगर के प्रसिद्ध कैराना व्यापारी संदीप रस्तोगी पुरानी अनाज मंडी के सामने परचून की दुकान करते हैं उनकी माता जी का अचानक स्वास्थ्य खराब होने के कारण उनको चिकित्सा हेतु बिजनौर ले जाया जा रहा था। जहां रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। दोनों महिलाओं के आकस्मिक निधन से नगर में गम का माहौल बना हुआ है। दोनों महिलाओं के आकस्मिक निधन से शोक संवेदना व्यक्त करने वालों की उनके निवास पर काफी भीड़ जमा हो गई। जिन में अरुण अग्रवाल भुट्टे वाले, सत्येंद्र अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, प्रदीप उर्फ कालू अग्रवाल, संजय गोयल, मयंक अग्रवाल, आकाश जैन, अविनाश जैन, अंकुर गोयल, पत्रकार अशोक गुप्ता, मुकेश गोयल, सचिन अग्रवाल, पी के चौहान, रितुज शर्मा, कपिल रस्तोगी, अमित अग्रवाल आदि अनेक नगर वासियों ने शोक संवेदना व्यक्त की दोनों का अंतिम संस्कार गंगा बैराज घाट पर किया गया।

# शिकायत के बाद लोक निर्माण ने हटाए स्पीड ब्रेकर

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नांगल सोती के मंडावली-नांगल मार्ग पर स्थित सराय आलम की नहर पुलिया के पास से स्पीड ब्रेकर हटा दिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग ने यह कार्रवाई राहगीरों की लगातार शिकायतों और चोटिल होने की घटनाओं के बाद की है। शिवरात्रि के दौरान लगाए गए इन स्पीड ब्रेकरों के कारण राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी। कई लोग इन ब्रेकरों से गिरकर चोटिल भी हुए थे। इसके बाद क्षेत्रवासियों और किसान यूनियन अराजनीतिक के सदस्यों ने इसकी शिकायत की। शिकायत करने वालों में कुलबीर सिंह, राजवीर काकरान, पुनीत कुमार और मुनेंद्र सिंह शामिल थे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता. मोहन पांडे को अपनी समस्या से अवगत कराया था। अधिशासी अभियंता मोहन पांडे ने शिकायत को गंभीरता से लिया और तत्काल इन ब्रेकरों को हटवाने के निर्देश म दिए। विभाग ने यातायात सुरक्षा की दृष्टि से ये ब्रेकर लगाए थे, लेकिन इनसे राहगीरों को अत्यधिक असुविधा हो रही थी



# एकादशी पर श्री आदर्श होली कमेटी द्वारा निकाला गया गुलाल और रंग का भव्य जुलूस

**समाज जागरण अजमल अंसारी**

जनपद बिजनौर किरतपुर।नगर में रंग एकादशी के अवसर पर श्री आदर्श होली रंग कमेटी द्वारा गुलाल और रंग का भव्य जुलूस निकाला गया। यह जुलूस श्री नीलेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गो से गुजरा और शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

शुक्रवार को नगर में रंग एकादशी के अवसर पर लगभग सुबह 9:30 बजे सबसे पहले गुलाल का जुलूस प्रारंभ हुआ।यह जुलूस भी श्री नीलेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग से गुजरा और मंदिर पर ही संपन्न हुआ। वही जुम्मे की नमाज को ध्यान में रखते हुए कमेटी ने दोपहर 12:00 बजे पानी और रंग का दूसरा जुलूस निकाला। इस जुलूस में शामिल हुलियारियो ने ढोल नगाड़ों ओर बैंड बाजे की थाप पर जमकर नृत्य किया और आनंद लिया। एकादशी के जुलूस को देखते हुए थाना प्रभारी के निर्देश पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। जुलूस के दौरान श्री आदर्श होली रंग कमेटी के अध्यक्ष कपिल रस्तोगी, नवनीत मित्तल, आकाशदीप गोयल,पत्रकार मुकेश गोयल, अशोक सैनी, अरुण पुष्पक, ऋषभ सिंगल, और रामपाल प्रजापति सहित अनेक लोगों ने एक दूसरे को गुलाल और रंग लगाकर जुलूस की शोभा बढ़ाई। वही जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।



# वैधानिक कार्रवाई के लिए एसडीएम को भेजी रिपोर्ट।

## पुलिस ने की अवैध खनन पर कार्यवाही,मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा

**दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर किरतपुर।स्थानीय पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया। पुलिस द्वारा मामले की रिपोर्ट एसडीएम नजीबाबाद को वैधानिक कार्रवाई के लिए भेज दी गई है।



सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में लंबे समय से खनन माफिया रात के अंधेरे में सक्रिय है और अवैध रूप से रेत व मिट्टी का खनन कर सरकार को लाखों रुपए को राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे हैं। पुलिस की यह कार्रवाई सराहनीय जरूर है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि कभी कभार की कार्रवाई से खनन माफियाओं पर पूरी तरह लगाम लग पाना मुश्किल है।

क्षेत्र में कई स्थानों पर रात के समय ट्रैक्टर ट्रालियों से अवैध खनन किया जा रहा है। यदि प्रशासन और पुलिस लगातार शक्ति बरतें तो सरकार को होने वाले लाखों रुपए के राजस्व नुकसान को रोका जा सकता है।

स्थानीय लोगों व जानकारों का ने खनन माफियाओं पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाते हुए रात में संयुक्त पुलिस प्रशासनिक अगस्त बढ़ाए जाने की मांग की है।और अवैध खनन में पकड़े गए वाहनों को सीज कर भारी जुमार्ना लगाया जाने की मांग की है। खनन स्थल जैसे ग्राम हुसैनपुर का पूरा क्षेत्र जो मौज्जमपुर पुलिस चौकी में आता है।भनेड़ा चौकी में पड़ने वाला क्षेत्र और नगर में अस्थाई निगरानी और चेकिंग अभियान चलाया जाए।खनन माफिया के मुख्य सरगनाओ पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

अगर पुलिस और प्रशासन इसी तरह लगातार और बड़ी कार्रवाई करते रहे तो क्षेत्र में अवैध खनन पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। वरना खनन माफिया रात के अंधेरे का फायदा उठाकर सरकारी खजाने को चूना लगाते रहेंगे।

अब देखना यह होगा कि पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से खनन माफियाओं पर लगाम लग पाता है या नहीं यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

# बाल रक्षा भारत संस्था द्वारा बच्चों के साथ मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती विकास खण्ड जमुनहा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विकास खंड जमुनहा के विभिन्न विद्यालयों में बाल रक्षा भारत संस्था द्वारा स्थापित STEM लैब के माध्यम से विज्ञान दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना तथा उन्हें आधुनिक युग की तकनीकी एवं प्रयोगात्मक शिक्षा से जोड़ना रहा।

कार्यक्रम के दौरान बाल रक्षा भारत संस्था द्वारा स्थापित STEM लैब में विद्यार्थियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित (STEM) से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई। लैब में उपलब्ध उपकरणों का बच्चों को डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से प्रयोगात्मक रूप से समझाया गया, जिससे उन्हें पुस्तकों से हटकर सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों ने स्वयं उपकरणों का उपयोग कर अनेक वैज्ञानिक अवधारणाओं को समझा और नई जानकारियाँ अर्जित कीं।

इसके साथ ही बच्चों द्वारा चार्ट पेपर पर विज्ञान से संबंधित चित्र भी बनाए गए, जिनमें सौर ऊर्जा, पृथ्वी, जल संरक्षण, वैज्ञानिक उपकरण आदि विषयों को दशार्या गया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ सभी गतिविधियों में भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।






इस अवसर पर पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुनहा (कक्षा 1-8) के प्रधानाध्यापक श्री अकबाल अहमद ने कहा कि बाल रक्षा भारत संस्था द्वारा स्थापित यह STEM लैब हमारे विद्यालय के बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। इसके माध्यम से बच्चे विज्ञान एवं तकनीक से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर रहे हैं, जो आज के आधुनिक युग में बेहद आवश्यक हैं। STEM लैब ने बच्चों की सीखने की क्षमता को बढ़ाया है और उनमें वैज्ञानिक सोच विकसित हो रही है।

विद्यालय के शिक्षकों ने भी बताया कि STEM लैब की स्थापना से बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और वे प्रयोगात्मक गतिविधियों के माध्यम से विषयों को आसानी से समझ पा रहे हैं। विद्यालय परिवार ने बाल रक्षा भारत संस्था के इस सराहनीय एवं दूरदर्शी प्रयास की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त करते हैं।

कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षिक एवं नवाचारपूर्ण कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को निरंतर लाभ मिलता रहेगा।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी जमुनहा, श्री राज किशोर ने कहा कि बाल रक्षा भारत संस्था द्वारा स्थापित स्टेम लैब बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी है और इससे उनके शैक्षिक विकास को नई दिशा मिल रही है।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक का किया आयोजन

- त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस की रहेगी चाक चौबंद व्यवस्था - पुलिस अधीक्षक
- सोशल मीडिया पर रहेगी निगरानी -पुलिस अधीक्षक
- त्योहारों पर कोई नयी परम्परा न डाली जाये - जिलाधिकारी



**समाज जागरण**

बहजोई। जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों, रंग एकादशी, होलिका दहन, होली, रमजान, आदि को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा ने पीस कमेटी के सदस्यों से होलिका दहन स्थलों को लेकर कोई विवाद,अतिक्रमण तथा रास्ता खराब, ढीले एवं नीचे तथा जर्जर तार तो नहीं है उसके विषय में जानकारी प्राप्त की। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि होलिका दहन स्थल पर लेखपाल एवं ग्राम सचिव जाकर निरीक्षण कर लें कहीं कोई व्यवधान तो नहीं है। होली के पर्व पर अवैध शराब की बिक्री ना हो यह सुनिश्चित किया जाए तथा अगर कहीं अवैध शराब की शिकायत प्राप्त हो तो उसकी तत्काल सूचना जिला आबकारी अधिकारी या संबंधित थाने को दें। होलिका दहन स्थल के पास साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। पेयजल एवं विद्युत की सुचारू व्यवस्था को लेकर भी निर्देशित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एम्बुलेंस तथा दवाईयों की पर्याप्त व्यवस्था के लिए निर्देशित किया तथा चिकित्सक भी त्योहारों पर अपने तैनाती स्थल पर रहें यह भी सुनिश्चित किया जाए। अपर जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में निर्वाध रूप से पेयजल आपूर्ति हो अगर कोई हैंड पंप रिबोर होना है तो उसको रिबोर करा लें। डीजे का प्रयोग निर्धारित मानक के अनुसार हो। निर्धारित रुट पर ही होली का जुलूस निकाला जाए।जो परम्परा में नहीं हो उस जुलूस को ना निकाला जाए। होली जुलूस को आयोजक लीड करें, जुलूस को निर्धारित मार्ग से लेकर जाएं तथा वॉलंटियर भी रहें, जुलूस में आयोजक आगे रहें।

पीस कमेटी के सदस्यों से समस्याएं एवं सुझाव प्राप्त किये गये। बदायूं चुंगी चंदौसी के पास बस के खड़े होने तथा त्योहारों पर बैंक एवं एटीएम में पैसे की कमी, सिरसी के मोहल्ला चौधरियान में होलिका दहन स्थल के पास विद्युत तार का नीचे होने तथा सम्भल में पुरानी तहसील के पास सड़क में गडढे होने जैसी समस्याएं रखीं जिसको लेकर जिलाधिकारी ने समस्याओं के निस्तारण को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। धर्मगुरु मुफ्ती अलाउद्दीन काजी ए शहर ने कहा कि अमन और शांति से त्योहार मनाये जाएं। किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देना चाहिए। कमल कांत तिवारी ने कहा कि त्योहार खुशियों का पैगाम लेकर आते हैं। उन्होंने होली एवं रमजान तथा ईद को लेकर शुभकामनाएँ दीं। संजय पोली ने कहा कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली एवं ईद का त्यौहार मनाया जाए। धर्मगुरु जहिरुल इस्लाम एवं तंजीम अशरफ द्वारा भी संबोधित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कानून व्यवस्था सुदृढ़ रहेगी , किसी भी अफवाह पर ध्यान न दिया जाए अगर कोई अफवाह फैलाता पाया गया उस पर कड़ी कार्यवाही संज्ञान में लायी जाएगी। त्योहारों पर कोई भी नयी परम्परा न डाली जाए। पुलिस की चाकचौबंद व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि जनपद में 64 जुलूस एवं शोभायात्रा निकाली जाएंगी जनपद में 1215 होलिका दहन स्थल हैं तथा 17 मेले लगेंगे,पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था है। पुलिस अधीक्षक द्वारा मेला स्थलों के भ्रमण से संबंधित थानाध्यक्षों से जानकारी प्राप्त की। सोशल मीडिया पर भी निगरानी रहेगी तथा कोई भी भ्रामक पोस्ट दिखे तो उसकी तत्काल सूचना दी जाए। अगर कोई भ्रामक पोस्ट करता है तो उस पर कड़ी कार्यवाही संज्ञान में लायी जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी गण मौके पर जाकर व्यवस्थाओं को देख लें अगर कोई व्यवधान उत्पन्न होता है तो उसकी सूचना तत्काल उच्च अधिकारी को दें। त्योहारों पर कोई नयी परम्परा न डाली जाए । सौहार्द का संदेश दें। रात्रि 10 बजे के बाद शोरगुल ना हो डीजे मानक के अनुसार बजें। जनपद में कोई अवैध शराब न बिके उस पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि होली पर्व के बाद साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज,उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, डिप्टी कलक्टर विकास चन्द,क्षेत्राधिकारी चंदौसी दीपक तिवारी, क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ प्रदीप कुमार सिंह एवं समस्त क्षेत्राधिकारी तथा संबंधित अधिकारी तथा पीस कमेटी के सदस्य अखिल भारतीय युवा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सागर गुप्ता, एवं अखिल भारतीय युवा व्यापार मण्डल के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी एवं सम्भ्रान्त नागरिक आदि उपस्थित रहे।

# अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने आज मुंबई में जियो पारसी सलाहकार समिति की दूसरी बैठक आयोजित की

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के सचिव डॉ. चंद्र शेखर कुमार की अध्यक्षता में आज मुंबई में जियो पारसी सलाहकार समिति की दूसरी बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, महाराष्ट्र और गुजरात के अल्पसंख्यक कल्याण विभागों के प्रतिनिधियों, मुंबई और गुजरात की पारसी पंचायतों के सदस्यों और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।



बैठक के दौरान, पारसी जनसंख्या में गिरावट के कारणों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया, जिनमें जनसांख्यिकीय रुझान, देर से विवाह, सामाजिक-आर्थिक चुनौतियाँ और बदलते सामाजिक स्वरूप शामिल थे। हितधारकों ने समन्वित नीतिगत समर्थन और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से इन मुद्दों के समाधान के लिए सुझाव साझा किए।

समिति ने पारसी समुदाय में समय पर और शीघ्र विवाह को बढ़ावा देने के तरीकों पर भी चर्चा की। इनमें जागरूकता अभियान को मजबूत करना, परामर्श और विवाह संबंधी सहायता प्रणालियों का विस्तार करना, पंचायतों और संस्थानों के माध्यम से सामुदायिक स्तर पर भागीदारी को प्रोत्साहित करना और पारसी युवाओं तथा परिवारों के बीच संपर्क प्रयासों को बढ़ाना शामिल था। सचिव ने दीर्घकालिक सामुदायिक स्थिरता सुनिश्चित करने में आर्थिक सशक्तिकरण के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने पारसी समुदाय के सदस्यों, विशेषकर युवाओं और महिलाओं को एनएमडीएफसी द्वारा स्टार्टअप, स्वरोजगार और कौशल-आधारित उद्यमों के लिए प्रदान किए जाने वाले रियायती ऋणों और उद्यमिता सहायता का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

बैठक में जियो पारसी योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई, जो पारसी समुदाय की जनसंख्या को बढाने के उद्देश्य से शुरू की गई एक अनूठी केंद्रीय क्षेत्र योजना है। यह योजना प्रजनन उपचारों से संबंधित चिकित्सा सहायता, बाल देखभाल सहायता, जागरूकता कार्यक्रमों तथा परिवार निर्माण और जनसंख्या स्थिरीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए बनाई की गई सामुदायिक पहलों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

इन चचाओं में भारत सरकार की इस प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई कि वह लक्षित समाधानों और हितधारकों के साथ निरंतर सहयोग के माध्यम से पारसी समुदाय की समृद्ध विरासत, जनसांख्यिकीय जीवंतता और सामाजिक-आर्थिक कल्याण को संरक्षित और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने आईआईएमसी के 57वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की; नए शैक्षणिक ब्लॉक की नींव रखी

भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी), मानद विश्वविद्यालय का 57वां दीक्षांत समारोह आज इसके नई दिल्ली परिसर में हुआ। जनवरी 2024 में आईआईएमसी कोमानद विश्वविद्यालय (डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी) का दर्जा मिलने के बाद स्नातक होने वाले बैच का यह पहला दीक्षांत समारोह है।

माननीय उप राष्ट्रपति इस अवसर पर मौजूद रहे। उन्होंने नए शैक्षणिक ब्लॉक की नींव रखी, जिससे संस्थान में बड़ा अवसंरचना विस्तार होगा।

भारतीय जन संचार संस्थान के 57वें दीक्षांत समारोह में, उप राष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि पत्रकारिता को चुनौतियों को नजर-अंदाज नहीं करना चाहिए, बल्कि उसे तरक्की और राष्ट्र निर्माण की कोशिशों पर भी उतना ही बल देना चाहिए। पत्रकारिता, विज्ञापन और पब्लिक रिलेशन्स के स्नातक हो रहे विद्यार्थियों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कम्युनिकेटर उम्मीदों को आकार देते हैं, देश की प्राथमिकताओं को बढ़ाते हैं और ऐसी कहानियाँ बनाते हैं जो तरक्की को प्रेरित करती हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रचनात्मकता सिर्फ. वाणिज्यिक साधन नहीं है, बल्कि बदलाव और सामाजिक बदलाव के लिए उत्प्रेरक है। उप राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी, प्लेटफॉर्म और मीडियम बदलते रहेंगे, लेकिन पत्रकारिता और संचार के मुख्य मूल्य, सटीकता, निष्पक्षता, ईमानदारी और जवाबदेही से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने स्नातकों से उद्देश्य पर आधारित संचार को बनाए रखने और विश्वसनीय एवं सबको साथ लेकर चलने वाला समावेशी भारत बनाने में योगदान देने की अपील की।




उपस्थित लोगों को संबोधन में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और रेल मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आईआईएमसी भारत के प्रमुख संस्थानों में से एक है, जहां प्लेसमेंट दर बहुत अधिक है और यहां के स्नातकों की मीडिया उद्योग में व्यापक मांग है।

श्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि अगले शैक्षणिक सत्र से, आईआईएमसी पत्रकारों के लिए फेलोशिप कार्यक्रम शुरू करेगा, ताकि प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और रणनीति जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल की जा सके और अनुसंधान एवं क्षेत्र विशेषज्ञता को बढ़ाया जा सके। मंत्री ने आईआईएमसी में इनक्यूबेटर की स्थापना की भी जानकारी दी। उन्होंने भारतीय लोक कथाओं को प्रौद्योगिकी-संचालित कहानी कहने के प्रारूपों में बदलने वाले स्टार्ट अप सहित अभिनव स्टार्टअप की सराहना की। उन्होंने भारत के भविष्य के प्रक्षेपवक्र को आकार देने में जन भारत के महत्व पर बल दिया।

इस समारोह में, छह परिसरों के नौ पी जी डिप्लोमा प्रोग्राम के 509 विद्यार्थियों को डिप्लोमा प्रदान किए गए। टॉपर्स को कुल 35 मेडल दिए गए, जिनमें 23 नकद पुरस्कार के साथ थे। ग्रेड और क्रेडिट सिस्टम के तहत मार्कशीट डिजीलॉकर के जरिए उपलब्ध कराई गई हैं।

आईआईएमसी अभी आठ पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम और कई एमए प्रोग्राम चलाता है, जिसमें 2026-27 तक तीन नए एमए कोर्स शुरू किए जाएंगे।

# स्कूटी के ब्रेक जाम होने से गिरी बेटे की मौत, मां गंभीर

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा स्कूटी के अचानक ब्रेक जाम होने के कारण हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।दिल्ली के खजूरी खास निवासी प्रमिला पत्नी कपिल अपने 19 वर्षीय पुत्र किशन के साथ स्कूटी पर सवार होकर शामली जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित गांव सिम्भालखा में अपने मायके आई हुई थीं। शनिवार को मां-बेटा स्कूटी से वापस दिल्ली लौट रहे थे। जैसे ही वह थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर पहुंचे, अचानक स्कूटी के ब्रेक जाम हो गए।स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों की सूचना पर पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस कर्मचारियों की मदद से दोनों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने 19 वर्षीय किशन को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्रमिला की हालत को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।हादसे की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। मृतक किशन की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घायल महिला के भाई मनोज ने बताया कि उसकी पत्नी की तबीयत खराब थी, जिसके चलते प्रमिला हाल-चाल जानने के लिए मायके आई थीं और वापस लौटते समय यह हादसा हो गया।पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# थाना समाधान दिवस आयोजित मे आई चार शिकायत टीम गठित

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



शासन के निदेर्शानुसार शनिवार को थाने में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने की। समाधान दिवस में क्षेत्र से कुल चार शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।समाधान दिवस के दौरान कस्बा निवासी तनवीर ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि सलेमपुर मार्ग स्थित बंजर की भूमि पर कुछ लोगों ने कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार कर कब्जा कर लिया है और अपने नाम बेनामा करा लिया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की।गांव नाला निवासी रीना ने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाली महिला कविता आए दिन दुकान के मामले को लेकर विवाद और झगड़ा करती रहती है, जिससे परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।सल्फा निवासी रूपचंद ने शिकायत दी कि उनके पड़ोसी रामकुमार ने सरकारी पट्टे की भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। इसके अलावा एलम निवासी कुबेरदत्त ने आरोप लगाया कि उनके पड़ोसी ने सरकारी चकरोड को काटकर अपने खेत में मिला लिया है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने सभी शिकायतों पर राजस्व टीम एवं पुलिस टीम गठित कर निर्देश दिए कि मौके पर जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह स्मृति भवन में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शनिवार को अखिल भारतीय श्री महर्षि कश्यप विकास चौरिटेबल ट्रस्ट
के तत्वावधान में चौधरी चरण सिंह स्मृति भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एमएलसी किरणपाल कश्यप ने त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया।
शहर के माजरा रोड स्थित चौधरी चरण सिंह बारातघर में आयोजित समारोह की अध्यक्षता सुरेन्द्र कश्यप कुडाना ने की। एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करके हुए कहा कि होली को प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाये। कहा कि समाजवादी पार्टी अगड़े, पिछड़े और दलित वर्गों की हितैषी पार्टी है, जहां सभी को सम्मान मिलता है। उन्होंने कार्यकताओं से विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर कार्य करने का भी आहवान किया। वक्ताओं ने पार्टी हाईकमान से कश्यप समाज के लोगों को राजनीति में आगे करने का आहवान किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने एमएलसी के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तक अपनी मांग पहुंचाने का अनुरोध किया। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कश्यप समाज को कम से कम सात विधानसभा टिकट देने की मांग रखी। उन्होंने आश्वासन दिया कि कार्यकताओं की मांग राष्ट्रीय नेतृत्व तक पहुंचाई जाएगी। कार्यक्रम का समापन होली की शुभकामनाओं और आपसी सद्भाव के संदेश के साथ हुआ। इस अवसर पर संजीव राठी, गौरव कश्यप, शिवचरण कश्यप प्रधान खानपुर, सूर्यप्रताप कश्यप तितारसी, जगमेहर प्रधान मनमंटी हसनपुर, जयपाल कश्यप सोहजनी उमरपुर, अरविन्द कश्यप मानकपुर, पाल सिंह, डा. अनुज सैनी, डा. नीरज, डा. राजकुमार कश्यप, सुरेनद्र कश्यप, भुटटू, धीरज तोमर, रविन्द्र प्रधान जोगी आदि मौजूद रहे।

# पवित्र माह रमजान का पहला असरा पूरा, देश में भाईचारे और अमन के लिए मांगी दुआ

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शनिवार को माहे रमजान का पहला अशरा पूरा होने के साथ ही मस्जिदों में दस दिनों की तराविह पूरी होने पर दुआ कराई गई। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर आयोजित जलसों में खुदा से देश में भाईचारा और अमन कायम रखने की दुआ मांगी गई।
शनिवार मुस्लिमों ने माहे रमजान का दसवा रोजा रखा और दिनभर खुदा की ईबादत की। वही रविवार देर रात्रि माहे रमजान की 10वी तराविह पूरी होने के साथ ही शहर की विभिन्न मस्जिदों व घरों में जलसों का आयोजन किया गया। शहर के मोहल्ला काजीवाडा में मौलाना अययूब ने दस दिनों की तराविह पूरी कराई। जहां जामा मस्जिद के शाही ईमाम मौलाना शौकीन ने देश में अमन चैन कायम रखने और देश की तरक्की की दुआ कराई। इस दौरान मिष्ठान भी वितरित किया गया। मौके पर मौलाना साजिद कासमी, कारी शमीम, नदीम चौधरी मौजूद रहे। वही शहर के दिल्ली रोड स्थित मस्जिद में भी दस दिनों की तराविह पूरी होने पर हजरत मौलाना तहसीन ने दुआ कराई। यहां सैकडों की संख्या में मुस्लिमों ने दुआ में भाग लिया। मौके पर देश की खुशहाली की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर मुहम्मद उमेर, मुफ्ती साजिद, कारी शमशाद, कारी मुनीर, हाजी जहूर हसन, कारी शमीम, मौलाना अब्दुल वाजिद आदि मौजूद रहे।

# रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन, प्रतिभागी सम्मानित

**समाज जागरण**



कैराना। विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
में आयोजित रोवर्स रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।
शनिवार को अंतिम दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. हरेंद्र सिंह, डॉ. राकेश कुमार और डॉ. रमेश यादव ने मां सरस्वती के समक्ष पुष्पार्चन कर किया। कशिश ने स्वागत गीत तथा पीनू कुमार ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। टेंट प्रतियोगिता में हरियाणा टीम प्रथम, राजस्थान द्वितीय और उत्तर प्रदेश तृतीय रहे, जबकि पंजाब व तमिलनाडु को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में यूपी के गोयल प्रथम, राजस्थान की आयशा व सानिया द्वितीय, पंजाब के सचिन व अंशिका तृतीय तथा गुजरात के प्रिंस को सांत्वना पुरस्कार मिला। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में सायमा प्रथम, गोयल द्वितीय और सानिया तृतीय रहीं। जकिया, कशिश, जावेद, खुशी, सचिन और दिव्या को भी मेडल प्रदान किए गए। बेस्ट क्रिएटिविटी के लिए मुस्कान व सानिया को सम्मानित किया गया। फोटोग्राफी, वीडियो मेकिंग एवं प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए सचिन अग्रवाल को बेस्ट रोवर तथा रामावतार को बाह्य प्रबंधन के लिए पुरस्कृत किया गया।

# मजदूर की मौत के मामले में ई–रिक्शा चालक पर मुकदमा

**समाज जागरण**

कैराना। मजदूर की मौत के मामले में मृतक के पिता की ओर से ई–रिक्शा चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। बाबरी थाना क्षेत्र के गांव हिरणवाड़ा निवासी मोजुद्दीन ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि 21 फरवरी की सुबह करीब साढ़े बजे उसका बेटा राशिद कांधला से मजदूरी करने के लिए ई–रिक्शा में सवार होकर कैराना आ रहा था। कांधला बस स्टैंड के पास ई–रिक्शा चालक ने लापरवाही से तेजी से वहां खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मार दी, जिससे उसके बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाया हुनर

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**




नगर के सेंट्र द्रोण पब्लिक स्कूल में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी एवं अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और नवाचार का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रदर्शनी में प्रस्तुत मॉडलों और प्रयोगों ने अभिभावकों एवं अतिथियों को काफी प्रभावित किया।कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रबंधक इंजीनियर अमन शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्रियां प्राप्त करना नहीं, बल्कि बच्चों के भीतर छिपी जिज्ञासा को जागृत करना और उन्हें प्रयोगात्मक माध्यम से सीखने के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि आज के तकनीकी युग में वही छात्र आगे बढ़ते हैं, जो पुस्तकीय ज्ञान को व्यवहारिक जीवन में लागू करने की क्षमता रखते हैं।स्कूल के अकाउंटिंग ऑफिसर अभय हुड्डा ने अभिभावकों और शिक्षकों के बीच अपने विचार साझा करते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा बच्चों को ऐसा मंच देने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां वे अपनी नई सोच और प्रतिभा को खुलकर अभिव्यक्त कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा की प्रक्रिया में शिक्षक और अभिभावक दोनों की समान भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान नेहा, एकता, शिवानी, इति, अंशु, साक्षी, पिंकी, शुभम, हुसैन, जितेंद्र, वरुण, भूरा, अमन, सौरव, आरिज सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# शहर के चहुंमुखी विकास के लिए एक अरब 37 करोड़ का बजट पास

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शहर के चहुंमुखी विकास और सौंदर्यकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए नगर पालिका की बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1 अरब 37 करोड़ रुपये का प्रस्तावित बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता पालिका चेयरमैन अरविंद संगल ने की।
पालिका सभागार में आयोजित बैठक में प्रस्ताव एक के तहत प्रस्तुत बजट को करतल ध्वनि के साथ मंजूरी दी गई। चेयरमैन ने कहा कि करीब 48 करोड़ रुपये की लागत से शहर के प्रमुख मार्गों, नालों और सार्वजनिक स्थलों का विकास कर शामली की सूरत बदली जाएगी।
बैठक में स्वःकर निर्धारण प्रणाली के तहत भवनकर व जलकर जमा करने में आ रही समस्याओं पर चर्चा हुई। जनहित में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 31 मार्च 2026 तक 10 प्रतिशत छूट देने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया, जिससे नागरिकों को राहत मिलेगी। चेयरमैन ने बताया कि मुख्य मार्गों के डिवाइडरों के सौंदर्यकरण व लाइटिंग के लिए 2 करोड़ रुपये से की जायेगी। वार्ड 3 और 4 में एक-एक बारात घर का निर्माण 2 करोड़, रविदास मंदिर स्थित सामुदायिक केंद्र की दूसरी मंजिल पर हॉल निर्माण एक करोड, काका नगर में सामुदायिक केंद्र निर्माण एक करोड, पंडित दीनदयाल योजना के तहत लगभग 4 करोड़ के विकास कार्य, नगरीय पेयजल योजना में 2 करोड़ से ट्यूबवेल उपकरण, सबमर्सिबल व ऑटोमेटिक पैनल, मल्टीलेयर पार्किंग के लिए 2 करोड़ का प्रावधान, प्रमुख स्थानों पर वाटर कूलर लगाने के लिए 1 करोड़, सड़कों के सुदृढ़ीकरण व वार्ड विकास कार्यों के लिए लगभग 15 करोड़ की कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके अलावा पार्कों के सौंदर्य करण 2 करोड़, धार्मिक स्थलों के विकास 2 करोड़, नए बस स्टैंड 2 करोड़, छात्राओं के लिए डिजिटल लाइब्रेरी 2 करोड़, ओपन जिम 1 करोड़, तिरंगा चौक एक करोड़, पालिका के नए भवन 7 करोड़ और नमो पार्क 2 करोड़ के प्रस्ताव भी पारित किए गए। इस अवसर पर ईओ विनोद सोलंकी, सभासद रोबिन गर्ग, साजिद, सेठपाल, गुलजार मंसूरी, संदीप कुमार, बॉबी, निशीकांत संगल, विनोद तोमर आदि मौजूद रहे।

# इफको के सहयोग से सहकारी कार्यकताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग)सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड शामली पर इफको के सहयोग से सहकारी कार्यकताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला गन्ना अधिकारी रणजीत सिंह कुशवाहा ने की। डीसीओ रणजीत सिंह कुशवाहा ने बसंतकालीन गन्ना फसल की बुवाई के दौरान किसानों को नैनो उर्वरकों के प्रयोग की विधि और लाभ समझाने तथा इसके प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। इफको के उप महाप्रबंधक ब्रजवीर सिंह ने बताया कि गन्ने के बीज को प्रति लीटर पानी में 10 मिलीलीटर नैनो डीएपी एवं जैविक कंसोर्टिया से उपचारित कर बुवाई करनी चाहिए। साथ ही नैनो यूरिया प्लस, नैनो जिंक और नैनो कॉपर के प्रयोग की जानकारी दी। क्षेत्र प्रबंधक विवेक सिंह ने दानेदार उर्वरकों व रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से मिट्टी और फसल पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। उन्होंने संतुलित मात्रा में उर्वरक उपयोग करने की सलाह दी और खड़ी फसल में नैनो डीएपी व सागरिका का छिड़काव करने से बेहतर अंकुरण और अधिक कल्ले निकलने की जानकारी दी, जिससे उत्पादन में वृद्धि संभव है। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक डीएन पाण्डेय ने नैनो उर्वरकों को भविष्य का उर्वरक बताते हुए कर्मचारियों से किसानों के बीच जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। शिक्षण में सचिव ओम प्रकाश सिंह, गन्ना समिति ऊन के सचिव अजीत सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक प्रेम नारायण शुक्ला, डीएन पाण्डेय मौजूद रहे।

# सती मंदिर में फाल्गुन एकादशी के मौके पर फाल्गुन महोत्सव का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली। देर रात्रि शहर के मोहल्ला पंसारियान स्थित सती मंदिर में फाल्गुल एकादशी के अवसर पर फाल्गुन महोत्सव मनाया गया। इस दौरान शहर के भजन गायकों ने बाबा श्याम के सुंदर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। शुक्रवार देर रात्रि शहर के श्री श्याम मंदिर सती वाला में ओम श्री बाबा श्याम परिवार सेवा समिति द्वारा फाल्गुल एकादशी के अवसर पर फाल्गुन महोत्सव धूमधाम एवं भक्ति भावना के साथ मनाया गया। इस दौरान बाहर से आये भजन गायक अनुराग मित्तल भिवानी, गौरव दिल्ली ने बाबा के सुंदर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। वही देर रात बाबा श्याम की महाआरती की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ उठाया। बाद में प्रसाद भी वितरित किया गया। नमन गोयल, और नमन कुच्छल ने बाबा का श्रृंगार किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सचिन जिंदल, विकास गर्ग, सचिन तायल, मनीष तायल, नितिन जिंदल, विकास गोयल, सचिन तायल, दिनेश जिंदल, नितेश जिंदल, अखिल तायल, सचिन गोयल, नीरज गोयल, संदीप गोयल, सुनील गोयल आदि मौजूद रहे।

# शेयर बाजार में बोनस का धमाका! अगले हफ्ते इन दो कंपनियों के निवेशकों की लगेगी लॉटरी, जानें डिटेल

भारतीय शेयर बाजार में अगले हफ्ते निवेशकों के लिए खुशियों की खबर आने वाली है। अगर आप शेयर मार्केट में निवेश करते हैं और पोर्टफोलियो में ज्यादा शेयर देखना पसंद करते हैं, तो 6 मार्च का दिन आपके लिए काफी अहम होने वाला है। अगले हफ्ते के आखिरी कारोबारी सत्र में दो दमदार कंपनियां अपने शेयरहोल्डर्स को बोनस शेयर (Bonus Issue)) का तोहफा देने जा रही हैं।




आमतौर पर कंपनियां अपने निवेशकों को रिवॉर्ड देने या बाजार में अपने शेयरों की लिक्विडिटी (तरलता) बढ़ाने के लिए बोनस इश्यू का सहारा लेती हैं। इस लिस्ट में जो दो नाम शामिल हैं, वे हैंLKP Finance LtdऔरSilver Touch Techn ol ogies Ltdı इन दोनों ही कंपनियों ने अपनी रिकॉर्ड डेट और एक्स-डेट तय कर दी है।
निवेश के बदले मिलेगा फ्री शेयर का बड़ा फायदा सबसे पहले बात करते हैं LKP Finance Ltd की। फाइनेंस सेक्टर की इस दिग्गज कंपनी ने अपने निवेशकों के लिए छप्परफाड़ बोनस का ऐलान किया है। कंपनी 4:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करने जा रही है। इसका सीधा मतलब यह है कि अगर आपके पास इस कंपनी का 1 शेयर है, तो आपको कंपनी की तरफ से 4 शेयर बिल्कुल मुफ्त दिए जाएंगे। इस तरह आपके कुल शेयरों की संख्या बढ़कर 5 हो जाएगी। स्टॉक मार्केट डेटा के अनुसार, इस बोनस इश्यू के लिए 6 मार्च 2026 की तारीख को एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट के रूप में तय किया गया है।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र निवासी किशोरी के साथ पड़ोसी व्यक्ति द्वारा किए गए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया और किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी




महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री पशुओं की देखरेख करने के लिए अपने घेर में गई हुई थी।वापस आते समय पड़ोसी व्यक्ति विपिन ने किशोरी को बहाने से अपने घर में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। किशोरी ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को बताई थी परिजनों ने थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। शनिवार को पुलिस ने आरोपी विपिन को दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष जेल भेज दिया है और किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

# किसान के पॉपलर के पेड तोड़े, हजारों का नुकसान

**समाज जागरण कांधला।**

दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित एक किसान की जमीन में लगाए गए पॉपलर के पेड़ों को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़े जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।थाना क्षेत्र के गांव पंजोखरा निवासी किसान गुलाब सिंह ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि करीब दस दिन पूर्व उन्होंने अपने खेत में पॉपलर के पेड लगाए थे। आरोप है कि रात्रि के समय अज्ञात व्यक्ति खेत में घुस आए और लगाए गए पेडों को तोड़कर नष्ट कर दिया। जिस कारण किसान को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।किसान गुलाब सिंह ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। पिछले एक महीने में वह तीसरी बार अपने खेत में पॉपलर के पेड लगा चुके हैं, लेकिन हर बार अज्ञात लोग पेड़ों को तोड़कर नुकसान पहुंचा देते हैं। लगातार हो रही इस घटना से किसान मानसिक रूप से भी परेशान है।पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# नेशनल लेवल ओलंपियाड प्रतियोगिता आयोजित

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के सेंट आरसी कांवेंट स्कूल में लायंस ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित नेशनल लेवल ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या उज्मा जैदी ने कहा कि श्रेष्ठ से सर्वश्रेष्ठ



की ओर बढ़ना ही जीवन का लक्ष्य है। विद्यालय विद्यार्थियों को केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि उत्कृष्टता की संस्कृति के लिए तैयार करता है। उन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि राष्ट्रीय मंच पर भी छात्र अनुकरणीय प्रदर्शन कर विद्यालय व परिवार का नाम रोशन करेंगे। उप प्रधानाचार्य रविंद्रपाल सिंह मलिक ने बताया कि लायंस ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा देश को विभिन्न रीजन में विभाजित कर चरणबद्ध परीक्षाएं आयोजित की गईं। चयनित विद्यार्थियों में अनंत, अतीश राणा, अदिति आर्य, हर्षित सिंह, शिवांगी चौधरी, अंश मित्तल, मानवी चौधरी, अधिराज जनमेजय, रूही गर्ग, यूर्वी गर्ग शामिल है। इस अवसर पर अरविंद शर्मा, अरविंद चौधरी, हरि ओम वत्स, अनुपम मित्तल, मनीष मित्तल, पंकज गोयल, अभिषेक वर्मा, गौरव अग्रवाल और दीप्ति पांडेय उपस्थित रहे।

# छात्र छात्राओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर दी होली की बधाई

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में होली का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली और आनंद लिया। प्रधानाचार्य संजय सैनी ने कहा कि होली प्राकृतिक और सुरक्षित रंगों से खेलनी चाहिए। पक्के



और हानिकारक रंगों से बचते हुए आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ त्योहार मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि होली आपसी भेदभाव मिटाने और गले मिलकर मतभेद दूर करने का पर्व है। कक्षा 8 के विद्यार्थियों का विदाई एवं आशीर्वाद समारोह भी आयोजित किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। आशीर्वचन और गीतों के माध्यम से विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई परिश्रम और लगन के साथ करने का संदेश दिया गया। मौके पर विवेक संगल, पल्लवी ऐरन, रविंद्र कुमार, सुधीर कुमार, आशीष जैन, मोहित कुमार, रवि कुमार, राजीव शर्मा, शिवकुमार धीमान, सोमदत्त शर्मा मौजूद रहे।

# नन्हे मुन्ने बच्चों ने रंग बिरंगे गुलाल से खेली होली, भाईचारे का दिया संदेश

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के बीएसएम विद्यालय परिसर में शनिवार को होली का पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगे गुलाल से होली खेलकर आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया



सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह और उप प्रधानाचार्या आशु पंडित ने किया। विद्यार्थियों ने होली पर आधारित गीत, कविताएं और नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि होली प्रेम, सद्भाव और संस्कारों का पर्व है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्राकृतिक रंगों से होली खेलने, पानी की बचत करने और मयार्दा बनाए रखने की सीख दी। विद्यालय प्रबंधन ने भी सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली मनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरित किया गया।

# वेतन की मांग को लेकर कर्मचारियों का पालिका में प्रदर्शन

**सभासद और कर्मचारियों ने पालिका में नारेबाजी, गुंडागर्दी का आरोप**
**सभासद से बोले ईओ गुंडागर्दी न कर, तेरे बाप का नहीं है कार्यालय**
**चेयरमैन ने ईओ पर लगाया 14 फर्जी कर्मचारियों की नियुक्ति का आरोप**
**डीएम और कमिश्नर से कर चुके है शिकायत, मुख्यमंत्री से करेंगे मुलाकात**

**समाज जागरण बागपत।**
नगरपालिका के कर्मचारियों ने शनिवार को सभासद संजय रुहेला के साथ नगर पालिका में धरना दिया। मौके पर पहुंचे ईओ ने सभासद को जमकर लताड़ लगाई। धरने में पहुंचे ईओ ने सभासद को कहा कि यहां



गुंडागर्दी न कर ये तेरे बाप का कार्यालय नहीं है। यहां का हेड ऑफ डिपार्टमेंट में हु और जब तक यह मेरी नियुक्ति है। मेरा अधिकार है। इस कार्यालय का मालिक में हु। वह कर्मचारियों की वेतन की फाइल पर हस्ताक्षर कर चुके है मगर तेरे जैसे लोग कर्मचारियों को धरने पर लेकर बैठे है। तुम बड़े नेता हो, तू खुद धरना देने के लिए कर्मचारियों को लेकर आया है। तु नगर पालिका में कर्मचारियों को काम करने का बजाय उन्हें धरने पर लेकर बैठा है। बल्कि इन्हें धरने पर लेकर बैठा है तुम धरना देने के लिए कर्मचारियों को जबरन नगर पालिका आए हो।

शनिवार को नगर पालिका के कर्मचारियों ने सभासद संजय रुहेला के साथ वेतन की मांग को लेकर नगर पालिका में धरना प्रदर्शन किया। उन्होने नगर पालिका में नारेबाजी कर वेतन का भुगतान कराने मांग की मांग है। उनका कहना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने होली से पहले कर्मचारियों को वेतन भुगतान करने के निर्देश दिए है। इसके बावजूद नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों का 3 माह से वेतन नहीं दिया गया है। होली और रमजान का त्यौहार नजदीक है। वेतन का भुगतान न होने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है। वेतन के मांग को लेकर नगर पालिका के चक्कर लगाने के लिए कर्मचारी विवश है। धरने में पहुंचे संजय रुहेला जमकर फटकार लगाई और कहा कि इस कार्यालय का अधिकारी मैं हूं ना कि तू कार्यालय तेरे हिसाब से नहीं मेरे हिसाब से चलेगा।

नगर पालिका अध्यक्ष रोजुद्दीन ने बताया कि इतना महान निकम्मा अधिशासी अधिकारी है
कि जनप्रतिनिधि सभासद के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। और कहता है कि यह कार्यालय मेरा है और में इसका मालिक हु। 14 फर्जी कर्मचारियों की फाइल पर हस्ताक्षर कर कर्मचारियों का वेतन निकाल ले। इसकी जांच भी चल रही है। उन्होंने कहा है कि इस बारे में डीएम और मंडलायुक्त से शिकायत कर चुके हैं और जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलेंगे। सभासद संजय रुहेला का कहना है कि नगर पालिका में आउटसोर्सिंग पर लगाए गए कर्मचारियों को तीन महीने से वेतन नहीं मिला हुआ है। त्यौहार चल रहे हैं ऐसे में कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वेतन का भुगतान न होने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है। नगरपालिका कर्मचारियों की समस्या का समाधान करने के बजाय उल्टे उन्हें ही डांट रहे है। उन्होंने शासन और प्रशासन से कर्मचारियों का वेतन का भुगतान कराने की मांग की।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**समाज जागरण**

बड़ौत। राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत समापन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह शिविर पूरे सप्ताह सामाजिक सेवा,
जागरूकता कार्यक्रमों, स्वच्छता अभियान, महिला सशक्तिकरण, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा नैतिक मूल्यों के विकास जैसे विविध कार्यक्रमों के
माध्यम से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समापन दिवस पर स्वयंसेवकों के उत्साह, अनुशासन एवं समर्पण की भावना विशेष रूप से देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। श्रेष्ठ स्वयंसेविका के रूप में मेघा तोमर को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान



किया गया। इसके अतिरिक्त साजिया एवं प्रिया राठी के समूह को भी सात दिवसीय शिविर के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन एवं टीम वर्क के लिए पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण के इस अवसर पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने जोरदार तालियों से सम्मानित स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनता वैदिक कॉलेज के प्राचार्य वीरेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज सेवा, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में आर्य समाज के प्रधान व स्कूल प्रबंधक डॉ गौरव तोमर ने योग के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योग अभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य उत्तम रहता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता एवं आत्मबल भी बढ़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में योग को अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ गीता रानी , डॉ योगेश कुमार तथा डॉ अम्बुज कुशवा ने भी अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए। उन्होंने सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, सहयोग की भावना तथा नेतृत्व कौशल का विकास करते हैं। कार्यक्रम के दूसरे चरण में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें नृत्य, भाषण एवं सामाजिक विषयों पर आधारित नाटक शामिल थे। स्वयंसेवकों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाटक के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं जागरूकता की आवश्यकता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी सरिता ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को नैतिक गुणों, अनुशासन, ईमानदारी एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एक सच्चा स्वयंसेवक वही है जो सेवा, समर्पण और सद्भावना को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाए। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को भविष्य में भी समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। सात दिवसीय विशेष शिविर का यह समापन समारोह उत्साह, प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## व्यंजन बनाओं प्रतियोगिता का आयोजन

होली पर्व को प्रेम और भाईचारे के साथ मनाये - डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी

**समाज जागरण**
बागपत। होली पर्व के अवसर पर मां अम्बा बालिका डिग्री कालिज ग्वालीखेडा में व्यंजन बनाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में निर्णायकों ने निर्णय



लेते हुए आभा गर्ग को प्रथम, इरमजहां को द्वितीय व वन्दना को तृतीय स्थान के लिए चुना। कॉलेज प्रबंधक ब्रजपाल सिंह शास्त्री ने सभी प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली पर्व को सभी सौहार्द से मनाए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी ने भी सभी प्रतियोगिताओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि होली पर्व को सभी भाईचारे के साथ मनाए। इस अवसर पर डॉ रवि पवार, डॉ शबाना, देशपाल तोमर, डॉ गीता, योगेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वागत की तैयारी

**समाज जागरण**
बागपत। भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के स्वागत के लिए भाजपा कार्यकताओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा ने कहा कि होली के पश्चात भाजपा जिला कार्यालय पर नीरज शर्मा को जिलाध्यक्ष बनने के प्रथम आगमन पर उनका भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया जायेगा। सभी



कार्यकर्ता उनका फुल मालाओ से स्वागत करेंगे। पूर्व नगर अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि पार्टी द्वारा पुराने कार्यकर्ता को जिम्मेदारी देकर कार्य कताओं का मान बढ़ाने का काम किया है, निश्चित रूप से ही उनके जिलाध्यक्ष बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा के स्वागत की तैयारी के लिए चर्चा की और उनके नेतृत्व में पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुन्दर धामा, अमित उपाध्यक्ष, रविन्द्र आर्य, सुनील दीक्षित, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, नगर उपाध्यक्ष राजगोपाल कश्यप, दीपक शर्मा, सौरभ सैनी आदि मौजूद रहे

## समाजसेवी वीरेंद्र यादव ने की एम एल सी श्रीचंद शर्मा से शिष्टाचार भेंट

**समाज जागरण बागपत।**
महादेवी इंटर कॉलेज गोना के चेयरमैन एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी वीरेंद्र यादव ने शिक्षक एमएलसी श्रीचंद शर्मा से अपने साथियों के साथ उनके धूम मानिकपुर स्थित आवास पर मुलाकात की और उन्हें होली पर्व की



शुभकामनाएं दी। साथ ही उनका पटका पहनाकर सम्मान किया और उन्हें हनुमान चालीसा भेंट की। श्रीचंद शर्मा ने उनका सम्मान सहर्ष स्वीकार किया। कहा कि शिक्षको व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उन्हें आकर जो सम्मान दिया है, वह उसे कभी नहीं भूला पाएंगे। वीरेंद्र यादव ने श्रीचंद शर्मा को अपने स्कूल में आने का न्योता दिया, जिस पर श्रीचंद शर्मा ने कहा कि जब भी समय मिलेगा तो मैं स्कूल जरूर आऊंगा।

## गुफा मंदिर मेला : होली पर हाईवे पर बंद रहेगा वाहनों का आवागमन

**-पुलिस ने की हाईवे डायर्वजन की एडवाइजरी की जारी**
**-कई राज्यों से पहुंचते है श्रद्धालु**

**समाज जागरण बागपत।**
गुफा मंदिर पर चलने वाले होली मेले को लेकर पुलिस ने मार्ग डायवर्जन की एडवाइजरी जारी कर दी है। मेले के दौरान 28 फरवरी की रात से चार मार्च की सुबह तक मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। मेले के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। होली और दीवाली के त्योहार पर गुफा मंदिर मेले में बागपत के अलावा आस-पास के जिले और राज्यों से काफी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं को पूजना के दौरान परेशानी न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन ने सभी तैयारी पूरी कर ली है। होली के त्योहार पर गुफा मंदिर पर लगने वाले मेले के दौरान शामली, मुजफ्फरनगर की ओर से दिल्ली, मेरठ

और गाजियाबाद जाने वाले वाहनों को बड़ौत से अमीनगर सराय मार्ग से होते हुए निकाला जाएगा। दिल्ली और गाजियाबाद जाने वाले वाहन पिलाना भट्ठे से बंधला होते हुए दिल्ली के लिए रवाना होंगे। हल्के वाहलों को लधवाड़ी मोड से नौराजपुर से होते हुए दिल्ली-सहारनपुर हाईवे से
दिल्ली गाजियाबाद और मेरठ के लिए रवाना होंगे। गाजियाबाद, दिल्ली से बड़ौत, शामली, मुजफ्फरनगर जाने वाले भारी वाहनों मवीकलां कट से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे से होते हुए बड़ागांव कट से पांची चौराहा से पिलाना भट्टा होते हुए अमीनगर सराय से बड़ौत की ओर रवाना किए जाएंगे। वही हल्के वाहनों को नैथला मोड से फैजपुर निनाना से होते हुए बड़ौत रवाना किया जाएगा। सोनीपत से बड़ौत, शामली और मुजफ्फरनगर जाने वाले भारी वाहनों को गौरीपुर मोड से वंदना चौक होते हुए रवाना किया जाएगा। वहीं हल्के वाहनों को नैथला मोड से फैजपुर निनाना होते हुए बड़ौत की ओर रवाना किया जाएगा। एएसपी प्रवीण कुमार ने बताया कि डायवर्जन को लेकर एडवाइजारी जारी कर दी है। वाहन चालक गुफा मेले के दौरान असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग कर सकते है।

## होली को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, त्योहार पर रद्द की छुट्टी

**-24 घंटे मिलेगी इमरजेंसी सेवा, तैनात किए चिकित्सक और कर्मचारी**

**समाज जागरण बागपत।**

होली के त्यौहार पर मरीजों को कोई परेशानी न हो इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी तैयारी कर ली है। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की छुट्टी रद्द कर दी गई हैं। त्योहार पर इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे चालू रहेंगी। इमरजेंसी वार्डों में अतिरिक्त बेड और दवाओं की व्यवस्था की गई है। साथ ही होली के दौरान होने वाली दुर्घटना की संभावना को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं।
होली के त्योहार को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। त्योहार पर मरीजों को समय इलाज उपलब्ध कराने के लिए विभाग की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली है। त्योहार पर जिला अस्पताल के अलावा सभी सीएचसी ओर पीएचसी पर चिकित्सक ओर पैरामेडिकल स्टॉल तैनात रहेगा। विभाग की ओर से चिकित्सकों और कर्मचारियों का ड्यूटी चार्ट जारी कर दिया है। विभाग की ओर से त्योहार पर चिकित्सकों और कर्मचारियों की छुट्टिया रद्द कर दी है। सीएमओ डा. तीरथलाल ने बताया कि त्योहार हो लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली है। त्योहार पर सभी चिकित्सकों और कर्मचारियों की छुट्टी रद्द कर दी है। सभी अस्पतालों में दवाईयों की उपलब्धता कराकर चिकित्सकों को निर्देश जारी कर दिए है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर दो मार्च से चार मार्च तक चिकित्सक और कर्मचारी

तैनात रहेंगे। अस्पतालों में 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं जारी रहेगी। होली के दौरान होने वाली संभावित दुर्घटनाओं के इलाज के लिए विशेष वार्ड आरक्षित किए गए हैं। अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में दवाएं और चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए गए है। त्योहार पर ड्यूटी पर समय से उपस्थित रहने के निर्देश दिए है। निदेर्शों का पालन न करने पर चिकित्सक और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# जापानी दिग्गज की एंट्री, भारत में बनेगा हाई एफिशिएंसी ट्रांसफॉर्मर का खास मेटल

जापान की इस्पात एवं धातु उत्पाद निमार्ता प्रोटेरियल लिमिटेड (पहले हिताची मेटल्स) ने बताया कि वह सरकार की स्पेशलिटी स्टील के लिए उत्पादन आधारित
रियायत (पीएलआई) 1.2 स्कीम के तहत आंध्र प्रदेश में 30,000 टन प्रति वर्ष (टीपीए) क्षमता का मेटग्लास संयंत्र लगाने की योजना बना रही है।
कंपनी के वैश्विक अध्यक्ष और मुख्य कार्याधिकारी सीन एम स्टैक ने बिजनेस स्टैंडर्ड को एक इंटरव्यू में बताया कि एक बार चालू हो जाने पर संयंत्र का उत्पादन भारत के लगभग आधे अमॉर्फस इलेक्ट्रिकल स्टील आयात की जगह ले सकता है, जिससे 3 से 5 साल में लगभग



सभी आयात निर्भरता खत्म हो सकती है। यह संयंत्र श्री सिटी में होगा और अक्टूबर 2026 में इसकी शुरूआत हो जाएगी। यह मेटग्लास के लिए भारत की पहली घरेलू प्रोडक्शन साइट होगी। मेटग्लास एक अमॉर्फस मेटल मैटीरियल है जिसका इस्तेमाल हाई-एफिशिएंसी ट्रांसफॉर्मर में होता है। यह परियोजना नवंबर 2025 में घोषित पीएलआई 1.2 स्कीम के तहत चलाई जा रही है ताकि विशेष इस्पात के घरेलू निर्माण को बढ़ावा दिया जा सके। स्टैक ने कहा, अभी, भारत में इस्तेमाल होने वाला सारा इलेक्ट्रिकल इस्पात मैटीरियल (चाहे वह ग्रेन ओरिएंटेड स्टील हो या अमॉर्फस) आयात किया जाता है। हमारा मैटीरियल पहला लोकल स्तर पर बनाया जाने वाला मैटीरियल होगा, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी और ग्राहकों को आपूर्ति श्रृंखला में ज्यादा भरोसा मिलेगा।

## आदर्श पब्लिक स्कूल में हुआ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**

कस्बा खेकड़ा के आदर्श पब्लिक स्कूल में आज विद्यालय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में रचनात्मक और कलात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देना था चित्रकला का विषय था रंग भरी होली। इस प्रतियोगिता में कक्षा प्ले से कक्षा तृतीय तक के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से होलिका दहन , होली में रंग से खेलते व मस्ती करते बच्चे और राधा - कृष्ण की लीलाओं जैसे विषयों पर अपनी कल्पना को रंगो के माध्यम से पेपर पर उतारा। स्कूल की प्रधानाचार्या कोमल शर्मा ने प्रथम आए छात्रों जैसे कक्षा प्ले में



अजीम, कक्षा नर्सरी में अर्शी, कक्षा एल के जी विवान, कक्षा यू के जी अविष्का जैन कक्षा प्रथम अवनी पाल, कक्षा द्वितीय शिवांश, कक्षा तृतीय रितिका धामा आदि को सम्मानित करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की।उन्होंने कहा कि कला बच्चों की भावनाओं को व्यक्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है। इस तरह के आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों की सराहना के साथ हुआ। इस अवसर पर स्कूल की सभी अध्यापिकाएं रेखा शर्मा, नीतू पांडे, दीपा शर्मा, दीपा चौहान, अंजलि पवार, राधिका कौशिक, पायल धामा, सारिका रस्तोगी, आरजू ढाका, खुशी धामा, इंदू शर्मा, ईशा यादव आदि उपस्थित रहीं।

## धूमधाम के साथ मनाया गया नाइस पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

**समाज जागरण बागपत।**
नाइस पब्लिक स्कूल साकरोद के वार्षिकोत्सव समारोह में छात्र-छात्राओं ने धार्मिक,
देश भक्ति, लोकगीतों पर प्रस्तुति देकर शमां बांध दिया। अपर पुलिस अधीक्षक बागपत प्रवीण चौहान ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद दिया।छात्र-छात्राओं ने
भक्ति ,देशभक्ति,गणेश वंदना, राम आएंगे, नुक्कड़ नाटक, लोकगीतों पर सुंदर प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसभा की खूब
तालियां बटोरी।वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक बागपत प्रवीण चौहान, चौधरी उमेश शर्मा, ललित गोस्वामी, पी के आजाद, आदेश कौशिक, राजेश कुमार, सत्यम सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित
कर किया।वार्षिकोत्सव समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक बागपत प्रवीण चौहान ने छात्र-छात्राओं को खेल विधा में पुरस्कार देकर सम्मानित किया और कहा कि बच्चों को अपने



माता-पिता, शिक्षकों और बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए और उनके द्वारा बताई गई बातों का पालन करना चाहिए तभी वह कामयाब होकर राष्ट्र के निर्माण में मील का पत्थर बन सकेंगे।वार्षिकोत्सव समारोह में प्रबंध समिति के प्रवीण कुमार शर्मा, ललित गोस्वामी, वैभव गौड़, रिया गोस्वामी ने मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण चौहान और अतिथियों को शाल, पटका, स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता शिक्षक रामकिशन शर्मा ने की तथा मंच संचालन प्रबंध समिति के ललित गोस्वामी और पी के आजाद ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में लक्ष्य पब्लिक स्कूल चेयरमैन आदेश शर्मा, प्रवेश शर्मा डायरेक्टर डीडीसीए, अवार्चीन की प्राचार्या मीनाक्षी स्वामी, गुरुकुल विद्यापीठ प्रबंधक मुकेश गुप्ता, कोणार्क प्रबंधक देवेंद्र धामा, फिरोजपुर के पूर्व प्रधान सुदर्शन शर्मा, डॉ सतनाम सिंह, देवेंद्र यादव, अमित गोस्वामी, प्रदीप त्रिपाठी, चौधरी उमेश शर्मा खाप खेकड़ा 360,

अनुज कौशिक, विपुल जैन, गगन, आर्यन, अशोक धामा, सहदेव धामा, संजय धामा, मा. महिपाल सिंह, दक्ष, पीहू, देव ,स्वाति , वंशिका, खुशी, अनुष्का सहित सैकड़ो छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# भू दृष्टि फाउंडेशन ने किया भजन संध्या व होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**
बड़ौत नगर के ठाकुरद्वारा मन्दिर में भू दृष्टि फाउंडेशन द्वारा भजन संध्या व होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। भू दृष्टि फाउंडेशन की कार्यकारिणी टीम ने समारोह में आये श्रद्धालुओं का स्वागत पुष्प वर्षा कर व पटका और फूल माला पहनाकर किया। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायिका ब्रज रसिक ऊषा वर्मा व आचार्य पंड़ित पवन शास्त्री जी ने अपनी मधुरवाणी में राधा-कृष्ण जी के होली प्रसंगों पर एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजन सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों पर उपस्थित श्रद्धालु भगवान की भक्ति में जमकर झूमे-नाचे-गाये। इस अवसर पर भू दृष्टि फाउंडेशन की संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्षा और सुप्रसिद्ध समाजसेविका कुसुम चौहान को मंदिर के आचार्य पंड़ित पवन शास्त्री जी ने उनकी समाज सेवा व सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए शॉल



ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके उपरान्त उपस्थित श्रद्धालुओं ने पुष्पों व गुलाल से जमकर होली खेली और एक-दूसरे को होली के पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भू दृष्टि फाउंडेशन की अध्यक्षा कुसुम चौहान ने समाज को संदेश देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी मनमुटाव भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने और प्रेम बांटने का पर्व है। हमारी संस्था का उद्देश्य भक्ति और संस्कृति के माध्यम से समाज में सकारात्मकता लाना और नारी शक्ति की एकजुटता को बढ़ावा देना है। कहा कि वे परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करती है कि फूलों की इस होली की तरह ही हम सभी का जीवन भी खुशियों से महकता रहे। इस अवसर पर मधु धामा, मंजू दांगी, अंजली सिंह, गीता राणा, सीमा तोमर, सुमन तोमर, मीनाक्षी सिसोदिया, चांदनी दीक्षित, राजेश उज्जवल, आलोक शर्मा, पंड़ित दीपांशु शास्त्री सहित सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# जापान की दिग्गज कंपनी एमओएल की भारत पर नजर, तेल जहाजों में संयुक्त निवेश की तैयारी

टोक्यो की मित्सुई ओएसके लाइन्स (एमओएल) तेल के जहाजों के संयुक्त स्वामित्व के लिए भारत की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) से बातचीत कर रही है। शिपिंग कंपनी के कार्यकारी अधिकारी (दक्षिण और पश्चिम एशिया क्षेत्र) आनंद जयरामन ने बिजनेस स्टैंडर्ड को यह जानकारी दी।
गोवा में बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, जहाज के मालिक के तौर पर हम भारत के जहाज विनिर्माण उद्योग और उसके पारिस्थितिकी तंत्र के विकास पर करीब से नजर रख रहे हैं। हम भारत के कुछ शिपयार्ड के साथ नियमित रूप से बातचीत कर रहे हैं। जैसे-जैसे और ज्यादा देश जहाज बनाना शुरू करेंगे, हमें फायदा होगा।
सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एससीआई) इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ( सभी तेल विपणन कंपनियां) के साथ संयुक्त उद्यम बनाने जो रही हैं, ताकि उनके लिए जहाज खरीदे और चलाए जा सकें। दो बड़े एथेन
कैरियर (वीएलईसी) बनाने के लिए एमओएल ने पिछले महीने सरकार की कंपनी ऑयल ऐंड नेचुरल गैस



कॉर्पोरेशन के साथ 15 साल का करार किया था। एमओएल ने सरकारी कंपनी गेल इंडिया के साथ भी लंबे समय का तरलीकृत प्राकृतिक गैस कैरियर का करार किया। जयरामन ने कहा कि जापानी कंपनी अगले चार या पांच साल में भारत के झंडे वाले (भारत में पंजीकृत) जहाजों के अपने बेड़े को 60 से 70 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना बना रही है, क्योंकि भारत सरकार शिपिंग उद्योग के विकसित करने पर काम कर रही है। बेड़े के आकार के लिहाज से दुनिया के दूसरी सबसे बड़े की मालिक एमओएल के पास भारत के झंडे वाले 13 जहाज हैं।

जयरामन ने कहा, भारत के जहाजरानी क्षेत्र के आत्मनिर्भर बनने की उम्मीद है। जहाजरानी और जहाज विनिर्माण उद्योग के विस्तार के लिए सरकार की पहल बहुत अच्छा कदम है। भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है और हम अपने लिए मौका देख रहे हैं।

# जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद ने उत्साहपूर्ण ढंग से मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**समाज जागरण**

सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में सेवन वंडर्स इंटर कॉलेज, सिरसागंज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन निदेशक संजय शर्मा, प्रबंधक ब्रजेश कुमारी, प्रधानाचार्य एम डी सर एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतुल प्रताप सिंह, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, फिरोजाबाद, नगर पालिका परिषद सिरसागंज की अध्यक्ष श्रीमती रंजना गुरुदत्त सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार,डॉ सुनील यादव, संजय शर्मा, ब्रजेश कुमारी, एम डी सर एवं अश्वनी कुमार जैन द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। सभी अतिथियों ने सभी बाल वैज्ञानिकों के मॉडलों, पोस्टरो का अवलोकन किया एवं उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अतुल प्रताप सिंह ने



सभी बाल वैज्ञानिकों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक नवाचार को अग्रसर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए बाल वैज्ञानिकों के उज्जवल भविष्य की कामना की। धीरेन्द्र कुमार ने सभी बाल वैज्ञानिकों के मॉडलों एवं पोस्टर की प्रशंसा करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्रीमती रंजना गुरुदत्त सिंह ने सभी बाल वैज्ञानिकों को विज्ञान की जानकारी प्रदान करते हुए होली की शुभकामनाएं प्रदान कीं। व्याखानकर्ता रत्नेश कुलश्रेष्ठ एवं डॉ आर के तैंगुरिया ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस एवं देश के महान वैज्ञानिक सर सी वी रमन पर 285 विद्यार्थियों को विस्तृत व्याख्या प्रदान की।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के कुल 80 छात्र-छात्राओं ने 43 मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें स्मार्ट आर्मी टैंक, इलेक्ट्रिक लाइन सेफ्टी सिस्टम, राकेट, ऑटोमैटिक फायर सेक्युरिटी अलार्म, माइक्रोस्कोप, स्मार्ट हाउस, थ्री डी वीडियो रिफ्लेक्टर आदि विज्ञान से सम्बंधित मॉडल प्रस्तुत किए। इसके साथ ही 42 विद्यार्थियों ने विज्ञान पर आकर्षक एवं जागरूक पोस्टर प्रस्तुत किए। विज्ञान नाटिका एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में 46 प्रतिभागियों ने अपने प्रस्तुति से सभी को चकित कर दिया। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन डॉ आर के तैंगुरिया, रत्नेश कुलश्रेष्ठ एवं डॉ दिनेश चाहर ने किया। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान उदित ठाकुर,आदित्य प्रताप, द्वितीय स्थान वाशुदेव, तृतीय स्थान विवेक, गिर्राज, रोहित एवं कार्तिक शर्मा ने प्राप्त किया। विज्ञान पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनन्या, द्वितीय स्थान विशु एवं तृतीय स्थान रोशनी यादव ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद की ओर से प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन अश्वनी कुमार जैन ने किया। सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रधानाचार्य एम डी सर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अंशुल खंडेलवाल, डॉ सुखेन्द्र यादव, ललिता वशिष्ठ, डॉ दिलशाद अली, गणेश गुप्ता, जतिन, पंकज, शिवम जैन, राघवेन्द्र सिंह, विमल, जब्बार खान, शोभा, नम्रता एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# विज्ञान प्रद्योगिकी अभियांत्रिकी एवं गणित में महिलाओं की भूमिका पर विचार गोष्ठी संपन्न।

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद।एमजीपीजी कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर "Women in STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी एवं गणित में महिलाओं की भूमिका)" विषय पर विभिन्न शैक्षणिक एवं सृजनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर , प्रियादर्शनी ऊपाध्याय द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में छात्राओं को विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए महिलाओं के वैज्ञानिक योगदान पर प्रकाश डाला। , डॉ रफत खान ने छात्राओं को प्रथम महिला वैज्ञानिक मैडम क्यूरी से लेकर कल्पना चावला तक के बारे में गहनता से बताया और वूमेन इन स्टेम के क्षेत्र में महिलाएं क्या रोल प्ले कर रहे हैं उसकी भी जानकारी छात्राओं को दी इसके बाद छात्राओं



ने अपनी प्रस्तुति दी कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में भाषण प्रस्तुति, लिखित निबंध लेखन तथा पोस्टर प्रस्तुतीकरण शामिल रहे। प्रतिभागियों ने विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियों एवं संभावनाओं को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।

निर्णायक मंडल में अर्चना, पूनम शर्मा उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों की प्रस्तुति, विषय-वस्तु एवं रचनात्मकता की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन जूलॉजी विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. रफत खान के निर्देशन में किया गया। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी संकाय सदस्यों एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया।

# एन एस एस के सात दिवसीय विशेष शिविर का रंगारंग समापन।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद।लोक राष्ट्रीय महाविद्यालय जसराना में 22 फरवरी से चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह का श्रीगणेश महाविद्यालय के सचिव इन्जी0 मनोज प्रताप सिंह एवं प्राचार्य



प्रोफेसर हरिबिलास द्वारा सरस्वती मां पर किये गये दीप प्रज्वलन व मालार्पण से हुआ। योजनाधिकारी अभिषेक सिंह ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रिपोर्ट का वाचन किया। समापन समारोह में स्वयं सेवकों द्वारा गायन एवं नृत्य की आकर्षक तथा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयीं। सराहनीय प्रदर्शन करने वालों में महिमा, संगम, अनुष्का,नीलम, सतेन्द्र, सन्ध्या, अंजलि, शालिनी, अभिलाषा आदि प्रमुख थे। इस अवसर पर प्रो0 धर्मेन्द्र भदोरिया, राकेश कुमार सिंह, राजीव प्रताप सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह, मुनेश मिश्रा,राममहेश, मुकेश कुमार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन योजनाधिकारी अभिषेक सिंह द्वारा किया गया।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर, चालक हिरासत में

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी फूलपुर थाना क्षेत्र के मीराशाह पिंडरा में शनिवार सुबह तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया जाता है कि अरविंद राजभर निवासी ग्राम जियापट्टी थाना जफराबाद, जौनपुर और अनिल पाल निवासी ग्राम हमजापुर, थाना सरायख्वाजा, जौनपुर दोनो निजी कार्य से बाइक से शिवपुर जा रहे थे। जैसे ही वे मीराशाह के पास पहुंचे, वाराणसी की ओर से आ रही तेज रफ्तार बलेनो कार जिस पर ह्यपुलिसह्ण लिखा था, ने सामने से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवकों के सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं तथा बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

टक्कर के बाद कार चालक मौके से भागने लगा तभी गजोखर निवासी अधिवक्ता विवेक राय ने कार का पीछा किया तो उन्हें भी टक्कर मारने की कोशिश की किन्तु उन्होंने फूलपुर थाने के सामने बाइक खड़ाकर कार को रोक दिया तभी शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग जुट गए और कार व चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

घटना की सूचना पर एनएचएआई की एंबुलेंस सेवा 1033 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें बीएचयू ट्रॉमा सेंटर लेकर चली गई।

# संजय मेमोरियल वूमेंस कॉलेज में होली मिलन समारोह का आयोजन

## छात्राओं ने शिक्षकों को अबीर लगा कर लिया आशीर्वाद

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। क्षेत्र के संजय मेमोरियल वूमेंस कॉलेज वाराणसी में शनिवार को छात्राओं ने होली मिलन समारोह में धमाल मचाया। छात्राओं ने एक दूसरे को गुलाल-रंग उड़ाया और डीजे के गानों पर खूब झुमे। स्टूडेंट्स ने कहा कि होली का त्योहार भाई चारे व शांति का प्रतीक है। होली पर उन्होंने कहा कि युवा होली को लेकर काफी उत्सुक है।होली मनाते हुए विद्यार्थी ने बताया कि विश्वविद्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित कर होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। एक दूसरे को गुलाल लगाकर डीजे के गानों पर नाचे हैं। छात्राओं ने कहा कि होली भारत का ऐसा त्यौहार है तो सभी भेदभाव बुलाकर रंग बिरंगे रंगों






में रंग कर एक दूसरे को बधाई दी हैं। छात्राओं ने नशे का विरोध करते हुए। चेयरमैन शशिकांत सिंह कहा कि युवाओं को नशा नहीं करना चाहिए कई युवा त्योहार का मौका देखकर नशे में डूब जाते हैं जो कि गलत है हमारे त्योहार पवित्र तोहार हैं । साथ ही जल संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि छात्राओं की मांग को मानते हुए होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी शांति पूर्वक तरीके से होली मनाई गई हैं।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रबंधक अभिषेक सिंह, डायरेक्टर आई पी पांडेय, प्राचार्य डॉ विष्णु प्रकाश,अतुल सिंह,प्रशांत सिंह, डॉ दीपिका सिंह, डॉ सुनीता सहित अन्य शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# गैंगस्टर के दोषी को 03 वर्ष 06 महीने का कारावास

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। न्यायालय ने गैंगस्टर के दोषी को 03 वर्ष 06 महीने की सजा सुनाई। उस पर अर्थ दंड लगाया। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। थाना रामगढ़ पुलिस ने 2007 में दिलफूल निवासी नगला कोठी के खिलाफ 2/3 उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही की थी।

पुलिस ने विवेचना के बाद न्यायालय में उसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट संख्या 09 अर्चना गुप्ता की अदालत में चला।

अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी विशेष लोक अभियोजक मुरारी लाल लोधी ने की।

मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय में पेश किए गए। गवाहों की गवाही तथा साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने उसे 2/3 उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम का दोषी माना। न्यायालय ने उसे 03 वर्ष 06 महीने की सजा सुनाई। उस पर 10,000 हजार रुपया अर्थ दंड लगाया। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# चित्रकला प्रदर्शनी अनुभूति के माध्यम से हो रहा संस्कृतियों का आदान-प्रदान

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। राजातालाब क्षेत्र के घमापुर गंगापुर में इंस्टीट्यूट आफ फाइन आर्ट में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी अनुभूति आयोजित हो रही है। चित्र प्रदर्शनी में विभिन्न कलाकारों की चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति प्रोफेसर लवली शर्मा के द्वारा हुआ।इस अवसर पर उन्होंने कहा के चित्रकारों कला एवं संस्कृति को चित्रों के माध्यम से



संप्रेषित करते हैं। प्रोफेसर शर्मा ने कहा कि काशी और केरल के कलाकारों का संगम देश के लोगों को जोड़ने की एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी। चित्रकला प्रदर्शनी उद्घाटन के दौरान इंस्टीट्यूट आफ फाइन आर्ट्स के निदेशक डॉ अवधेश सिंह,डा अनिल सिंह, अभ्रादिता बनर्जी,मार्गी उषा, सजी कुमार, जोबी आदि उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच विकसित किया जाना जरूरी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शनिवार को खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आराजी लाइन विकास खंड के चकरा (खेवली) स्थित जनकवि धूमिल स्मारक पुस्तकालय में एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करना तथा विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वैद्य धीरज द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ ही पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके उपरांत गांव की महिलाओं ने पारंपरिक स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया। महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया और ग्रामीण प्रतिभाओं की झलक प्रस्तुत की।

इस अवसर पर विज्ञान से संबंधित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया







गया, जिनमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर हम समाज में व्याप्त अंधविश्वासों को दूर कर सकते हैं और प्रगति की राह पर आगे बढ़ सकते हैं।

मुख्य अतिथि वैद्य धीरज ने अपने संबोधन में घरेलू उपचार एवं पारंपरिक नुस्खों की वैज्ञानिक उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हमारे घरों में उपलब्ध सामान्य जड़ी-बूटियों और प्राकृतिक संसाधनों का सही ज्ञान होने पर कई छोटी-मोटी बीमारियों का उपचार संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक विज्ञान और पारंपरिक ज्ञान का समन्वय ही समाज के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। उनके वक्तव्य ने उपस्थित लोगों को जागरूक और प्रेरित किया।समारोह का संचालन डॉ. नंद किशोर ने कुशलतापूर्वक किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन बृजेश पटेल ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मनीष पटेल, लौटन, शिवराज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन से क्षेत्र में विज्ञान के प्रति जागरूकता और उत्साह का वातावरण बना तथा ग्रामीण समाज में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुई।

# हरहुआ ब्लाक के बीडीओ संग कर्मचारियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मनाई होली ,दी शुभकामनाएं

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। भारतीय पर्वो में रंगों के महत्व को लेकर होली मनाने की परंपरा सनातन धर्मावलम्बियों में पुरातन काल से मनाया जाता है जहां रंगों, गुलालों के साथ एक दूसरे को अपनत्व की प्रगाढ़ता को मजबूती दी जाती है।

हरहुआ ब्लाक परिसर में बीडीओ बद्री प्रसाद वर्मा के साथ ब्लाक कर्मचारियों ने एक दूसरे को अबीर लगाकर आपसी प्रेम ,भाई चारे का उदाहरण प्रस्तुत किया।

ब्लाक कर्मचारियों ने सुनियोजित तरीके से बीडीओ को पूरी तरह रंगों से सराबोर करने की योजना बनाई गई थी।लेकिन बिल्ली के गले मे घण्टी बांधे कौन यानि अगुवाई कौन करे। रंग लाल, गुलाबी ,नीला व



काला तक मंगाई गई लेकिन अंत मे सादगी को लेकर अबीर गुलाल जमकर एक दूसरे को लगाकर गले से मिलकर गीले शिकवे दूर किये। इसी बीच कुछ लोग होलियाना मुड़ में पहुंचे पुनः माहौल बनी ,बीडीओ एक बारगी ही समझ गए कि मामला बदरंग करने की है तो लोगो को भाई चारे का सन्देश देकर अबीर लगाया। एक सज्जन ने गीत गाया-'होली के दिन सब मिल जाते हैं रंगों में रंग मिल जाता है.....'। होली है ,बुरा न मानो होली है का उद्घोष कर हर हर महादेव का जयकारा लगाया।

प्रमुख रूप से बीडीओ बद्री प्रसाद वर्मा, एडीओ आइएसबी रवि प्रकाश सिंह, एडीओ पंचायत रवि सिंह, एडीओ शैलेन्द्र सिंह, देवेंद्र पांडेय, धर्मेंद्र कुमार , सचिव जयप्रकाश भारती, सौरव चन्द्र श्रीवास्तव, गौरव विश्वकर्मा, राजकुमार यादव, संजय यादव, माया ,संजय सोनकर सहित कुछ प्रधान व लिपिक संवर्ग शामिल रहे।

# सिंधोरा फीडर से तीन घण्टे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1 मार्च रविवार को समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 14:00 बजे तक 33 के0वी0 सिंधोरा फीडर पर लाइन मेन्टिनेन्स एवं पेड़ों की कटाई-छटाई का कार्य किया जाना प्रस्तावित है, इस दौरान 33 के0वी0 सिंधोरा फीडर से पोषित 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र सिंधोरा के सभी 11 के0वी0 फिडर एवं उक्त 11 के0वी0 फीडर से पोषित समस्त ग्रामों की विद्युत अपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत आपूर्ति के व्यवधान के लिए सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से खेद है। उक्त कार्य से विद्युत उपकेन्द्र से बेहतर विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी।

विभागीय हित में सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

"राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें"

अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड -चिरईगांव वाराणसी।

# विधायक त्रिभुवन राम ने लाभार्थियों को सौंपी प्रतीकात्मक चेक

**समाज जागरण**

वाराणसी। होली के पावन पर्व पर गरीबों के घर मे खुशियां देने की दिशा में अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने सर्किट हाउस में माननीय मंत्री वित्त एवम संसदीय कार्य विभाग उत्तर प्रदेश सरकार व प्रभारी मंत्री वाराणसी सुरेश खन्ना



की उपस्थिति में महिला सशक्तिकरण अभियान 'उज्ज्वला' से बना ऊजार्वान के मद्देनजर लाभार्थियों में प्रतीकात्मक चेक वितरित किया। प्रमुख रूप से विधायक अजगरा टी0राम, पिंडरा विधायक अवधेश सिंह,एमएलसी व भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा,एमएलसी धर्मेंद्र राय,विधायक रोहनिया डॉ0 सुनील पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रुपया 1500 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण मा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का सीधा प्रसारण मा0 प्रभारी मंत्री जी के साथ भी देखा। इस दौरान अजगरा क्षेत्र के दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री वाराणसी सुरेश खन्ना ने सर्किट हाउस में किया विकास कार्यों की समीक्षा

**समाज जागरण**

वाराणसी।आज शनिवार को सर्किट हाउस वाराणसी में माननीय मंत्री,वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग उत्तर प्रदेश सरकार व प्रभारी मंत्री वाराणसी सुरेश खन्ना ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक किया।जिसमे प्रमुख मुद्दों पर त्वरित




कार्यवाही का निर्देश भी दिया। अन्य योजनाओं पर सन्तोष व्यक्त किया। काशी की विकास गति को तेज करने पर बल दिया।

समीक्षा बैठक कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हंसराज विश्वकर्मा विधान परिषद सदस्य जिलाध्यक्ष वाराणसी,अजगरा विधायक त्रिभुवन राम, एमएलसी धर्मेंद्र राय, जिला पंचायत अध्यक्ष वाराणसी पूनम मौर्य ,डा0अवधेश सिंह विधायक पिंडरा, डी0ए0म वाराणसी सत्येन्द्र कुमार,सी डी ओ वाराणसी प्रखर सिंह तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी गण समीक्षा बैठक में उपस्थित थे।


## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, फिरोजाबाद।

संख्या जि०आ०अ०/प्रेस विज्ञप्ति/वर्ष 2025-26/दिनांक, 28-2- 2026

**चेतावनी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आगामी होली के त्योहार पर अवैध अड्डों / स्थानों से बिकने वाली अवैध मदिरा को खरीदकर सेवन करने से बचें। क्योंकि अवैध अड्ड़ो से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा उसमें मिथाइल एल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है। मिथाइल एल्कोहल के अल्प मात्रा का सेवन करने से आँखों की रोशनी जाने के साथ-साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। सस्ती के चक्कर में जान न गवायें। बोतल पर लगे बार कोड/क्यू०आर० कोड को देखकर सरकारी दुकानों पर अंकित मूल्य पर ही शराब खरीदें। यदि किसी व्यक्ति को अवैध मदिरा के निर्माण/बिकी/तस्करी आदि की सूचना प्राप्त होती है तो कृपया तुरन्त जिला आबकारी अधिकारी, फिरोजाबाद को दूरभाष नम्बर-9454465662, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-1, फिरोजाबाद दूरभाष नम्बर-8791191163, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2. शिकोहाबाद दूरभाष नम्बर-8840461744, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3, जसराना दूरभाष नम्बर-8800258558, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4, टूण्डला दूरभाष नम्बर-8218527237 तथा आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-5, सिरसागंज दूरभाष नम्बर-8318895015 पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम व नम्बर गोपनीय रखा जायेगा। दुकान के आस पास या सार्वजनिक स्थान पर मदिरापान करना निषेध है। यदि किसी के द्वारा इसका उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

किसी भी समारोह स्थल, होटल या वैकेटहाल आदि में होली पर्व / विवाह / जन्मदिन/वर्षगांठ या अन्य किसी भी पार्टी या संगोष्ठी आदि के अवसर पर बिना अकेजनल बार अनुज्ञापन (एल०एल०-11 लाइसेंस) प्राप्त किये मदिरा पान कराने पर संबन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

(रवि शंकर वमी)
जिला आबकारी अधिकारी,
फिरोजाबाद।

# सोहागपुर कोलांचल में बेलगाम चौकड़ी! महाप्रबंधक पर गंभीर आरोप, 8 गायों की मौत पर भी लीपापोती?

**समाज जागरण**

शहडोल। एसईसीएल सोहागपुर कोलांचल अंतर्गत अमलाई ओसीएम में हालात लगातार विवादों में घिरते जा रहे हैं। कोयला उत्पादन और नियमों के पालन की बजाय यहां कथित तौर पर एक चौकड़ी तंत्र हावी होने के आरोप सामने आ रहे हैं। सूत्रों और स्थानीय स्तर पर मिल रही जानकारियों के अनुसार, ठेका कंपनी आकेर्टीसी के संचालन में शासन और एसईसीएल के दिशा-निर्देशों की अनदेखी की जा रही है, जबकि महाप्रबंधक स्तर से प्रभावी नियंत्रण नहीं दिख रहा।

**ठेका कंपनी पर मनमानी राज के आरोप**

बताया जा रहा है कि ठेका कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी अपने करीबी लोगों को अहम जिम्मेदारियां देकर एक समानांतर व्यवस्था चला रहे हैं। मजदूरों की नियुक्ति से लेकर सप्लायर चयन और स्थानीय स्तर पर प्रभावशाली लोगों की दखल तक, पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि नियम-कायदों की धज्जियां उड़ाते हुए उत्पादन और परिवहन में कई स्तरों पर अनियमितताएं की जा रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अमलाई ओसीएम में कार्यरत कुछ अधिकारी और ठेकेदारों के बीच मिलीभगत से मजदूरों के अधिकारों की अनदेखी हो रही है। जिन मजदूरों ने आवाज उठाई, उन्हें किनारे करने या बाहर का रास्ता दिखाने के प्रयास भी किए गए।

**महाप्रबंधक की भूमिका पर उठे सवाल**

पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ा सवाल महाप्रबंधक की भूमिका को लेकर खड़ा हो रहा है। यदि समय रहते प्रभावी निगरानी और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाती, तो हालात यहां तक नहीं पहुंचते। लेकिन लगातार बढ़ते विवाद, स्थानीय असंतोष और प्रशासनिक चुप्पी ने संदेह और गहरा कर दिया है।

चर्चा यह भी है कि प्रबंधन की चुप्पी ने ठेका कंपनी को खुली छूट दे दी है। यदि यही स्थिति रही तो आने वाले समय में कोलांचल की साख पर गंभीर असर पड़ सकता है।

**8 गायों की मौत: अब तक कार्रवाई शून्य**

सबसे गंभीर मामला पूर्व में हुई आठ गायों की संदिग्ध मौत का है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस घटना में भारी लापरवाही सामने आई थी, लेकिन अब तक किसी भी जिम्मेदार पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट का हवाला देकर मामले को लंबित रखा गया है। चर्चा यह भी है कि रिपोर्ट का इंतजार महज बहाना बन चुका है और मामले को दबाने की कोशिश की गई। यदि यह सच है तो यह न केवल प्रशासनिक निष्क्रियता बल्कि संवेद नहीनता का भी बड़ा उदाहरण है। गौवंश की मौत जैसे संवेदनशील मुद्दे पर भी कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है।

**मजदूरों और स्थानीय जनता में आक्रोश**

कोलांचल क्षेत्र में काम कर रहे मजदूरों और स्थानीय ग्रामीणों के बीच असंतोष बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि उत्पादन लक्ष्य और मुनाफे की दौड़ में पर्यावरण, पशु संरक्षण और श्रमिक हितों की अनदेखी की जा रही है।

यदि समय रहते पारदर्शी जांच और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला व्यापक आंदोलन का रूप ले सकता है।

**निष्पक्ष जांच की मांग**

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक महाप्रबंधक स्तर सहित संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक व्यवस्था में सुधार संभव नहीं। अब देखना यह है कि कोयला क्षेत्र में उठ रहे इन गंभीर आरोपों पर प्रबंधन और प्रशासन क्या रुख अपनाता है – कार्रवाई या फिर चुप्पी?

# *सीएचसी जैतहरी में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन(HPV) का हुआ शुभारंभ

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी जैतहरी**

माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दृढ़ संकल्प और विश्वास से किशोरी बालिकाओं के सर्वाइकल कैंसर के बचाव के लिए टीकाकरण का शुभारंभ किया गया है, इस टीकाकरण के शुभारंभ कार्यक्रम में जैतहरी तहसीलदार महोदय श्री रमाकांत तिवारी जी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी में किया गया है। विकासखंड की किशोरियों के लिए एक ऐतिहासिक स्वास्थ्य पहल की शुरूआत की गई। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से 28 फरवरी 2026 से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान 14 से 15 वर्ष 3 माह आयु वर्ग की किशोरियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर के लगभग 99 प्रतिशत




मामलों का कारण एचपीवी वायरस होता है, जिससे बचाव के लिए यह टीका अत्यंत प्रभावी माना जाता है। इस टीकाकरण कार्यक्रम में जिला टीकाकरण अधिकारी एवं मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहन सिंह श्याम, स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मुकेश शर्मा, डॉक्टर हिमांशु धर पाण्डेय विकासखंड कार्य क्रम प्रबंधक श्री अखिलेश्वर पाण्डेय, बीसीएम श्री कोमल सिंह मार्को की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। श्रीमती भानुमती सिंह एवं श्रीमती दुर्गा टेकाम टीकाकर्मी द्वारा टीका लगाया गया। अधिकारियों द्वारा अभिभावकों से अपील की गई की

आगामी टीकाकरण सत्र में अपने अपने पात्र बालिकाओं का सत प्रतिशत एचपीवी वैक्सीनेशन करवा लें।

# सैकड़ों परिवारों पर मंडराया बेघर होने का संकट, सांसद हिमाद्री सिंह से लगाई गुहार

## नगर पालिका अध्यक्ष ने ज्ञापन सौंपकर माइनर्स और कपिलधारा कॉलोनी के निवासियों के लिए की 'राहत' की मांग

**समाज जागरण**

बिजुरी। नगर पालिका परिषद बिजुरी के अंतर्गत आने वाली माइनर्स कॉलोनी और कपिलधारा कॉलोनी के सैकड़ों निवासियों के सामने अचानक सिर से छत छिनने का संकट खड़ा हो गया है। कोलरी प्रबंधन द्वारा हाल ही में आवास खाली करने के लिए जारी किए गए नोटिस के बाद क्षेत्र में हड़कंप और असुरक्षा का माहौल है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष सहबिन पनिका उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा और पार्षदों ने सांसद हिमाद्री सिंह को ज्ञापन सौंपकर मामले में हस्तक्षेप करने और नोटिस को निरस्त कराने की मांग की है।

**दशकों से रह रहे परिवार, कहां जाएंगे बच्चे?**

ज्ञापन में बताया गया कि इन



कॉलोनियों में रहने वाले अधिकांश परिवार पूर्व कोलरी कर्मचारियों के सदस्य हैं या उनके परिजन वर्तमान में कार्यरत हैं। ये परिवार पिछले कई वर्षों से यहां निवास कर रहे हैं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उनके पास रहने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है।

अचानक आवास खाली करने से बच्चों की शिक्षा और परिवार की आजीविका पूरी तरह ठप हो जाएगी। सैकड़ों परिवारों के सामने बेघर होने की नौबत आ गई है।

**स्थाई पुनर्वास की मांग**

नगर पालिका अध्यक्ष उपाध्यक्ष व पार्षदों ने सांसद महोदया से विनम्र अनुरोध किया है कि वे कोलरी प्रबंधन और संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर इन परिवारों को राहत दिलाएं। मांग की गई है कि जब तक इन परिवारों के लिए स्थाई पुनर्वास या समुचित वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित नहीं हो जाती, तब तक आवास खाली करने की कार्यवाही को तत्काल प्रभाव से स्थगित या निरस्त किया जाए।इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रीति सतीश शर्मा, पार्षद नमिता कोल लक्ष्मी शुक्ला गुंजन साहू, कलावती सिंह पूर्व पार्षद संतोषी सिंह और कॉलोनी के कई वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। अब क्षेत्रवासियों की नजरें सांसद की पहल पर टिकी हैं।

**भाजपा कार्यालय बिजुरी में कार्यकताओं से सौजन्य भेंट**

भाजपा मंडल कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की एक सौजन्य भेंट संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला मंत्री भूपेंद्र महरा, मंडल अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा (रिंकू) और विधायक प्रतिनिधि दीपक शर्मा सहित प्रमुख नेता मौजूद रहे।बैठक में संगठन की मजबूती और स्थानीय विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री कैलाश कोल, उपाध्यक्ष डॉ. सुभाषीश सरकार, अजीत सिंह सिसोदिया, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा के अरशद अली, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बोलोरो बनी मोबाइल कलेक्शन सेंटर! बुढार थाना में ड्राइवर पप्पू का जलवा, कानून भी सलाम ठोके?

**बुढार थाना की गाड़ी या वसूली की सवारी?**

**समाज जागरण**

शहडोल। जिले के बुढार थाना इन दिनों कानून व्यवस्था से ज्यादा एक बोलोरो वाहन और उसके चर्चित ड्राइवर पप्पू को लेकर सुर्खियों में है। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि थाना परिसर से चलने वाली यह बोलोरो केवल गश्त या प्रशासनिक कार्यों तक सीमित नहीं, बल्कि कथित तौर पर अवैध वसूली के मिशन पर भी दौड़ती है।

स्थानीय जानकार कहने लगे हैं कि अब पुलिस की गाड़ी दिखते ही सुरक्षा नहीं, बल्कि महीने की वसूली याद आ जाती है।

अवैध ईंट भट्टों और रेत कारोबारियों से सीधा संपर्क!

सूत्रों के अनुसार, पप्पू नामक ड्राइवर लंबे समय से क्षेत्र में संचालित अवैध ईंट भट्टों और रेत के कारोबार से जुड़े लोगों के संपर्क में रहता है। आरोप है कि वह कथित तौर पर थाना स्तर पर होने वाली वसूली का जिम्मा संभालता है।

जानकारों का कहना है कि अवैध गतिविधियां खुलेआम चल रही हैं, लेकिन कार्रवाई अक्सर कागजों तक ही सीमित नजर आती है। जिनसे तालमेल बना रहता है, उनके कारोबार पर कानून की नजर कमजोर पड़ जाती है।

थाना प्रभारी बदले, लेकिन व्यवस्था नहीं बदली स्थानीय लोगों का दावा है कि यह सिस्टम नया नहीं है। बुढार थाना में पूर्व में पदस्थ एक चर्चित थाना प्रभारी के कार्यकाल से ही वसूली का जिम्मा पप्पू के पास बताया जाता रहा है।

थाना प्रभारी आते-जाते रहे, लेकिन ड्राइवर की भूमिका स्थायी बनी रही। सरकारी नौकरी में भी इतनी स्थिरता नहीं मिलती जितनी पप्पू को मिली हुई है। आम जनता लाइन में, सेवा खुद पहुंच रही कारोबारियों तक

जहां आम नागरिक अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए थाने के चक्कर काटता है, वहीं अवैध कारोबारियों तक कथित रूप से सेवा खुद पहुंचने की चर्चा है। आलम यह है कि बुढार थाना अब ऑनलाइन नहीं, ऑन-रोड कलेक्शन मॉडल पर चल रहा है।

सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि आखिर एक ड्राइवर को इतनी कथित ताकत कैसे मिल गई कि वह पूरे इलाके में पुलिस का अनौपचारिक प्रतिनिधि बनकर घूमता नजर आ रहा है। मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल्स से खुल सकते हैं राज

स्थानीय स्तर पर अब यह मांग भी उठने लगी है कि यदि ड्राइवर पप्पू के मोबाइल की लोकेशन और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच कराई जाए, तो कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आ सकते हैं। चर्चा है कि कथित वसूली के दिनों में उसकी लोकेशन अक्सर उन्हीं क्षेत्रों में पाई जाती है जहां अवैध ईंट भट्टे और रेत का कारोबार संचालित होता है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि अगर तकनीकी जांच हो जाए तो यह साफ हो सकता है कि बोलोरो की ड्यूटी गश्त थी या फिर कलेक्शन टूर। अब निगाह इस बात पर है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी डिजिटल सबूतों की जांच कर सच्चाई सामने लाने की पहल करेंगे।

**जांच होगी या चर्चा ही चलेगी?**

लगातार उठ रहे आरोपों और चचाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब नजर उच्च अधिकारियों पर है कि वे इन मामलों को महज अफवाह मानकर छोड़ देते हैं या फिर बोलोरो की इस स्पेशल ड्यूटी की निष्पक्ष जांच कराते हैं।

फिलहाल बुढार में सवाल गूंज रहा है – कानून की गाड़ी चला कौन रहा है और ब्रेक किसके हाथ में है?

# सीधी सेमरिया पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 251 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप के साथ तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण विजय तिवारी**

सीधी। जिले में अवैध नशा माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे पुलिस मुख्यालय के विशेष अभियान 'अभियान प्रहार 2.0' के अंतर्गत सीधी पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना सेमरिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशीली दवाओं के एक बड़े तस्कर को भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया है।

**ऑपरेशन का विवरण**

पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन श्री गौरव राजपूत, पुलिस उप महानिरीक्षक रीवा क्षेत्र श्री हेमंत चौहान के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक सीधी श्री संतोष कोरी के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद श्रीवास्तव व एसडीओपी चुरहट श्री रवि प्रकाश कौल के नेतृत्व में थाना सेमरिया पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बढ़ौरा बनिया डोल निवासी जगदीश उर्फ बेबी भुजवा अवैध नशीली कफ सिरप का भंडारण कर रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया, जिसने पूछताछ में कबूला कि उसने नशीली दवाओं की खेप अपने खेत की मेड़ में गुलमेहदा की घनी झाड़ियों और जमीन के अंदर छिपा रखी है।

**बरामदगी:**

पुलिस ने आरोपी के बताए स्थान पर तलाशी ली, जहाँ 15-15 लीटर के दो ढक्कन बंद डिब्बों और झाड़ियों में छिपाकर रखी गई कुल 251 शीशी 'आनरेक्स' नशीली कफ सिरप बरामद की गई। जप्त संपत्तिः 251 शीशी नशीली कफ सिरप (कीमत ₹1,25,500),01 हीरो HF डीलक्स मोटरसाइकिल, 01 कीपैड मोबाइल। कुल जप्त संपत्ति की कीमतः लगभग ₹1,56,000/-

**कानूनी कार्यवाही:**

आरोपी जगदीश भुजवा उर्फ बेबी (45 वर्ष) के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 21, 22, 29 एवं ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम की धारा 5/13 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे जेल भेजा गया है। नेटवर्क के अन्य संलिप्त व्यक्तियों की तलाश जारी है।

**सराहनीय भूमिका:**

उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक केदार परौहा (थाना प्रभारी सेमरिया) के नेतृत्व में उप निरीक्षक विकाश सिंह (चौकी प्रभारी बम्हनी), स.उ.नि. भूपेन्द्र बागरी, प्र.आर. पंकज विश्वकर्मा, आरक्षक मनीष शुक्ला, अमित तिवारी, विनीत सिंह, प्रकाश सिंह, रवी सिंह एवं सतीश तिवारी (चौकी बम्हनी) का विशेष योगदान रहा। सीधी पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे नशे के विरुद्ध इस अभियान में पुलिस का सहयोग करें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# बिजुरी पुलिस की कार्यवाही शातिर गांजा तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण बिजुरी**

अनूपपुर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ अभियान के तहत 1.235 किलो गांजा के साथ आरोपी अविनाश गुप्ता (पेंड्रा, CG) को गिरफ्तार किया है। गांजा, बिना नंबर की रढ 125 बाइक और मोबाइल (कुल कीमत ₹67,000)। आरोपी पर पहले से ही हत्या के प्रयास, बलात्कार और अपहरण जैसे 04 गंभीर मामले दर्ज हैं। थाना प्रभारी विकास सिंह एवं टीम द्वारा चेकिंग के दौरान धनिया ठेला तिराहा पर आरोपी को दबोचा गया। आरोपी को धारा 8/20 NDPS एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है।

# उमरिया में प्रशासन बनाम अधिवक्ता विवाद गहराया: तहसीलदार-पटवारी पर साजिश और फर्जी प्रकरण दर्ज कराने के आरोप

**समाज जागरण**

उमरिया। जिले के चंदिया तहसील क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों और एक अधिवक्ता के बीच विवाद अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। जिला न्यायालय उमरिया के अधिवक्ता अंजनी कुमार द्विवेदी ने मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद, जबलपुर को शिकायत भेजकर तहसीलदार और हल्का पटवारी पर झूठे मुकदमे दर्ज कराने, मानसिक प्रताड़ना देने तथा पद के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले के सामने आने के बाद प्रशासनिक कार्यप्रणाली और राजस्व विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। नामांतरण आवेदन से शुरू हुआ विवाद

शिकायत पत्र के अनुसार, अधिवक्ता अंजनी कुमार द्विवेदी ने अपनी बहनों के नाम भूमि का नामांतरण कराने के लिए तहसील न्यायालय चंदिया में आवेदन प्रस्तुत किया था। आरोप है कि प्रक्रिया के दौरान संबंधित हल्का पटवारी पुष्पेंद्र विश्वकर्मा ने प्रतिवेदन लगाने के बदले 10 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की।

अधिवक्ता का कहना है कि उन्होंने रिश्वत देने से इनकार कर दिया और 29 दिसंबर 2025 को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (क्रमांक 36090516) पर इसकी औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। यहीं से विवाद ने तूल पकड़ना शुरू किया। शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने का आरोप

अधिवक्ता ने आरोप लगाया है कि शिकायत दर्ज होने के बाद पटवारी और तहसील कार्यालय की ओर से उन पर लगातार शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया। उनका दावा है कि जब उन्होंने शिकायत समाप्त



करने से मना किया, तब प्रशासनिक स्तर पर उनके खिलाफ कार्रवाई की भूमिका तैयार की गई।

शिकायत में कहा गया है कि उन्हें बार-बार कार्यालय बुलाकर मानसिक दबाव बनाया गया और अप्रत्यक्ष रूप से समझौते के लिए कहा गया।

फर्जी मामला दर्ज कराने का आरोप

अधिवक्ता के अनुसार, 16 जनवरी 2026 को हल्का पटवारी पुष्पेंद्र विश्वकर्मा ने अन्य पटवारियों के साथ मिलकर थाना चंदिया में उनके खिलाफ प्राथमिकी क्रमांक 16 दर्ज कराई। उन्होंने इसे साजिशन की गई कार्रवाई बताते हुए कहा कि यह कदम केवल शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाने हेतु उठाया गया। इसके बाद भी विवाद समाप्त नहीं हुआ। अधिवक्ता ने अपने और भाई-बहनों के नाम वारिसाना नामांतरण का नया आवेदन प्रस्तुत किया, जिसे तहसीलदार आशीष शर्मा ने कथित रूप से निरस्त कर दिया। तहसीलदार पर अभद्र टिप्पणी का आरोप

अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि नामांतरण निरस्त किए जाने का कारण पूछने पर तहसीलदार ने कथित रूप से अभद्र टिप्पणी करते हुए कहा कि वे जनता के लिए लोकसेवक हैं, अधिवक्ताओं के लिए नहीं। अधिवक्ता का कहना है कि इस घटनाक्रम के कुछ ही दिनों बाद 24 फरवरी 2026 को उनके विरुद्ध एक और प्राथमिकी (क्रमांक 53) दर्ज कराई गई, जिससे उन्हें मानसिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। राज्य अधिवक्ता परिषद से हस्तक्षेप की मांग

मामले को गंभीर बताते हुए अधिवक्ता अंजनी कुमार द्विवेदी ने मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने अपने आवेदन में उनके खिलाफ दर्ज प्रकरणों की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच ,पद का दुरुपयोग करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई और अधिवक्ताओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

# युवक पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला

**समाज जागरण**
**संवाददाता निगोहा**

लखनऊ, नगराम थाना क्षेत्र के अमवा मुर्तजापुर गांव में शुक्रवार देर रात एक युवक पर गांव के ही लोगों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार अमवा मुर्तजापुर निवासी तौफीक पुत्र याकूब ने आरोप लगाया है कि बीते शुक्रवार की रात करीब 12:30 बजे वह अपने घर के बाहर था, तभी गांव के ही इस्तियाक पुत्र नूर मोहम्मद अपने




तीन अज्ञात साथियों के साथ पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में तौफीक के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। शोर सुनकर ग्रामीणों के जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।पीड़ित ने नगराम थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है और ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# अमेरिका-इजरायल का ईरान पर हमला: क्या आसमान छुएगी तेल की कीमत और थम जाएगी दुनिया की रफ्तार?

## ट्रंप के ईरान पर हमले के फैसले से ग्लोबल तेल सप्लाई संकट में है। होर्मुज का रास्ता बंद होने और रिफाइनरियों पर खतरे ने दुनिया भर में खौफ पैदा कर दिया है

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमला करने का फैसला लिया है, जिससे दुनिया के तेल की सप्लाई पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। ईरान खुद रोजाना करीब 3.3 मिलियन बैरल तेल निकालता है, जो पूरी दुनिया के उत्पादन का 3 फीसदी है। ओपेक में ये चौथा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। लेकिन तेल की बात सिर्फ इतनी नहीं है, ईरान की जगह ऐसी है कि वो पूरी दुनिया के एनर्जी सप्लाई पर असर डाल सकता है। न्यूज एजेंसी ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के एक तरफ बैठा है, जो वो शिपिंग रास्ता है जहां से सऊदी अरब और इराक जैसे बड़े सप्लायरों का एक पांचवां हिस्सा तेल गुजरता है। अभी वीकेंड की वजह से तेल बाजार बंद हैं, और ईरान पर हमलों या उसके जवाबी हमलों में किसी एनर्जी सुविधा को नुकसान पहुंचा है या नहीं, इसकी कोई शुरूआती खबर नहीं आई। लेकिन जैसे-जैसे हालात सामने आएंगे, तेल से जुड़े इन पॉइंट्स पर नजर रखनी होगी। ईरान का तेल उत्पादन और भंडार




ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान का तेल उत्पादन पिछले कुछ सालों में बढ़ा है। 2020 में ये 2 मिलियन बैरल रोज से कम था, लेकिन अब 3.3 मिलियन तक पहुंच गया है, वो भी अंतरराष्ट्रीय पाबंदियों के बावजूद। ईरान इन पाबंदियों को चकमा देने में माहिर हो गया है, और उसके 90 फीसदी तेल निर्यात चीन को जाता है। देश के सबसे बड़े तेल भंडार खुजिस्तान प्रांत में हैं, जिसमें अहवाज, मारुन और वेस्ट करुन क्लस्टर अहम हैं। यहां से निकलने वाला तेल ईरान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। रिफाइनिंग की बात करें तो अबादान रिफाइनरी सबसे पुरानी है, जो 1912 में बनी और रोज 5 लाख बैरल से ज्यादा प्रोसेस कर सकती है। इसके अलावा बंदर अब्बास और पर्सियन गल्फ स्टार रिफाइनरी क्रूड और कंडेंसेट को हैंडल करती हैं, जो ईरान में बहुत ज्यादा मिलता है। राजधानी तेहरान की अपनी रिफाइनरी भी है।

ईरान के तेल निर्यात का मुख्य केंद्र खार्ग आइलैंड है, जो उत्तरी पर्सियन गल्फ में है। यहां कई लोडिंग बर्थ, जेट्टी, मोरिंग पॉइंट और करोड़ों बैरल स्टोरेज की सुविधा है। हाल के सालों में यहां से रोज 2 मिलियन बैरल से ज्यादा तेल एक्सपोर्ट हुआ है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी ने बताया कि शनिवार को इस आइलैंड पर धमाका हुआ, लेकिन ज्यादा डिटेल नहीं दी और तेल टर्मिनल का जिक्र भी नहीं किया।

ब्लूमबर्ग के मुताबिक, अमेरिका की पाबंदियां ईरान के तेल खरीदारों को रोकती हैं, लेकिन चीन के प्राइवेट रिफाइनर सस्ते दाम पर खरीदते रहते हैं। ईरान पुराने टैंकरों के फ्लीट पर निर्भर है, जो ज्यादातर ट्रांसपोंडर बंद करके चलते हैं ताकि ट्रैक न हों। इसी महीने खार्ग आइलैंड पर टैंकरों को तेजी से भरा जा रहा था, शायद हमले की आशंका में तेल पानी पर ले जाने और जहाजों को सुरक्षित करने के लिए। ये वैसा ही था जैसे जून में इजरायल और अमेरिका के हमलों से पहले किया गया। अगर खार्ग पर हमला होता है, तो ईरान की इकोनॉमी को बड़ा झटका लगेगा।

ईरान के मुख्य गैस फील्ड्स दक्षिणी पर्सियन गल्फ तट पर हैं, जिसमें असालुयेह और बंदर अब्बास अहम है। यहां गैस और कंडेंसेट को प्रोसेस, ट्रांसपोर्ट और शिप किया जाता है, जो बिजली, हीटिंग, पेट्रोकेमिकल्स और दूसरे इंडस्ट्रीज के लिए इस्तेमाल होता है। ये इलाका कंडेंसेट निर्यात का मुख्य पॉइंट भी है। जून की जंग में एक लोकल गैस प्लांट पर हमला हुआ था, जिससे ट्रेडर्स में घबराहट फैली, लेकिन एक्सपोर्ट सुविधाओं पर असर नहीं पड़ा तो तेल की कीमतों में लंबा उछाल नहीं आया।

इजरायल और अमेरिका का ईरान पर बड़ा हमलाः जानें ह्यखतरेह्ल को खत्म करने वाले इस ऑपरेशन की पूरी कहानी

**क्षेत्रीय खतरे और पड़ोसी देशों पर असर**

ईरान के सुप्रीम लीडर ने 1 फरवरी को चेतावनी दी थी कि अगर अमेरिका ने हमला किया तो क्षेत्रीय जंग छिड़ सकती है। तेहरान का दावा है कि वो स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पूरी तरह बंद कर सकता है। ये बहुत बड़ा कदम होगा, जो ईरान ने कभी नहीं उठाया, लेकिन ग्लोबल मार्केट्स के लिए ये बुरा सपना है।

होर्मुज पर्सियन गल्फ से निकलने वाले ज्यादातर क्रूड और रिफाइंड फ्यूल जैसे डीजल, जेट फ्यूल का चोकपॉइंट है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा LNG एक्सपोर्टर कतर भी इसी रास्ते पर निर्भर है।

# तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर की बाइक में मारी टक्कर बाइक सवार मासूम की मौत

**दंपति समेत दो बेटियां जिंदगी से जंग लड़ रहीं**

**समाज जागरण**
**संवाददाता निगोहा**

लखनऊ, निगोहां थाना क्षेत्र के नगराम मोड़ के पास शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो वर्षीय मासूम की मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता और दो बहनें गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद फॉर्च्यूनर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, निगोहां के उतरावां गांव निवासी मजदूर सर्वेश पुत्र भवानीदीन शुक्रवार रात करीब 10 बजे अपनी पत्नी रामदुलारी और तीन बच्चों–जान्हवी (7 वर्ष), मानवी (6 वर्ष) व शमशेर (2 वर्ष)–के साथ रायबरेली जनपद के सब्जी गांव स्थित ससुराल से एक ही बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक नगराम मोड़ के पास पहुंची, लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रही तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दंपति समेत तीनों बच्चे सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची निगोहां पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों ने दो वर्षीय शमशेर को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल सर्वेश, उनकी पत्नी रामदुलारी और दोनों बेटियों की हालत गंभीर बनी हुई है।घटना के बाद कार चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने फॉर्च्यूनर कार को कब्जे में लेकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि वाहन को कब्जे में ले लिया गया है और चालक की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने और नगराम मोड़ पर ट्रैफिक नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

# सुंदरनगर चेशायर होम में विशेष बच्चों संग पप्पू सरदार ने मनाई होली। नशा मुक्त होली मनाने का दिया संदेश



**समाज जागरण 28.02.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर सुंदरनगर स्थित चेशायर होम परिसर रंगों और उल्लास से सराबोर हो उठा, जब विशेष बच्चों (दिव्यांगों) के साथ समाजसेवी पप्पू सरदार ने होली का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया। होली के पारंपरिक गीतों की धुन पर विशेष बच्चों के साथ उपस्थित लोगों ने जमकर नृत्य किया और अबीर-गुलाल उड़ाकर आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सिने तारिका माधुरी दीक्षित के प्रशंसक व समाजसेवी पप्पू सरदार के तत्वावधान में किया गया।

पप्पू सरदार ने अपने चिर-परिचित अंदाज में स्वयं बादाम का शरबत तैयार कर सभी को पिलाया और लोगों से होली के दिन नशा नहीं करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि होली का पर्व आपसी मेल-जोल, प्रेम और पुरानी रंजिशें भूलकर भाईचारा बढ़ाने का प्रतीक है। यदि हम नशा मुक्त होली मनाएं, तो इससे परिवार, समाज और प्रशासन तीनों को राहत मिलेगी। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे पर्व को शांति, सौहार्द और जिम्मेदारी के साथ मनाएं।

होली के गीतों पर विशेष बच्चों के साथ पप्पू सरदार ने भी जमकर नृत्य किया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। इस अवसर पर चेशायर होम की सिस्टर सारिका ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों का त्योहार भाईचारे और प्रेम के साथ मनाया जाना चाहिए तथा किसी पर जबरदस्ती रंग नहीं लगाया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि चेशायर होम के विशेष बच्चों को इस दिन का वर्षभर इंतजार रहता है, क्योंकि पप्पू सरदार हर साल उनके साथ रंगों की खुशियां बांटने आते हैं।

पप्पू सरदार द्वारा चेशायर होम के बच्चों के बीच सुबह का सूखा नाश्ता तथा दोपहर में विशेष रूप से तैयार किया गया लजीज भोजन भी वितरित किया गया।

कार्यक्रम में चेशायर होम की सभी सिस्टर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और विशेष बच्चों के साथ मिलकर होली की खुशियां साझा कीं।

# नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 जुगसलाई नगर परिषद, वार्ड संख्या 03 से जगदीप सिंह निर्वाचित

**समाज जागरण 28.02.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जुगसलाई नगर परिषद के वार्ड संख्या 03 में हुए नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस वार्ड से प्रत्याशी जगदीप सिंह ने कुल 447 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को पराजित करते हुए विजयी बढ़त हासिल की और उन्हें वार्ड पार्षद के रूप में निर्वाचित घोषित किया गया।

मतगणना परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया। जगदीप सिंह के समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई और ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया।

निर्वाचन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए नवनिर्वाचित पार्षद जगदीप सिंह ने कहा कि वे अपने वार्ड के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने विशेष रूप से स्कूली शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, स्कूल भवनों के विकास, साफ-सफाई, सड़क, नाली, पेयजल और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं पर जोर देने की बात कही।

उन्होंने कहा, वार्ड संख्या 03 की जनता ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उस पर मैं पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगा। मेरे वार्ड में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी जो भी समस्याएं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। जनता की सेवा ही मेरी पहली जिम्मेदारी होगी।

जगदीप सिंह ने अपनी जीत का श्रेय वार्ड की जनता, कार्यकर्ताओं और समर्थकों को देते हुए सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ जनहित में कार्य करेंगे।

नगर परिषद क्षेत्र में इस जीत को विकासोन्मुख राजनीति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।स्थानीय नागरिकों को नवनिर्वाचित पार्षद से वार्ड में तेजी से विकास कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

# यूनिवर्सिटी ग्रांटस कमीशन ने स्वाइट को आटोनामस कैंपस का दिया स्टेटस : अश्विनी गर्ग - अशोक गर्ग

**मन्नू पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

बनूड (पंजाब),28 फरवरी : देश की प्रसिद्ध शिक्षा संस्था स्वामी विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी (स्वाइट) बनूड के मैनेजिंग डायरैक्टर अश्वनी कुमार गर्ग व अध्यक्ष अशोक कुमार गर्ग ने कहा कि हमें यह शानदार खबर सबके साथ शेयर करते हुए गर्व हो रहा है कि उनके






स्वामी विवेकानंद इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी टैक्नोलॉजी (स्वाइट) कॉलेज को यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यू.जी.सी.) ने ऑटोनॉमस कैंपस का स्टेटस दिया है। उन्होंने कहा कि यह हमारे इंस्टीट्यूशन के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह कालेज मैनेजमेंट, फैकल्टी मेंबर्स, स्टाफ और स्टूडेंट्स की लगातार कड़ी मेहनत, लगन और कमिटमेंट को दिखाता है। ऑटोनॉमस स्टेटस मिलने से उन्हें और ज्यादा एकेडमिक फ्लेक्सिबिलिटी मिलेगी, जिससे हम नए करिकुलम डिजाइन कर पाएंगे, इंडस्ट्री-ओरिएंटेड प्रोग्राम शुरू कर पाएंगे और एजुकेशन की ओवरऑल क्वालिटी को बेहतर बना पाएंगे।स्वाइट कालेज के एम.डी अश्विनी कुमार गर्ग व अध्यक्ष अशोक गर्ग।

# आकांक्षी ब्लॉकों में कुशल शासन को आगे बढ़ाने पर नीति आयोग ने फ्रंटियर 50 कार्यशाला का आयोजन

**समाज जागरण**



नीति आयोग ने 27 फरवरी, 2026 को आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम (एडीपी/एबीपी) के अंतर्गत फ्रंटियर 50 कार्यशाला का आयोजन किया और यह सार्वजनिक नीति में डिजिटल शासन से कुशल एआई-सक्षम शासन की ओर एक रणनीतिक परिवर्तन का प्रतीक है।

कार्यशाला में नीति आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री निधि छिब्बर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रोफेसर अभय करंदीकर, नीति फ्रंटियर टेक्नोलॉजी की विशिष्ट फेलो और मुख्य वास्तुकार सुश्री देबजानी घोष और नीति आयोग के अपर सचिव एवं मिशन निदेशक, आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम के श्री रोहित कुमार उपस्थित थे। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और जिला मजिस्ट्रेटों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। विचार-विमर्श में 50 आकांक्षी ब्लॉकों में फ्रंटियर टेक्नोलॉजी को वास्तविक दुनिया के प्रभाव के परीक्षण क्षेत्रों के रूप में कार्यान्वित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यशाला के दौरान एडीपी/एबीपी न्यूजलेटर 'आकांक्षी टाइम्स' का विमोचन किया गया।

उद्घाटन सत्र में इस बात पर बल दिया गया कि भारत का विकास ज़िला दर ज़िला होता है। प्रौद्योगिकी को विकसित भारत के लिए एक रणनीतिक सहायक के रूप में प्रस्तुत किया गया और यह शासन को सेवा डिजिटलीकरण से अनुकूलनीय बुद्धिमत्ता और संस्थागत पुनर्निर्माण की ओर ले जाता है। वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी राष्ट्रीय तकनीकी लाभ को प्राप्त करने, आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति को गति देने और रणनीतिक स्वायत्तता को मजबूत करने में सहायक हो सकती है। प्रमुख सिद्धांतों में वास्तविक शासन समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करना, डेटा-आधारित निर्णय लेने को सक्षम बनाना, संस्थागत क्षमता का निर्माण करना, अलगाव को समाप्त करना और नेतृत्व एवं विश्वास में प्रौद्योगिकी को स्थापित करना शामिल था।

**अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी पर विषयगत सत्र**

आठ मंत्रालयों को जिला स्तर पर निर्णय लेने में डिजिटल एकीकरण के अवसरों को प्रदर्शित करने का मंच मिला। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रारूप ने 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सक्षम प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रमाणित किया है। पोषण 2.0 के अंर्तगत, पोषण ट्रैकर 14 लाख से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों की लगभग वास्तविक समय में निगरानी करता है, जिससे पोषण वितरण एक मापने योग्य शासन प्रणाली में परिवर्तित हो गया है। जल जीवन मिशन के तहत, पीएम गति शक्ति पर भू-टैग किए गए परिसंपत्तियों और पाइपलाइन मानचित्रण के साथ ग्रामीण नल जल कवरेज का विस्तार हुआ है, जिसमें जिला कलेक्टरों, वीडब्ल्यूएससी के नेतृत्व वाले स्वामित्व और जल गुणवत्ता परीक्षण पर बल दिया गया है। पशु आधार के माध्यम से डिजिटल पशुधन शासन वास्तविक समय में टीकाकरण ट्रैकिंग और रोग निगरानी के लिए एआई-तैयार डेटासेट को सक्षम बनाता है। डिजिटल कृषि मिशन एग्रीस्टैक और भारत विस्तार के माध्यम से अंतरसंचालनीय डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का निर्माण कर रहा है, जिसमें किसान रजिस्ट्रियां, भू-संदर्भित मानचित्र और बहुभाषी सलाह शामिल हैं। बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में, एआई क्रेडिट स्कोरिंग, धोखाधड़ी का पता लगाने, एएमएल और केवाईसी स्वचालन और वित्तीय समावेशन संकेतकों की निगरानी में सहायता करता है। चचाओं में बोरवेल पर निर्भर क्षेत्रों में आवश्यकता आकलन, एपीआई एकीकरण में सुधार, पोशान सत्यापन और अग्रिम पंक्ति के कार्यकताओं के लिए एआर-आधारित प्रशिक्षण का भी उल्लेख किया गया।

**समूह चर्चा और भविष्य का मार्ग**

फ्रंटियर टेक्नोलॉजी के प्रदर्शनों में श्री अभिषेक सिंह द्वारा प्रस्तुत भारत के एआई संप्रभु स्टैक अनुप्रयोग, सुश्री साची चोपड़ा द्वारा प्रदर्शित नीति फ्रंटियर टेक रिपॉजिटरी, एआई-सक्षम मृदा निदान, सिंधुदुर्ग (राज्य के स्वामित्व वाले एसपीवी मॉडल के तहत भारत का पहला पूर्णतः एआई-सक्षम जिला) और टोंक जिले में कक्षा 10 के गणित परिणामों में सुधार लाने वाली 'पढ़ाईविदएआई' शामिल थे। फ्रंटियर 50 के तहत, एआई डिजिटल इंटेलिजेंस और दूरसंचार अवसंरचना को समृद्धि केंद्रों को सहायक डिजिटल एक्सेस प्वाइंट के रूप में उपयोग करते हुए एक भौतिक-डिजिटल मॉडल के माध्यम से एकीकृत किया गया है। यह जिलों के लिए अपने जिलों और ब्लॉकों में विषयगत चुनौतियों के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित हस्तक्षेपों को प्रस्तुत करने का भी एक अवसर था।

निष्कर्ष के तौर पर, नीति आयोग ने सूक्ष्म स्थानीयकरण, अंतरसंचालनीय जिला डेटा स्टैक, मापने योग्य परिणामों और जवाबदेह नेतृत्व पर बल दिया।

# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर में राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान और 17,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया

**समाज जागरण**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज अजमेर में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने आज के दिन को राजस्थान के विकास पथ में बड़ा पड़ाव बताया। प्रधानमंत्री ने सुरसुरा के तेजाजी धाम और मेजर दलपत सिंह की वीरता सहित इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और वीरता की विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनकी हाइफा को मुक्त कराने में भूमिका को आज भी इजराइल में सम्मानित किया जाता है।

प्रधानमंत्री ने संतोष व्यक्त किया कि राजस्थान में "दो इंजन वाली सरकार" ने तीव्र प्रगति के दो वर्ष पूरे कर लिए हैं। श्री मोदी ने जोर देते हुए कहा, "सरकार विकास के उन वादों को पूरा कर रही है जो उन्होंने जनता से किए थे, और आज का दिन विकास के इस अभियान को और तेज करने का दिन है।" प्रधानमंत्री ने आगे बताया कि आज के कार्यक्रम में सड़क, बिजली, जल, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 17,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया, जिनसे राजस्थान के लोगों की सुविधा बढ़ेगी और युवाओं के लिए रोजगार के अपार अवसर पैदा होंगे।

श्री मोदी ने आज 21,000 से अधिक नए रंगरूटों को नियुक्ति पत्र सौंपकर राज्य के युवाओं के लिए एक नए युग की शुरूआत का जिक्र किया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने अजमेर से राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया और इसे भारत की 'नारी शक्ति' को सशक्त बनाने और माताओं तथा बेटियों के स्वास्थ्य को बेहतर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। श्री मोदी ने कहा, हम सभी जानते हैं कि जब परिवार में मां बीमार पड़ती है, तो घर बिखर जाता है। मां स्वस्थ रहती है, तो परिवार हर संकट का सामना करने में सक्षम रहता है। इसी भावना के साथ सरकार ने महिलाओं को सहायता प्रदान करने के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। प्रधानमंत्री ने शौचालयों, सैनिटरी पैड्स और उज्ज्वला गैस योजना के लिए "मिशन मोड" समाधानों के सफल कार्यान्वयन का उल्लेख करते हुए महिलाओं के स्वास्थ्य और गरिमा के प्रति सरकार के संवेदनशील दृष्टिकोण का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने सुरक्षित मातृत्व योजना का भी जिक्र किया, जिसके तहत गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करने के लिए बहनों के खातों में 5,000 रुपये जमा किए जाते हैं, जो उपेक्षा की संस्कृति से संवेदनशीलता की संस्कृति की ओर एक कदम है।

बुनियादी ढांचे पर चर्चा करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि सड़क, रेल और हवाई मार्ग के माध्यम से आधुनिक संपर्क राजस्थान का भविष्य बदल रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे बेहतर यात्रा व्यवस्था अजमेर-पुष्कर जैसे स्थानों पर पर्यटन को बढ़ावा दे रही है, जिससे स्थानीय व्यवसायों, कारीगरों और टैक्सी चालकों को सीधा लाभ मिल रहा है। श्री मोदी ने कहा, "दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे के आसपास बन रहा बुनियादी ढांचा राजस्थान को वैश्विक निवेश के लिए 'अवसरों की भूमि' बना रहा है।"

भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा पर प्रकाश डालते हुए, श्री मोदी ने हाल ही में दिल्ली में आयोजित विश्व के सबसे बड़े एआई शिखर सम्मेलन और इजराइल की अपनी यात्रा का जिक्र किया, जहां भारत की प्रगति और कौशल की सराहना की गई। श्री मोदी ने कहा, "इसमें दुनिया के कई देशों के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति आए; बड़ी कंपनियों के प्रमुख आए; सभी ने खुले मन से भारत की प्रशंसा की।"

पिछले 11 वर्षों में भारत के सशस्त्र बलों की सफलता को रेखांकित करते हुए श्री मोदी ने कहा, ह्लभारतीय सेना ने हर मोर्चे पर आतंकवादियों और देश के दुश्मनों पर करारा प्रहार किया है। हमारी सेना हर मोर्चे पर, हर अभियान में विजयी रही है। सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक, उन्होंने अपनी क्षमता साबित की है।

किसानों की लंबे समय से चली आ रही शिकायतों का समाधान करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ईआरसीपी परियोजना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नदियों को जोड़ने का अभियान झालावाड़, बारां, कोटा और बूंदी के किसानों को निश्चित और महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान में संशोधित 'पार्वती-कालीसिंध-चंबल' और 'यमुना-राजस्थान' लिंक परियोजनाएं शामिल हैं, प्रधानमंत्री ने सूर्य से समृद्धि अर्जित करने की राजस्थान की क्षमता पर प्रकाश डाला। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत, सरकार छतों पर सौर पैनल लगाने के लिए 78,000 रुपये की सहायता प्रदान करती है। राजस्थान में 1.25 लाख से अधिक परिवार पहले ही इस योजना से जुड़ चुके हैं, जिससे कई परिवारों के बिजली बिल लगभग शून्य हो गए हैं। श्री मोदी ने "विकसित राजस्थान से विकसित भारत" के मंत्र को दोहराते हुए अपने संबोधन का समापन किया। उन्होंने राज्य के प्रत्येक परिवार के लिए एक समृद्ध जीवन की परिकल्पना प्रस्तुत की।

# केंद्रीय पर्यावरण मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बोत्सवाना से आए 9 चीतों का स्वागत किया

**समाज जागरण**

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने 28 फरवरी, 2026 को बोत्सवाना से प्राप्त नौ चीतों को मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बने संगरोध बाड़ों में छोड़ा। इन चीतों को प्राकृतिक वातावरण में छोड़ने से पहले अनुकूलन और स्वास्थ्य निगरानी के चरण से गुजरना होगा।

श्री यादव ने अपनी एक एक्स सोशल मीडिया पोस्ट में बोत्सवाना से नौ चीतों (6 मादा और 3 नर) के मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में आगमन की घोषणा की।

मंत्री महोदय ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के पर्यावरण के प्रति जागरूक नेतृत्व में चीता परियोजना को बड़ी सफलता मिली है। भारत में अब 48 चीतों की अच्छी-खासी आबादी है, जिनमें 28 भारत में जन्मे शावक शामिल हैं।

दिसंबर 2024 में, भारत सरकार ने चीतों की खरीद के लिए बोत्सवाना गणराज्य की सरकार के साथ औपचारिक बातचीत शुरू की, ताकि भारत के प्रमुख वन्यजीव संरक्षण कार्यक्रम 'प्रोजेक्ट चीता' को और मजबूत किया जा सके। यह प्रस्ताव बोत्सवाना गणराज्य के पर्यावरण और पर्यटन मंत्री श्री बोइपुसो विंटर ममोलोत्सी के परामर्श से श्री भूपेंद्र यादव द्वारा औपचारिक रूप से प्रस्तुत किया गया था।

भारत की चीता पुनर्प्रवेश योजना को ध्यान में रखते हुए बोत्सवाना ने भारत के साथ साझेदारी करने पर सहमति जताई। यह सहयोग वैश्विक चीता संरक्षण प्रयासों को मजबूत करने और अफ्रीका में इसके पारंपरिक क्षेत्र से बाहर इस प्रजाति की एक अतिरिक्त सुरक्षित आबादी बनाने की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जिससे इसकी दीर्घकालिक सहनशीलता में वृद्धि होगी।

इस साझेदारी को क्रियान्वित करने के लिए, एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने सितंबर 2025 में बोत्सवाना का दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय वन्यजीव स्थानांतरण मानकों के अनुरूप परिचालन तौर-तरीकों, परिवहन व्यवस्था और नियामक स्वीकृतियों का प्रारूप तैयार करना था। उचित वैज्ञानिक मूल्यांकन के बाद, बोत्सवाना के गांजी क्षेत्र से आठ चीतों की पहचान करते हुए उन्हें पकड़ा गया। बाद में, पशु चिकित्सा की निरंतर निगरानी में चीतों को लगभग 700 किलोमीटर दूर सड़क मार्ग से गैबोरोन ले जाया गया। नवंबर 2025 में, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की बोत्सवाना यात्रा के दौरान, आठ चीतों को औपचारिक रूप से भारत सरकार को सौंप दिया गया। उन्हें मोकोलोडी प्रकृति अभ्यारण्य में संगरोध बाड़ों में छोड़ दिया गया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने नवंबर 2025 में संगरोध व्यवस्था की समीक्षा करने, बाड़ों की स्थिति का आकलन करने और अंतर्राष्ट्रीय स्थानांतरण की तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए बोत्सवाना का दौरा किया। दिसंबर 2025 में, बोत्सवाना प्रतिनिधिमंडल ने अंतिम रसद संबंधी तैयारियों की समीक्षा करने और मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में जारी चीता संरक्षण प्रयासों का अवलोकन करने के लिए भारत का दौरा किया। 27 फरवरी, 2026 को चीतों को मोकोलोडी प्रकृति अभ्यारण्य से गैबोरोन हवाई अड्डे तक ले जाया गया। भारतीय वायु सेना के सहयोग से, चीतों को नियंत्रित और निगरानी वाले वातावरण में भारत के ग्वालियर ले जाया गया ताकि यात्रा के दौरान उनकी सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित हो सके। भारत पहुंचने पर, चीतों को हेलीकॉप्टर द्वारा कूनो राष्ट्रीय उद्यान में स्थानांतरित कर दिया गया।

एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री यादव ने भारतीय वायु सेना द्वारा प्रदर्शित निर्बाध समन्वय, सटीक उड़ान और अटूट प्रतिबद्धता के लिए अपनी सराहना व्यक्त की, जिसने इन चीतों की भारत तक सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की।

# एपीडा ने गंगटोक में सिक्किम जैविक सम्मेलन-सह-अंतर्राष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया

**समाज जागरण**

भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने सिक्किम सरकार के सहयोग से और आईएफओएएम-एशिया के साथ मिलकर सिक्किम के गंगटोक में सिक्किम जैविक सम्मेलन-सह-अंतर्राष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन (आईबीएसएम) का आयोजन किया सम्मेलन के दौरान, सिक्किम में जैविक कृषि उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला और निर्यात तैयारी पर अध्ययन नामक एक जानकारी रिपोर्ट जारी की गई। एनआईसीडीसी लॉजिस्टिक्स डेटा सर्विसेज लिमिटेड (एनएलडीएसएल) द्वारा तैयार की गई यह रिपोर्ट, बेहतर बुनियादी ढांचे, सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं, उन्नत एकत्रीकरण, पारदर्शी मूल्य निर्धारण और रणनीतिक बाजार स्थिति के माध्यम से सिक्किम के जैविक निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए एक रोडमैप प्रस्तुत करती है। यह रिपोर्ट स्थिरता, पता लगाने की क्षमता और किसान-केंद्रित विकास सुनिश्चित करते हुए निर्यात प्रतिस्पर्धा में सुधार के उपायों की पहचान करती है।

इस आयोजन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिसमें दक्षिण कोरिया, संयुक्त अरब अमीरात, मंगोलिया, सऊदी अरब, ओमान, सिंगापुर, नॉर्वे, कुवैत और ब्रिटेन सहित 17 देशों के लगभग 40 खरीदार शामिल हुए। एनसीईएल, बेसिलिया ऑर्गेनिक्स, फ्लेक्स फूड्स और नेक्स्टन सहित लगभग 20 प्रमुख भारतीय निर्यातकों ने सिक्किम के लगभग 100 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ/एफपीसी) के साथ एक संरचित क्रेता-विक्रेता बैठक में भाग लिया। इस चर्चा का समन्वय सिक्किम सरकार के कृषि एवं बागवानी विभाग और सिक्किम जैविक कृषि विकास एजेंसी (एसओएफडीए) द्वारा किया गया था। उद्घाटन सत्र में सिक्किम सरकार के कृषि मंत्री श्री पूरन कुमार गुरुंग; एपीडा के अध्यक्ष श्री अभिषेक देव; सिक्किम सरकार के कृषि एवं बागवानी विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री जिग्मी दोरजी भूटिया; आईएफओएएम ऑर्गेनिक्स एशिया की कार्यकारी निदेशक सुश्री जेनिफर एच. चांग; के साथ-साथ एपीईडीए, सिक्किम सरकार और जैविक एवं निर्यात क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति और अधिकारी उपस्थित थे। लगभग 12 प्रदर्शकों वाली एक प्रदर्शनी में सिक्किम के प्रमाणित जैविक उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिनमें बड़ी इलायची, जीआई टैग प्राप्त डल्ले खुसार्नी, सिक्किम मैंडारिन, कुक्कुट, हल्दी और ऑर्किड शामिल थे। इस प्रदर्शनी ने राज्य के विविध और निर्यात के लिए तैयार जैविक उत्पादों को उजागर किया और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को आकर्षित किया।

सिक्किम 2016 में भारत का पहला पूर्णतः जैविक राज्य बना, जिससे इसके उत्पादों को एपीडा की निर्यात प्रमाणन प्रणाली के तहत मान्यता प्राप्त हुई। जैविक कृषि में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए राज्य को 2018 में संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा फ्यूचर पॉलिसी गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया।

जैविक उत्पादन के राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीओपी) के आठवें आयोजन के बारे में हितधारकों को जागरूक करने के लिए एक तकनीकी सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें अद्यतन नियमों और लेबलिंग आवश्यकताओं को शामिल किया गया। इस सत्र का उद्देश्य निर्यातकों, परिवारिक संगठनों (एफपीओ) और प्रमाणन निकायों के बीच अनुपालन मानकों, पता लगाने की क्षमता संबंधी मानदंडों और अंतर्राष्ट्रीय समकक्षता आवश्यकताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना था, जिससे वैश्विक जैविक व्यापार में भारत की विश्वसनीयता को सुदृढ़ किया जा सके।

इस आयोजन के दूसरे चरण में अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों और निर्यातकों द्वारा सिक्किम के उच्च क्षमता वाले जैविक उत्पादन केंद्रों का दौरा शामिल है। इन दौरों का उद्देश्य प्रमाणित जैविक खेती पद्धतियों, पता लगाने वाली प्रणालियों, फसल कटाई के बाद की प्रक्रियाओं और मूल्यवर्धन प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना है। किसानों और परिवारिक संगठनों (एफपीओ) के साथ बातचीत से कृषि से बाजार तक के संबंधों को मजबूत करने और सिक्किम के गुणवत्ता मानकों और निर्यात की तैयारी में खरीदारों का विश्वास बढ़ाने की उम्मीद है।

जैविक सम्मेलन सह-आईबीएसएम जैसी पहलों के माध्यम से, एपीडा जैविक निर्यात को बढ़ावा देना, बाजार तक पहुंच का विस्तार करना, परिवारिक संगठनों और निर्यातकों के बीच क्षमता निर्माण करना और सिक्किम को भारत के बढ़ते जैविक निर्यात क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में स्थापित करना जारी रखे हुए है।

# उपकरण मूल्यांकन और परीक्षकों के पाठ्यक्रम का समापन समारोह

**समाज जागरण**

भारतीय वायु सेना में विमानन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध एयरक्रू एग्जामिनिंग बोर्ड (एईबी) ने 27 फरवरी 2026 को एएफएस हिंडन में अपने 23वें सीआईआरआईई पाठ्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया। छह सप्ताह का यह प्रतिष्ठित सीआईआरआईई पाठ्यक्रम विमानन में उत्कृष्टता के प्रति भारतीय वायु सेना की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है।



समारोह का निरीक्षण महानिदेशक (निरीक्षण एवं सुरक्षा) एयर मार्शल तेजबीर सिंह, एवीएसएम, वीएम द्वारा किया गया, जिनके व्यापक परिचालन अनुभव ने इस अवसर को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। विंग कमांडर दीपक अवस्थी, विंग कमांडर विशाल जोशी और विंग कमांडर रोहित तिवारी को लड़ाकू विमान, परिवहन विमान और हेलीकॉप्टर बेड़े के एयरक्रू सदस्यों में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए समीक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। छह सप्ताह तक संचालित इस गहन पाठ्यक्रम में चार सप्ताह का जमीनी प्रशिक्षण और दो सप्ताह का हवाई प्रशिक्षण शामिल था। इस मिश्रित दृष्टिकोण ने अधिकारियों को प्रतिकूल मौसम और सामरिक परिस्थितियों में आधुनिक हवाई अभियानों के लिए महत्वपूर्ण, उपकरण उड़ान के मूल्यांकन की जटिलताओं में महारत हासिल करने में सक्षम बनाया।

इस विशिष्ट कार्यक्रम से 40 अधिकारियों का एक विविध समूह स्नातक हुआ। प्रतिभागियों में भारतीय वायु सेना के 32 अधिकारी, भारतीय वायु सेना के दो अधिकारी, भारतीय वायु सेना के दो अधिकारी और मित्र देशों केन्या, युगांडा और मेडागास्कर के चार अधिकारी शामिल थे। यह विशेष पाठ्यक्रम तीनों सेनाओं के बीच बढ़ते सामंजस्य और विमानन के क्षेत्र में वैश्विक ज्ञान केंद्र के रूप में भारतीय वायु सेना की भूमिका का उल्लेख करता है।

# आगामी होली एवं पवित्र रमजान माह के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**जिला संवाददाता विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में पवित्र रमजान माह, होलिका दहन व रंग भरी होली का पर्व सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न की गयी। बैठक में उपस्थित समस्त क्षेत्रीय प्रबुद्धजनों, धर्मगुरुओं से क्षेत्रवार सामान्य परिचय प्राप्त करते हुए विगत वर्षों में होली पर्व के दौरान पायी गयी कमियों के सापेक्ष आवश्यक सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में उपस्थित धर्मगुरुओं, उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के द्वारा होली व रमजान माह में शाम के समय पर्याप्त विद्युत आपूर्ति एवं समुचित पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने की अपेक्षा की गयी। इसी प्रकार जनपद के अन्य नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों से उपस्थित हुए धर्मगुरुओं के द्वारा समुचित चिकित्सा, सुरक्षा एवं साफ-सफाई की व्यवस्था हेतु

प्रस्तुत आवश्यकताओं से उपस्थित विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया तथा निर्देशित किया गया कि अपेक्षित सुविधायें प्राथमिकता के आधार पर कल तक अवश्य दुरुस्त कर लिया जाये जिससे आगामी त्यौहारों पर भी सभी सुविधायें आमजन हेतु निर्बाध रुप से उपलब्ध रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि होली के अवसर पर होलिका दहन के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रहती है, भीड़ प्रबन्धन एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती कराते हुए सतत निगरानी रखी जाये, जिससे किसी भी अवांछित तत्वों के द्वारा विधि व्यवस्था प्रभावित न किया जा सके। सम्भावित स्थलों, रुटों पर पुलिस बल सतर्क निगरानी हेतु सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग जनपद में उपलब्ध ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के समस्त चिकित्सालयों पर आपातकालीन सेवायें सुदृढ़ रखी जायें तथा बर्न यूनिट को एलर्ट मोड में रखा जाये जिससे किसी भी आपात स्थिति में अभाव की स्थिति उत्पन्न न हो सके। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग होली पर्व एवं रमजान माह के दौरान बाजार में बिक्री हेतु उपलब्ध खाद्य सामग्रियों की टीम बनाकर सतत निगरानी रखी जाये तथा किसी भी स्थिति में अपमिश्रण की शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चत की जाये जिससे कोई घटना घटित होने से बचा जा सके।

जिलाधिकारी ने

अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, राबर्ट्सगंज/पिपरी, सोनभद्र को निर्देशित किया गया कि होलिका दहन हेतु शहरी क्षेत्रों का पर्यवेक्षण करा लें तथा जहॉ भी विद्युत पोलों या तारों के समीप होलिकायें बनायी गयी हों उनको चिन्हित करते हुए उन्हें सुरक्षित स्थानों पर स्थापित करा लिया जाये अथवा आवश्यकतानुसार वहॉ के जन समुदाय से वार्ता करते हुए इसका समुचित समाधान करा लिया जाये जिससे विद्युत जनित घटनायें उत्पन्न न हो सकें साथ ही निर्बाध विद्युत

आपूर्ति आवश्यकतानुसार सुनिश्चित करायी जाये, जिससे पेयजल, प्रकाश की असुविधा त्यौहारों, पर्वों के दौरान न रहे। बैठक में उपस्थित नोडल अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सोनभद्र को निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त नगर निकायों में होलिका दहन स्थलों की निगरानी कराते हुए उक्त स्थलों पर साफ-सफाई एवं नगर के प्रमुख स्थलों पर समुचित सफाई की व्यवस्था सुनिश्चत करा ली जाये। ऐसे स्थलों को चिन्हित करते हुए टैंकरों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाये जिससे अपेक्षित सुविधाओं का अभाव न हो सके। जिला आबकारी विभाग के उपस्थित अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद के प्रमुख क्षेत्रों में टीम बनाकर इसकी सतत निगरानी करायी जाये कि कहीं भी जहरीली शराब का निर्माण या उसकी बिक्री न हो सके। इसके अतिरिक्त अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर पुलिस बल के साथ टीम बनाकर नाकाबन्दी करते हुए चेकिंग अभियान चलाया जाये। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की चोरी छिपे घटनायें संज्ञान में आते ही गठित संयुक्त टीम द्वारा त्वरित ढंग से समुचित जॉच एवं वैधानिक कार्यवाही करते हुए ऐसे विधि विरुद्ध कार्यवाही को प्रतिबन्धित रखा जाये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने कहा कि होली, रमजान माह तथा ईद में पूर्व घटित घटनाओं का संज्ञान लेते हुए संवेदनशील स्थानों पर शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखी जाये तथा सोशल मीडिया पर नजर रखते हुए धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले पोस्ट करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाये।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज कुमार राय, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार, पुलिस उपाधीक्षक रणधीर मिश्रा, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, पी0डब्ल्यू0डी0, विद्युत, जिला अल्पसंख्यक

कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, धर्मों के प्रतिष्ठित धर्मगुरु आदि उपस्थित रहें।

## आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किया जाये सुनिश्चितः- जिलाधिकारी

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने नमामि गंगें विभाग द्वारा हर घर को नल से जल की समीक्षा की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने

अधिशासी अधिकारी जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि जो पेयजल परियोजनायें पूर्ण हो चुकी है उनके माध्यम से गॉवों में पेयजल आपूर्ति नियमित रूप से सुनिश्चित करायी जाये और इन ग्रमों में जिला पंचायत विभाग द्वारा टैंकर के माध्यम से जल आपूर्ति न किया जाये जिन गॉवों में पेयजल परियोजना से जल आपूर्ति की जा रही उन गॉवों की सूची अधिशासी अभियन्ता जल निगम जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध करा दें। इस दौरान उन्होंने आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित कराया जाये, उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण तरीके से नहीं किया जा रहा है और असंतुष्ट फिडबैक प्राप्त हो रहा है, ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी इस दौरान उन्होनें कहा कि जनपद स्तरीय अधिकारी अपने कार्यालयों में प्रातः 10 बजे 12 बजे तक बैठे और प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए करते हुए कहा कि विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे कार्यों के प्रगति में तेजी लायी जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को पत्राचार करना सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतपाल वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 एस0के0

राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित अन्य

सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## इजरायल और अमेरिका का ईरान पर बड़ा हमलाः जानें खतरे को खत्म करने वाले इस ऑपरेशन की पूरी कहानी

इजरायल और अमेरिका ने तेहरान पर हमला किया है जिसके बाद खामेनेई के दफ्तर के पास एक बड़ा धमाका हुआ। ईरान ने इसके खिलाफ जवाबी मिसाइलें दागी हैं शनिवार को इजरायल और अमेरिका ने मिलकर ईरान की राजधानी तेहरान पर हवाई हमले किए। न्यूज एजेंसी ब्लूमबर्ग के मुताबिक, पहला बड़ा धमाका सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के दफ्तर के आसपास हुआ। इस हमले से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि ये हमले अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा के लिए हैं, ताकि ईरान की तरफ से आने वाले खतरे को पहले ही खत्म किया जा सके। वहीं, इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने इसे खतरे को दूर करने का कदम बताया। इजरायली अधिकारियों का कहना है कि ये ऑपरेशन महीनों से प्लान हो रहा था और लॉन्च की तारीख हफ्तों पहले तय की गई थी।

इजरायल ने इस हमले को ऑपरेशन लायंस रोर नाम दिया है, जबकि अमेरिका ने इसे ऑपरेशन एपिक फ्यूरी कहा। ये दोनों देश ईरान के सैन्य ठिकानों पर निशाना साध रहे हैं। हमले के जवाब में ईरान ने इजरायल की तरफ मिसाइलें दागीं, जिससे वहां एयर रेड सायरन बज उठे और बचाव के इंतजाम शुरू हो गए। अब डर ये है कि ये झगड़ा पूरे इलाके में फैल सकता है।

**तेहरान में हलचल और कनेक्शन की दिक्कतें**

तेहरान के लोगों ने रॉयटर्स को बताया कि पहला धमाका खामेनेई के ऑफिस के पास हुआ था। ईरानी सरकारी टीवी ने धमाकों की पुष्टि की, लेकिन वजह नहीं बताई। शहर के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में मोबाइल फोन लाइनें कट गईं, और कुछ जगहों पर इंटरनेट भी कमजोर पड़ गया, जैसा कि ईरानी



मीडिया ने रिपोर्ट किया। एक अमेरिकी अधिकारी ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि अमेरिकी हमले ईरान के सैन्य ढांचे पर केंद्रित हैं। ईरान के पास 2,000 से ज्यादा मिसाइलें हैं, ज्यादातर छोटी और मध्यम दूरी की, जो पूरे देश में फैले लॉन्च पैड्स से दागी जा सकती हैं। उधर, उत्तरी इजरायल में भी धमाके हुए, जहां इजरायली एयर डिफेंस सिस्टम ने ईरानी मिसाइलों को रोकने की कोशिश की। ये सब अमेरिका के साथ मिलकर किए गए हमले के ठीक बाद हुआ। न्यूज एजेंसी अढ के मुताबिक, अभी तक कोई नुकसान या हताहत की खबर नहीं आई है। इजरायली सेना ने कहा कि वो ईरानी हमलों का जवाब दे रही है। अमेरिका-इजरायल ने ईरान पर किया हमला, खामेनेई के दफ्तर के पास बड़ा धमाका; ट्रंप ने किया कंफर्म

**भारतीय दूतावासों की सलाहः रहें सावधान**

इस तनाव के बीच, इजरायल में भारतीय दूतावास ने सभी भारतीय नागरिकों को बहुत सतर्क रहने की सलाह दी है। वो कहते हैं कि इजरायली अधिकारियों और होम फ्रंट कमांड के दिशानिर्देशों का पालन करें, शेल्टर्स के पास रहें, आसपास की सुरक्षित जगहों के बारे में पता रखें, और जरूरी न हो तो यात्रा न करें। लोकल न्यूज, सरकारी घोषणाएं और इमरजेंसी अलर्ट पर नजर रखें।

## कंपोजिट विद्यालय चोपन बैरियर में उल्लास के साथ मना 'होली मिलन' उत्सव

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। रंगों का त्योहार होली खुशियों और आपसी मेलजोल का संदेश लेकर आता है। इसी क्रम में आज कंपोजिट विद्यालय चोपन बैरियर के प्रांगण में होली का पर्व बेहद हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिक्षकों और बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।

इस अवसर पर वार्ड 3 की सभासद श्रीमती अनीता बिंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों के साथ होली खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें त्योहार की शुभकामनाएं दीं।

श्रीमती बिंद ने इस मौके पर कहाः "विद्यालयों में ऐसे आयोजनों से बच्चों में अपनी संस्कृति के प्रति प्रेम बढ़ता है। बच्चों के चेहरे की मुस्कान ही इस त्योहार की असली जीत है।"

शिक्षकों के सानिध्य में खिली मुस्कान विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने प्राकृतिक रंगों और गुलाल का प्रयोग करते हुए सुरक्षित होली खेलने का संकल्प लिया। गुरु और शिष्यों के बीच का यह स्नेहपूर्ण मिलन देखने लायक था। पूरे परिसर में 'होली आई रे' के गीतों और बच्चों की खिलखिलाहट से वातावरण जीवंत हो उठा।

## होली पर्व के अवसर पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा छापेमारी में प्राप्त नमूनें संग्रहित कर जॉच हेतु भेजा

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ के निदेर्शानुसार सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय सोनभद्र के निर्देशन में होली पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोक थाम के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा जनपद के समस्त क्षेत्रों घोरावल, मधुपुर, राबर्ट्सगंज बाजार, डाला व चोपन ओबरा, दुद्धी सहित अन्य जगहों पर कार्यवाही करते हुए, जब्त (सीज) खाद्य पदार्थ की मात्रा-698.7कि0ग्रा0 जिसका मूल्य-125915 रुपए तथा नष्ट-78 कि0ग्रा0 मूल्य 13610.00 रुपए कार्यवाही किया गया। संग्रहित सभी नमूनों को जॉच हेतु

खाद्य विश्लेषक को भेजा जा रहा है। खाद्य विश्लेषक की रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत नियमानुसार आवश्यक अग्रिम कार्य वाही की जायेगी।

## थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस ने 03 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ विजय शंकर पांडेय**



सोनभद्र। जनपद में गौ-तस्करी एवं अन्तर्राज्यीय गौ-तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। यह कार्रवाई अभिषेक वर्मा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में तथा अनिल कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) एवं राज सोनकर, क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में की गई। दिनांक 27.02.2026 को समय करीब 18:45 बजे थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम रामपुर के जुड़ैना तिराहा से मु0अ0सं0 20/26 धारा 3/ 5A/ 5B/8 उ0प्र0 गौ हत्या निवारण अधिनियम से संबंधित 03 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए मा० न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तः 1. देव कुमार राम पुत्र हंसराज राम, निवासी ग्राम जमुनीनार, थाना अधौरा, जनपद कैमूर (भभुआ), बिहार, उम्र करीब 27 वर्ष, 2. जितेन्द्र कुमार यादव पुत्र रामसवारथ उर्फ सवारथ यादव, निवासी ग्राम झरिया, थाना चैनपुर, जनपद कैमूर (भभुआ), बिहार, उम्र करीब 25 वर्ष, 3. दीपक उर्फ चिन्टू सिंह पुत्र रमुन उर्फ रामुन सिंह यादव, निवासी दीघार, थाना अधौरा, जनपद कैमूर (भभुआ), बिहार, उम्र करीब 27 वर्ष।

पुलिस द्वारा जनपद में गौ-तस्करी एवं संगठित अपराध के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी है। अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएगी, ताकि जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

# आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने के निर्देश, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई- जिलाधिकारी

**जिला संवाददाता विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्ष्यता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे आयुष्मान कार्डों की प्रगति की समीक्षा, बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सी0एच0ओ0 डी0पी0एम0, एम0वाई0सी0 व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कार्मिक उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में और अधिक तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है और इसका उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। आयुष्मान कार्ड बनाने में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही कदापि स्वीकार नहीं की जाएगी। जिला धिकारी ने सी0एच0ओ0 डी0 पीएम0 द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जिन स्वास्थ्य केंद्रों पर सी0एच0ओ0 डी0पी0एम0 द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में ढिलाई बरती जा रही है, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी, लक्ष्य के अनुरूप कार्य न करने पर संबंधित सी0एच0ओ0 डी0पी0 एम0 की सेवा समाप्ति की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी सी0एच0ओ0 अपनी आईडी एक्टिवेट कर ले इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम एवं वार्ड स्तर पर विशेष अभियान चलाकर पात्र लाभार्थियों की पहचान सुनिश्चित की जाए तथा कैंप लगाकर अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जाये, प्रतिदिन की प्रगति की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण किया जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जगृति अवस्थी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 पंकज राय, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण सी0एच0ओ0, एम0वाई0सी0, डी0 पी0एम0 उपस्थित रहें।

## शक्तिनगर पुलिस की सख्त कार्यवाही, 12 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण ब्यूरो**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद सोनभद्र में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष शक्तिनगर कमल नयन दूबे के नेतृत्व में थाना शक्तिनगर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 27.02.2026 को मुखबिर की सूचना पर कोहरौल पानी टंकी के पास से अभियुक्त करन गिरि पुत्र स्व0 राजू गिरि निवासी पी0डब्लू0डी0 मोड़ शक्तिनगर थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 20 वर्ष को समय 20:35 बजे 12 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0-35/2026 धारा 8/ 21/ 27ए/29 NDPS Act का अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम

वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह काफी समय से हेरोइन बेचने का कार्य कर रहा है तथा इसी आय से अपने शौक एवं परिवार का पालन-पोषण करता है। दिनांक 27.02.2026 को रात्रि में आकाश सोनकर निवासी रॉबर्ट्सगंज द्वारा उसे हेरोइन उपलब्ध कराई गई थी, जिसे लेकर वह बीना से कोहरौल की ओर पैदल जा रहा था, तभी पुलिस टीम द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त ने बताया कि पूर्व में वह अकरम निवासी ग्राम चिल्काडाड, थाना शक्तिनगर से भी हेरोइन लेकर बिक्री करता था। आकाश सोनकर द्वारा मादक पदार्थ बाहरी जनपद से थोक में लाकर वितरण किया जाता है तथा लाभ को आपस में बांटा जाता है। अभियुक्त ने यह भी स्वीकार किया कि वह पूर्व में भी हेरोइन विक्रय के कारण जेल जा चुका है।

## पुराने घाघर पुल के ध्वस्तीकरण के दौरान लोहे की पाइप, सरिया, एंगल को जबरिया उठा ले जाने वालों की लगी भीड़

### कई कुंतल स्क्रैप चोरी, कार्य के दौरान दुर्घटना की जतायी गई सम्भावना, प्रशासन से सुरक्षा की गुहार

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



गुरमा/ सोनभद्र। सदर विकासखंड के गुरमा-मारकुंडी स्थित जिला जेल मुख्य मार्ग मीना बाजार में बनी घाघर नदी पुल के काफी जीर्णशीर्ण होने के पश्चात जिसे पुनः नये सिरे से शासन स्तर से 4 करोड़ 32 लाख के लगभग की लागत शासन स्तर से स्वीकृति मिलने पर कार्यदायी संस्था द्वारा मशीनों से पुराने घाघर पुल के तोड़ने के दौरान शनिवार को घाघर नदी में लोहे की पाइप, सरिया, एंगल आदि को जबरिया उठा ले जाने वालों तथा कबाड़ बीनने वालो की भीड़ लग गई थी।जिससे मशीनों के कार्य प्रभावित हो गया था।जिसे कार्य करा रहे कर्मचारियों ने कबाड़ बीन रहे लोगों को मना भी किया इसके बावजूद भी लोग नहीं माने।बताते हैं कि कुछ लोग कर्मचारियों से सांठगांठ करके औने पौने दामो पर खरीद कर अपने घरों में सुव्यवस्थित रख रहे हैं। कई कुंतल लोहे के चोरी होने का समाचार भी प्रकाश में आ रहा है। कबाड़ बनने वालों ने सारी हदें पार करते हुए दिनदहाड़े बकायदे टेंपो लगाकर स्क्रैप चोरी करने का बाज नहीं आ रहे हैं।किसी दुर्घटना से बचने के लिए स्थानीय प्रबुद्ध और कर्मचारियों ने विभागीय जेई रवि कुमार मौर्या को अवगत कराने के पश्चात गुरमा पुलिस चौकी प्रभारी को अवगत करा कर सुरक्षा व्यवस्था कराने की मांग किया है।

## अमेरिका-इजरायल ने ईरान पर किया हमला, खामेनेई के दफ्तर के पास बड़ा धमाका; ट्रंप ने किया कंफर्म



एक अमेरिकी अधिकारी ने न्यूज वेबसाइट अल जजीरा को बताया है कि ईरान पर किए गए हमले अमेरिका और इजरायल की जॉइंट सैन्य कार्रवाई का हिस्सा है

मध्य-पूर्व से इस वक्त की एक बड़ी खबर सामने आ रही है। अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया है। इजरायल ने इसे प्रिवेंटिव स्ट्राइक यानी पहले से बचाव के लिए हमला बताया है। इजरायली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज के मुताबिक, इस सैन्य ऑपरेशन को अमेरिका और इजरायल के रक्षा बल मिलकर अंजाम दे रहे हैं। शनिवार सुबह हुए इस हमले के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर पहुंच गया है और इजरायल ने अपने यहां स्टेट ऑफ इमरजेंसी (आपातकाल) का ऐलान कर दिया गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भी इस सैन्य कार्रवाई की पुष्टि करते हुए इसे एक ह्यबड़ा कॉम्बैट ऑपरेशन करार दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका का मकसद ईरानी शासन के खतरों को खत्म कर अमेरिकी नागरिकों की रक्षा करना है।

ईरान में धमाकों की गूंज, हवाई क्षेत्र पूरी तरह बंद

शनिवार सुबह जब हमला शुरू हुआ, तो ईरान की राजधानी तेहरान दहल उठी। तेहरान के दो अलग-अलग इलाकों में जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई और शहर के बीचों-बीच धुएं का गुबार देखा गया। ईरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी ने पुष्टि की है कि हमले के बाद ईरान का हवाई क्षेत्र (एयरस्पेस) बंद कर दिया गया है। वहीं, जवाबी हमले के डर से इजरायल ने भी अपनी नागरिक उड़ानों के लिए आसमान बंद कर दिया है।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, शहर के बीचों-बीच धुएं का गुबार देखने को मिला और पहला धमाका सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के दफ्तर के ठीक पास हुआ।जब यह हमला हुआ 86 साल के खामेनेई उस वक्त दफ्तर में थे या नहीं, यह पता नहीं चला है। तेहरान में लोगों ने भी खामेनेई के दफ्तर के पास पहला जोरदार धमाका सुना।

वही इजरायल में सुबह करीब 8:15 बजे सायरन बजने लगे, जिससे लोगों को संभावित मिसाइल हमले के प्रति सचेत किया गया। प्रशासन ने लोगों को निर्देश दिया है कि वे सुरक्षित घरों (सेफ रूम) के करीब रहें, हालांकि अभी उन्हें अंदर जाने के लिए मजबूर नहीं किया गया है। दूसरी ओर, इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने सीधे ईरानी जनता से संपर्क साधा है। मोसाद ने टेलीग्राम पर फारसी भाषा में संदेश जारी कर कहा, ईरानी भाइयों और बहनों, आप अकेले नहीं हैं। हम साथ मिलकर ईरान के सुनहरे दिनों को वापस लाएंगे।

# करोड़ो की लागत से बनने वाली पानी की टँकी 3 साल बीतने के बाद भी नही शुरू हुई

## समाजसेवियों ने जिला अधिकारी से की शिकायत

### पीएनसी संस्था के द्वारा इसे 18 महीने में कम्पलीट करके देना था



संजय कुमार गुप्ता (जख्मी)

बाबागंज /बहराइच/ जनपद बहराइच के सीमावर्ती विकासखंड नवाबगंज के अंतर्गत ग्राम सभा कलवारी में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश के द्वारा 2022 में निमार्णाधीन पानी की टंकी का 18 महीने में निर्माण कंप्लीट होना था। परंतु उदासीन लापरवाह कर्मचारियों के कारण 4 साल बीतने को है। परंतु अभी तक पानी की टंकी का निर्माण नहीं हो पाया है। ज्ञात हो जिस संस्था के द्वारा यह निर्माण कार्य होना था वह अभी तक नही हो पाया सिर्फ बोर्ड लगाकर जमीन अधिग्रहण कर लिया गया एक छोटा सा कमरा बना दिया गया और सोलर प्लांट का स्टैंड खड़ा कर दिया गया निर्माण एजेंशी का नाम पी0एन0 सी0 311.53 लाख की योजना के अंतर्गत इस पानी की टँकी का निर्माण होना था। संस्था के द्वारा परन्तु दावे तो बहुत बड़े बड़े किये गये थे परंतु जमीनी हकीकत कुछ और ही बया कर रही है। अब भीषण गर्मी में हमारे पशुओं को प्यासा नही रहना पड़ेगा सुबह सात बजे से 9 बजे तक सारा काम हो जायेगा पानी का जो समय है। उसमें तथा रात में 7 बजे से 10 बजे तक रोजाना पानी मिल जाया करेगा जिससे रात और दिन दोनो में



ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि व मां राजेश्वरी देवी चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवपूजन सिंह

उन्होंने बताया पी0एन0 सी0 इंफ्राटेक लिमिटेड के द्वारा इस कार्य योजना को डेढ साल में पूरा करके देना था परन्तु समय सीमा बीत जाने के बाद भी कोई कार्य समय पर नही किया गया है। जबकि इस सबंध में हमने जिले के तेज तर्रार जिला अधिकारी को एक शिकायत लिखित रूप से किया है। जिस पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही करने की बात की है।

पानी उपलब्ध रहेगा

सरकार की यह योजना तो काफी फायदेमंद साबित हो जाएगी

हर घर पानी परन्तु धीरे धीरे ग्रामीणों की खुशियां पानी के चक्कर मे पानी में ही पड़ने लगी

एक साल बीत गया दो साल बीत गया तीन साल बीत गए पानी को इन नैनो ने देखा ही नही अब गांव वालों को मायूसी होने लगी तरह तरह की बातें होने लगी क्या कहते है।

पानी की टँकी का निर्माण तो हुवा नही बल्कि एक कमरा बना कर बोर्ड लगा दिया गया बोर्ड और साफ साफ लिखा है। कि पी0 एन0 सी0 इंफ्राटेक लिमिटेड के द्वारा इस कलवारी के मजरा दुगार्पुर में NH 927 से मिला हुआ ग्राम समाज की जमीन पर इसका निर्माण होना था

परन्तु पिछले चार वर्षों से कुछ भी नही हुआ। सिर्फ कागजो पर पानी सरकारी मिशनरियों के द्वारा दिया जा रहा था।

विकास नवाबगंज की अंतर्गत ग्राम सभा कलवारी में टोटल 9 मजरे हैं जिनकी संख्या लगभग 7 से 8000 होगी कलवारी, कविराज गांव, श्रीपाल पुरवा, कुतुबुद्दीन पुरवा, साईनपुरवा,दुगार्पुरवा, निबिया, बाबा कुट्टी,बसभारिया,सहित टोटल 9 मजरे है। वोटरों की संख्या लगभग 2800 से 2900 के बीच मे है।

**कलवारी ग्राम के लोगो मे काफी खुशी देखने को मिल रही थी**

परन्तु ग्रामीणों की आंखे तरस गई इस महत्वाकांक्षी योजना को पूरा होते देखने की लालसा धरी की धरी रह गई




बताते चले कि पी0एन0 सी0 इंफ्राटेक लिमिटेड के द्वारा कलवारी व कविराज गांव में सड़क नव निर्मित सड़क को खोद कर पूरे गांव में जल आपूर्ति के लिए पानी का पाइप बिछा दिया गया और जगह जगह पानी के कनेक्शन भी ग्रामीणों के घरों में पी0एन0 सी0 इंफ्राटेक लिमिटेड के द्वारा पहुँचा दिया गया

इन घरों में पानी सप्लाई का पाइप तो पहुँच गया कुछ लोगो के घरों में तो लोहे के पाइप लगा कर



सिर्फ पानी को गिराने के लिए सिर्फ टोटी की आवश्यकता रह गई थी

पी0एन0 सी0 इंफ्राटेक लिमिटेड के द्वारा ग्रामीणों को अत्यधिक विस्वास व खुशी महसूस होने लगी कि अब शहरों की तरह से अब गांवो को भी शुध्द जल मिलेगा अब बीमारियों से निजात मिलेगी हम भी शहरों की तरह से अपने अपने घरों में पानी का पूरा आनंद लेंगे



फोटो (सुनील कुमार)

तो उन्होंने बताया कि हम सब ई योजना तो नाय जानित है। पर ई रहय की जब पानी कए टँकी के निर्माण होय जात तो हमहू लोगन का साफ बढ़िया पानी मिलत लेकिन दोइ साल से अधिक हो गया है। पानी तो नाय आवा है।उ कब आई का मालूम सब सरकारी काम है। देखव कब होत है।

सुनील कुमार भी एक आस लगाए बैठे हैं। कि जब पानी आ जाये तभी कुछ कह सकते है। पानी कब आएगा यह भविष्य बतायेगा



वही कलवारी मजरे के दिलीप कुमार गिरी ने बताया कि हम सबके घरों तक पानी की लाइन बिछा दिया गया कनेक्शन भी दिया गया है।

परंतु सप्लाई शुरू भी नही हुई और नई सड़क बन गई है। जिससे अब कनेक्शन को चालू करना काफी जोखिम भरा रहेगा क्योंकि अब सड़क बन गई है। तो ऐसे में पानी सप्लाई का पाइप कैसे खोजेंगे फिर पूरी सड़क खराब कर देंगे

वही सड़क के किनारे अपनी फर्नीचर की दुकान चला रहे कलवारी के मजरा कुतुबुद्दीनपुरवा निवासी सुनील कुमार से जब इस जल जीवन मिशन के बारे जानकारी चाही

साईपुरवा निवासी अल्पसंख्यक समुदाय के शरीफ पुत्र बेचू जो सिलाई का कार्य करते नजर आ रहे थे जब



जल जीवन मिशन के बारे में जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि ये क्या है। हम नही जानते है। जब पूछा कि जो पानी टँकी का निर्माण किया जा रहा है। तो उसके बारे में कुछ जानते हो तो उन्होंने कहा कि हा हमका ई पता है। कि अब हम लोगन का पानी के टँकी से घर तक सप्लाई मिली जिससे हम लोगन का शुद्ध पानी पीएं का मिली और कब मिली ई हस्ते हूवे कहा कि ई का तो हम न बताय पाइब काहे से बनत तो है। तीन साल से पर कब बनकेई पानी मिली ई बतावब मुश्किल है।



**बाबा माशूम साह से सटा कलवारी का मजरा दुगार्पुर निवासी फखरुद्दीन**

जल जीवन मिशन के द्वारा इस ग्रामीन छेत्र में पानी की सप्लाई के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि देखो भाई ई जौंन कम्पनी के द्वारा सप्लाई का कार्य करवाया जा रहा है। तो भैया ई पूरे गांव में पाइप तो डाल दिये है।



पूरी सड़क का खराब कर दिहिन है। पैदल चलना बहुत मुश्किल होय गवा है। पानी तो मिला नाय पर पूरी सड़क का जगह जगह खोद के सब खराब कर दिहिये है। इस सबसे गड़बड़ी की बात है। और हम तो पिछले महीने में 1076 पर मुख्यमंत्री पोर्टल्स पर शिकायत भी किया रहए जिन पर कार्यवाही हुई है। आज कुछ मिस्त्री जो मिट्टी पड़ी रही उका बराबर करिहं है। तथा कुछ मजदूर आये है। काम बहुत जल्द शुरू होय वाला है।

पिछले 3 साल से हमारे घरके बगल में खाली पड़ी जमीन में ई पानी की टँकी बनय के खातिर आवा रहे लेकिन बना अभी तक नहही है।

वही अब कार्यदायी संस्था के द्वारा अब कार्य चालू करवाया जा रहा है। कई शिकायतों के बाद बोर्ड पर लिखी निर्धारित तिथि जो अंकित थी उसे मिटा दिया गया है। जिससे कार्य करने की समय सीमा अन्य किसी को पता न चल सके पर तेजस भारत की टीम पहले ही उसका फोटो ले चुकी थी उपस्थित ठेकेदारों के कामगारों से जब जानकारी चाही तो कोई जवाब नही मिला तथा यब कहा गया कि काम शुरू हो गया है। अब जल्द ही बन जाएगी भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना पूरे जनपद में सब ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है। पानी की आस में ग्रामीणों को अभी कितने दिन इंतजार करना पड़ेगा यह वक्त बताएगा

## यूनिक पब्लिक स्कूल में हुई फूलों की होली

बहराइच/फखरपुर/ विकास क्षेत्र फखरपुर के ग्राम पंचायत अजीजपुर में स्थित यूनिक पब्लिक स्कूल में अध्यन रत छात्र-छात्राओं ने आज दोपहर बाद विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से आगामी होली त्यौहार



मनाया जिसमें सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत अजीजपुर में स्थित यूनिक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ होली के आगामी त्यौहार को तमाम तरह के फूलों की पंखुड़ियां से मनाया स्कूल के प्रबंधक प्रमोद शुक्ला ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की आज से होली त्योहार के उपलक्ष में विद्यालय में अवकाश रहेगा क्योंकि यह त्योहार भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक महत्वपूर्ण त्यौहार है यह त्यौहार रंगो और भाईचारे का प्रतीक है होली हमें सिखाती है कि अच्छाई हमेशा बुराई पर जीतती है होली के दिन हम सभी सारे मतभेद भूल कर एक दूसरे को रंग लगाकर गले मिलते हैं तथा गुजिया खिलाते हैं हमें होली सुरक्षित पर्यावरण के अनुकूल मनानी चाहिए हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए की त्यौहार मनाते समय अपनी खुशियों के लिए किसी को भी कष्ट ना पहुंचाया जाए। हमें चाहिए कि दिखावे का रंग छोड़कर आत्मीय रंग एक दूसरे को लगाये जिससे एक दूसरे में आत्मीयता का विकास हो। इस बार होली सोमवार को होलिका दहन मंगलवार को स्नान दान पूर्णिमा और बुधवार को रंगों की होली मनाई जाएगी हम सभी को यह भी ध्यान रखना है कि इस रमजान के महीने में हमारे तमाम साथी व पड़ोसी रोजा रखते हैं कहीं उन्हें भी हमारी वजह से कष्ट ना हो हमें अपनी खुशी के लिए किसी और को तकलीफ नहीं देनी चाहिए।
प्रमोद कुमार शुक्ला

## प्रतियोगिता का आयोजन करके ब्लॉक प्रमुख ने मनाया अपना जन्मदिन

बाबागंज/बहराइच/नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह ने एक अनूठा पहल करते हुए अपने प्लाट स्थित बाबागंज में प्रतियोगिता का आयोजन करके अपना जन्मदिन मनाया इस आयोजन से क्षेत्र के बच्चों की स्पर्धा व उनके मानसिक व शारीरिक विकास के साथ-साथ बच्चों के अंदर पढ़ने लिखने का मनोबल बढ़ेगा। प्रतियोगिता आयोजन में रिजल्ट मे प्रथम आने पर स्मार्टफोन द्वितीय आने पर साइकिल और तृतीय आने पर भी साइकिल वितरण किया साथ जो बच्चे कम नंबर लायें उन सभी को टिफिन वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसपी सिंह ने कहा की आने वाले सालों में प्रमुख जी का जन्मदिन इससे भी उत्साह और हर्षोल्लाह के साथ मनाया जाएगा ताकि जन्मदिन के साथ-साथ बच्चों का विकास और भविष्य पर जोर दिया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवपूजन सिंह ने किया। इस मौके पर हाजी यूसुफ इंटर कॉलेज के बच्चे उनके अभिभावक पत्रकार व भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस चौकी पर आयोजित हुआ पीस कमेटी की बैठक

बाबागंज/ बहराइच/ रुपईडीहा थाना के पुलिस चौकी बाबागंज में आगामी होली,ईद त्योहारों एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोतवाल आर एस रावत ने की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं व ग्राम प्रधानों से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। कोतवाल ने कहा कि त्योहारों को प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में चौकी प्रभारी शिवकेश शुक्ला ब्लाक प्रमुख जेपी सिंह, हेड कॉन्स्टेबल अर्जुन मौर्या, शिवपूजन सिंह, रुद्र प्रताप मिश्रा, रावेंद्र शर्मा, प्रधान आनंद पाठक, प्रधान प्रतिनिधि हाजी अनवर, पूर्व प्रधान हरीश वर्मा, ऋषि गुप्ता,। उत्तम कुमार, पंकज अग्रवाल,बुन्दर चौरसिया, शिवकुमार पटवा, पप्पू शर्मा, पप्पू यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को सीएम योगी ने दिया होली का उपहार

## प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की 1,500 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने

**गरीब, अन्नदाता किसान, महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर दिया जा रहा योजनाओं का लाभ : सीएम**

**मुख्यमंत्री ने कहा- जर्मनी, जापान और सिंगापुर समेत विभिन्न देशों से आ रहा निवेश, युवाओं को मिलेगा रोजगार**

**महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए लखपति दीदी व शी-मार्ट जैसी योजनाओं को प्रोत्साहन**

लखनऊ, 28 फरवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के अवसर पर शनिवार को लोकभवन में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की 1500 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में गरीब, अन्नदाता किसान, महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य जारी है। होली व दीपावली पर लाभार्थियों परिवारों को एक-एक निःशुल्क सिलेंडर रिफिल की सुविधा दी जा रही है। उज्ज्वला योजना के तहत देश में 10 करोड़ से अधिक लोगों को गैस कनेक्शन की सुविधा प्रदान की गई है, जिसमें उत्तर प्रदेश में 1.86 करोड़ परिवारों को इसका लाभ मिला है। सीएम योगी ने इस अवसर पर दस लाभार्थी महिलाओं को स्वयं सब्सिडी राशि के प्रतीकात्मक चेक सौंपे।

**सबका साथ-सबका विकास ही मंत्र**

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शासन की योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर गरीब, अन्नदाता किसान, महिलाओं और युवाओं से जोड़ने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री कहते भी हैं कि देश में केवल चार जातियां हैं। ये जातियां गरीब, किसान, महिला और युवा हैं। इसमें सभी पंथ, संप्रदाय, मत और मजहब समाहित हैं। ऐसे में जब भी किसी योजना का लाभ दिया जाएगा तो उसका मंत्र केवल ह्लसबका साथ, सबका विकासह्व ही होगा। कोरोना महामारी समाप्त हुए काफी समय हो चुका है, लेकिन आज भी देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा मिल रही है। इनमें अकेले उत्तर प्रदेश के 15 करोड़ लाभार्थी शामिल हैं। यह सरकार की गरीबों के प्रति संवेदनशीलता का प्रमाण है।

**जो समाज के लिए काम करेगा, सरकार उसके साथ खड़ी रहेगी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत देश के 50 करोड़ लोगों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य गारंटी दी जा रही है। 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को भी 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिसका लाभ देश के किसी भी सूचीबद्ध अस्पताल में लिया जा सकता है। शिक्षकों तथा बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, शिक्षामित्रों तथा अनुदेशकों को भी प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जो समाज के लिए कार्य करेगा, समाज और सरकार दोनों उसके लिए खड़े रहेंगे। ऐसा पहले नहीं था, क्योंकि पहले की सरकारों की सोच संकीर्ण थी। पहले की सरकारें जातीय खेमों में बंटी हुई थीं और समाज को लड़ाने का काम किया जाता था। माफिया समानांतर शासन चलाते थे, अराजकता का माहौल था। उस दौरान न बेटी सुरक्षित थी और ना व्यापारी। पर्व-त्योहारों से पहले उपद्रव की घटनाएं हो जाती थीं, जिसके कारण कर्फ्यू लग जाता था और उत्साह भंग हो जाता था। आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। प्रदेश में न कर्फ्यू है और न दंगे। कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और निवेश के लिए सकारात्मक वातावरण बना है।

**विभिन्न देशों से निवेश का सीधा लाभ राज्य और युवाओं को मिलेगा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य हाल में जर्मनी से लौटे हैं, जहां उन्होंने प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को लेकर विभिन्न बैठकों में भाग लिया। वर्ष 2017 से पहले जब उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि विदेश जाते थे, तो प्रदेश को गंभीरता से नहीं लिया जाता था, लेकिन आज देश और दुनिया का हर बड़ा निवेशक उत्तर प्रदेश आना चाहता है। उन्हें विश्वास है कि प्रदेश सरकार सुरक्षा भी दे सकती है और त्वरित निर्णय लेकर समस्याओं का समाधान भी कर सकती है। प्रदेश में जो सकारात्मक परिवर्तन आया है और जर्मनी, जापान, सिंगापुर सहित दुनिया के अन्य देशों से जो निवेश आ रहा है, उसका किसी व्यक्ति विशेष या किसी परिवार को निजी लाभ नहीं होने वाला है, बल्कि उसका सीधा लाभ उत्तर प्रदेश और यहां के युवाओं को मिलेगा। यह निवेश प्रदेश के नौजवानों को रोजगार देने और आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए है। यह अवसर स्वतः नहीं मिलते। इसके लिए निरंतर परिश्रम और समन्वित प्रयास की आवश्यकता होती है।

**सुबह से शाम तक काम के परिणाम से आज यूपी निवेश और रोजगार के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार एक ऐसा लिंक स्थापित करने का कार्य कर रही है, जिसके माध्यम से प्रदेश के योग्य और प्रशिक्षित युवाओं को सरकार की गारंटी के साथ विदेशों में भी रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। यदि किसी युवा को यहां 20 हजार रुपये प्रतिमाह मिलते हैं और वही युवा विदेश में जाकर 2 लाख से 2.5 लाख रुपये तक कमाने लगे, तो यह उसके और उसके परिवार के लिए सम्मानजनक जीवन की दिशा में बड़ा कदम होगा। यहां का नौजवान जरूर नौकरी और रोजगार पाएगा। सुबह से शाम तक लगातार काम करने का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश निवेश और रोजगार के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महिलाओं के प्रति संवेदना, बीमारी से मुक्ति, युवाओं को रोजगार, अन्नदाता किसान के चेहरे पर खुशहाली, बेटियों की सुरक्षा और व्यापारियों को सम्मानजनक वातावरण देने का विजन है। सरकार इसी उद्देश्य के साथ कार्य कर रही है, ताकि हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। उज्ज्वला योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा इस वर्ष 9 सिलेंडर सब्सिडी पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रत्येक रिफिल पर 335 रुपये की सब्सिडी सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में वापस की जाती है। कनेक्शन मुफ्त दिया गया है और जब लाभार्थी भरा हुआ सिलेंडर खरीदता है, तो सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी उसके खाते में आती है, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है और दुरुपयोग की संभावना भी समाप्त होती है। वहीं प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि दीपावली और होली जैसे प्रमुख पर्वों से पहले प्रत्येक पात्र परिवार को एक भरा हुआ गैस सिलेंडर निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश भर में इस संबंध में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि त्योहारों से पहले हर परिवार सम्मानजनक ढंग से अपनी आवश्यकता की पूर्ति कर सके। सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी परिवार त्योहार के समय किसी असुविधा का सामना न करे और हर घर में खुशहाली और आत्मसम्मान के साथ पर्व मनाया जा सके।

**सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम को वैक्सिनेशन कार्यक्रम शुरू, महज 300 रुपये में लगाई जा रही वैक्सीन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार प्रदेश में महिला सुरक्षा, महिला सम्मान और उनके स्वावलंबन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने 14 वर्ष तक की बालिकाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए वैक्सिनेशन कार्यक्रम की शुरूआत की है। यह कार्यक्रम प्रदेश में व्यापक स्तर पर लागू किया जा रहा है, जिससे बालिकाओं को गंभीर बीमारी से सुरक्षा मिल सके। यदि हमारी बेटी सुरक्षित होगी तो हमारा परिवार सुरक्षित होगा। इसी सोच के साथ सरकार ने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिस वैक्सीन की कीमत पहले लगभग 2100 रुपये थी, उसे कम करते हुए 300 रुपये तक लाया गया है और इसे आगे निःशुल्क करने की व्यवस्था की जा रही है। यह कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि जब सरकार संवेदनशील होती है, तब वह समाज के व्यापक हित में निर्णय लेती है। पहले की सरकारों में लोग जाति के नाम पर समाज को बांटने का काम करते थे और शासन सीमित दायरे में केवल अपने परिवार तक ही केंद्रित रहता था। प्रदेश को परिवार मानने के बजाय कुछ लोग अपने परिवार को ही प्रदेश समझते थे और संसाधनों का दुरुपयोग करते थे। वर्तमान सरकार के लिए उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता ही परिवार है। इसी भावना के साथ सरकार सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए निरंतर प्रयासरत है। महिला सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है और स्वावलंबन की दिशा में विभिन्न योजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। सीएम ने कहा कि इस बार के बजट में डबल इंजन की सरकार ने गरीबों, महिलाओं, किसानों और युवाओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

शी-मार्ट, महिला स्वयं सहायता समूहों को मजबूत आर्थिक आधार देने को ठोस कदम उठाये जा रहे मुख्यमंत्री ने कहा कि ह्यलखपति दीदीह्ण कार्यक्रम हो या शी-मार्ट (सेल्फ हेल्प आन्त्रोप्रेन्योर मार्ट), महिला स्वयं सहायता समूहों को मजबूत आर्थिक आधार देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री महिला उद्यमी उत्पाद विपणन योजना लागू की गई है। इसके तहत महिला स्वयंसेवी समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। सरकार ने न केवल इन उत्पादों की गुणवत्ता सुधार (क्वालिटी इंप्रूवमेंट) पर जोर दिया है, बल्कि उनके प्रभावी विपणन के लिए भी बजट का प्रावधान किया है, ताकि ग्रामीण स्तर पर तैयार उत्पाद सीधे बाजार तक पहुंच सकें और महिलाओं की आय में वृद्धि हो। महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड योजना भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जो महिला उद्यमी बनना चाहती है, उसे एक निश्चित राशि तक गारंटी मुक्त और ब्याज मुक्त ऋण बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही मार्जिन मनी की सुविधा भी दी जाएगी, ताकि महिलाएं छोटे-मोटे व्यवसाय शुरू कर सकें और अपने परिवार को स्वावलंबन के पथ पर आगे बढ़ा सकें। प्रयागराज और लखनऊ में मिल्क प्रोड्यूसर संस्थाओं की स्थापना की जा रही है। दुग्ध समितियों के माध्यम से लाखों महिलाएं स्वावलंबन के मार्ग पर आगे बढ़ सकेंगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और महिलाओं की आय के स्थायी स्रोत विकसित होंगे। केंद्र सरकार की योजना के तहत महिला श्रमजीवी छात्रावासों का निर्माण भी किया जा रहा है, जिससे कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित आवास मिल सके। इसके साथ ही शी-मार्ट के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों को सीधे बाजार से जोड़ने की कार्रवाई की जा रही है, जिससे उनके उत्पादों को व्यापक बाजार और उचित मूल्य मिल सके।

**बेटी के विवाह के लिए एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता, महिला श्रम बल की हिस्सेदारी 13 से बढ़कर 36 प्रतिशत**

सीएम ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए पहले से संचालित योजनाओं को भी गति दी जा रही है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, मातृ वंदना कार्यक्रम, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए सहायता प्रदान की जा रही है। वहीं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बेटी के विवाह के लिए एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। जिस बेटी को पहले उपेक्षित माना जाता था, आज सरकार स्वयं उसके कन्यादान के लिए आगे आ रही है। गांव की बेटी को सबकी बेटी मानते हुए सरकार उसके जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों पर साथ खड़ी है। इन सभी प्रयासों के साथ सुरक्षा के बेहतर माहौल का भी सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है। पहले जहां महिला श्रम बल की भागीदारी लगभग 13 प्रतिशत थी, वहीं अब यह बढ़कर 36 प्रतिशत हो गई है। आज महिलाएं सरकारी नौकरियों, उद्योगों और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में मजबूती से कार्य कर रही हैं और स्वावलंबन तथा आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा वर्कर के मानदेय बढ़ाने का लिया निर्णय**

सीएम ने कहा कि सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा वर्कर के मानदेय को क्रमिक रूप से बढ़ाने का निर्णय लिया है। ये महिलाएं समाज के बीच रहकर सेवाएं देती हैं। पहले राशन कोटे की दुकानों पर ई-पॉस मशीन न होने से तमाम शिकायतें सामने आती थीं, लेकिन अब सभी दुकानों पर ई-पॉस मशीन की व्यवस्था कर दी गई है। इसके साथ ही राशन की दुकानों को मॉडल शॉप के रूप में विकसित करने की योजना पर काम शुरू किया गया है। मॉडल शॉप के निर्माण के लिए धनराशि की व्यवस्था की गई है। दुकानदारों को यह सुविधा दी गई है

# सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा की निर्णायक शुरुआत

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया राष्ट्रव्यापी एचपीवी (गार्डासिल) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

28 फरवरी। बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाने की दिशा में देश ने एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रव्यापी एचपीवी (गार्डासिल) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किए जाने के साथ ही किशनगंज जिले में भी इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की गई।

राज्यस्तरीय कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़कर जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मियों ने इस अभियान में सहभागिता की। सदर अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ. अनवर हुसैन, जिला वेक्टर बॉर्न डिजीज पदाधिकारी डॉ. मंजर आलम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. मुनाजिम, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार सहित कई स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।



**पाँच किशोरियों को दी गई पहली खुराक**

अभियान की शुरूआत नवोदय विद्यालय की तीन छात्राओं सहित कुल पाँच किशोरियों को एचपीवी गार्डासिल वैक्सीन की पहली खुराक देकर की गई। यह प्रतीकात्मक पहल जिले में अभियान के शुभारंभ का संदेश लेकर आई और अभिभावकों में विश्वास का संचार किया।

**तीन माह तक निःशुल्क उपलब्ध रहेगी वैक्सीन**

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि यह वैक्सीन 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को दी जाएगी। यह सिंगल डोज टीका है, जो सर्वाइकल कैंसर से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि अगले तीन माह तक जिले के सभी 247 सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में यह टीका निःशुल्क उपलब्ध रहेगा।

स्वैच्छिक एवं सुरक्षित अभियान

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार ने कहा कि गार्डासिल एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित एवं प्रभावी है। टीकाकरण अभिभावकों की सहमति के बाद ही किया जा रहा है तथा अभियान पूर्णतः स्वैच्छिक है।

**सुरक्षित भविष्य की दिशा में मजबूत पहल**

जिला पदाधिकारी विशाल राज ने कहा कि यह अभियान केवल स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि बेटियों के सुरक्षित भविष्य में किया गया निवेश है। इससे परिवारों को भविष्य में होने वाले सामाजिक एवं आर्थिक संकट से भी बचाया जा सकेगा।

स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी पात्र बेटियों का समय रहते टीकाकरण कराकर इस जनहितकारी अभियान को सफल बनाएं।

# नबीनगर के मध्य विद्यालय लखनपुर के छात्र-छात्राएं बोधगया के लिए रवाना

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**




नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के मध्य विद्यालय लखनपुर के छात्र-छात्राएं शनिवार को मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत ऐतिहासिक दर्शनीय एवं पर्यटक स्थल बोधगया के लिए रवाना हुए। परिभ्रमण दल को पूर्व विधायक विजय कुमार सिंह, बीडीओ अरुण सिंह, बीईओ राजनारायन राय, थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय,पूर्व मुखिया बिंदेश्वरी सिंह,धनंजय कुमार सिंह और प्रमेन्द्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। मौक पर पूर्व विधायक ने कहा कि बोधगया एक प्रमुख धार्मिक स्थल है और यहीं भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। बीडीओ अरुण सिंह ने परिभ्रमण दल को संबोधित करते हुए कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण का उद्देश्य छात्रों को ऐतिहासिक,सांस्कृतिक और भौतिक ज्ञान प्राप्त कराना होता है ताकि छात्रों को अनुभव आधारित शिक्षा मिल सके।विद्यालय प्रभारी मनीष कुमार उर्फ चुनूं सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत बच्चे बोध गया में महाबोधि मंदिर,बोधि वृक्ष एवं कई मंदिरों एवं बौद्ध मठों का भी भ्रमण करेंगे। परिभ्रमण दल में विद्यालय शिक्षिका अंजू सिंह भी शामिल थीं।

# औरंगाबाद में बिहार पुलिस सप्ताह : वॉलीबॉल टूनार्मेंट में नबीनगर की टीम विजेता

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) औरंगाबाद में बिहार पुलिस सप्ताह के तहत पुलिस मुख्यालय स्थित पुलिस केंद्र में वॉलीबॉल टूनामेंट का फाइनल आयोजन किया गया। इस टूनामेंट में नबीनगर, जम्होर और हसपुरा की टीमों ने भाग लिया। टूनामेंट का उद्घाटन मगध रेंज के आईजी छत्रनील सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर गेंद को सर्व कर किया।इस दौरान जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन करते रहे। टूनामेंट में नबीनगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूनामेंट जीत लिया। नबीनगर टीम को 25 हजार रुपये, जम्होर को 15 हजार रुपये और हसपुरा को 10 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया।आईजी छत्रनील सिंह ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल और भाईचारा बढ़ाने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि खेल टीम भावना, अनुशासन और सहयोग सिखाने का सशक्त माध्यम है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच दूरी को मिटाते हुए दोस्ताना और सुरक्षित वातावरण तैयार करना है। नबीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने टिम की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि नबीनगर के खिलाड़ियों ने टूनामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल किया है।उन्होंने टिम में शामिल सभी खिलाड़ियों को बधाई दिया।

# रांगामाटिया में फुटबॉल का रोमांच, लोकल हंटर ने मारी बाजी, विधायक संजीव सरदार ने किया पुरस्कृत

## 32 टीमों के बीच जबरदस्त मुकाबला, तुईबासा एफसी रही उपविजेता

**समाज जागरण 28.02.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

पोटका : सोहदा पंचायत के रिमड़ा ग्राम स्थित टोला रांगामाटिया इन दिनों फुटबॉल के रंग में रंगा नजर आया। आर.वाई.एस.सी क्लब द्वारा आयोजित पांचवीं वर्ष दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लेकर मैदान में दमखम दिखाया। फाइनल मुकाबले में दर्शकों का उत्साह चरम पर था। पोटका विधायक संजीव सरदार मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया।



**फाइनल में लोकल हंटर का दम, तुईबासा एफसी रही उपविजेता**

रोमांचक और कड़े संघर्ष वाले मुकाबले में लोकल हंटर टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। तुईबासा एफसी ने भी दमदार खेल दिखाया, लेकिन अंततः उसे उपविजेता से संतोष करना पड़ा। तीसरे स्थान पर रश्का मोहोल और चौथे स्थान पर केसोर सोरा एफसी रही। विजेता लोकल हंटर को 20,000 नगद एवं आकर्षक उपहार, उपविजेता तुईबासा एफसी को 15,000 एवं उपहार प्रदान किया गया। वहीं तीसरे और चौथे स्थान की टीमों को 10,000-10,000 की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के समय तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मैदान गूंज उठा।

**ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंच : संजीव सरदार**

मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी प्रतियोगिताएं छुपी प्रतिभाओं को आगे लाने का माध्यम बनती हैं। खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करता है। उन्होंने कहा कि खेल को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है और भविष्य में भी खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

कार्यक्रम में मुखिया विदेन सरदार, पंचायत समिति सदस्य सीताराम हांसदा, पंचायत अध्यक्ष शिबू सोरेन, पंचायत सचिव रघुनाथ हांसदा, माझी बाबा देवेंद्र नाथ सोरेन, कमिटी अध्यक्ष दिगंबर मार्डी, सचिव सिराम सोरेन, कोषाध्यक्ष विजय किस्कू सहित कई गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# औद्योगिक रूप से आत्मनिर्भर बिहार हमारा लक्ष्य : डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

पटना गांधी मैदान में आयोजित ह्यडेस्टिनेशन बिहार एक्सपो 2026 के तीसरे दिन आधारभूत संरचना और औद्योगिक विकास पर केंद्रित व्यापक विचार-विमर्श हुआ। 26 फरवरी से 2 मार्च तक चल रहे इस भव्य आयोजन ने राज्य की औद्योगिक क्षमता और संभावनाओं को एक ही मंच पर प्रस्तुत करते हुए इसे अब तक की सबसे बड़ी उद्योग प्रदर्शनी के रूप में स्थापित किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।



अपने संबोधन में उद्योग मंत्री डॉ. जायसवाल ने कहा कि बिहार औद्योगिक प्रगति के नए चरण में प्रवेश कर चुका है। राज्य सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि बिहार को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध औद्योगिक राज्य के रूप में स्थापित किया जाए। उन्होंने विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय लक्ष्य में बिहार की सक्रिय भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि बड़े उद्योगों के साथ-साथ लघु, कुटीर और सूक्ष्म उद्योगों को भी समान अवसर और प्रोत्साहन दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि स्थिर शासन, उद्योग-अनुकूल नीतियों तथा सुदृढ़ आधारभूत ढांचे के कारण निवेशकों का विश्वास निरंतर बढ़ रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे उभरते क्षेत्रों में भी बिहार संभावनाओं का नया केंद्र बन रहा है, जो राज्य को भविष्य की अर्थव्यवस्था में सशक्त स्थान दिलाएगा।

यह एक्सपो बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं उद्योग विभाग, बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य बिहार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेश मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाना तथा निवेशकों, उद्यमियों और नीति-निमार्ताओं के बीच संवाद को सुदृढ़ बनाना है।

एक्सपो ने राज्य में औद्योगिक विकास की नई संभावनाओं को रेखांकित करते हुए आत्मनिर्भर बिहार के संकल्प को मजबूती प्रदान की है।

# प्रथम सुरजापुरी महोत्सव का भव्य आगाज

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

28 फरवरी। जिला प्रशासन के संयुक्त नेतृत्व में प्रथम सुरजापुरी महोत्सव का भव्य उद्घाटन सम्राट अशोक भवन के समीप स्थित मोटर वाहन जांच केंद्र परिसर में किया गया। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता जिला पदाधिकारी विशाल राज एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने की। उद्घाटन अवसर पर जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि सुरजापुरी भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से अलग से महोत्सव का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सुरजापुरी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि इस क्षेत्र की समृद्ध सभ्यता, लोकजीवन और सांस्कृतिक परंपराओं की सशक्त अभिव्यक्ति है, जो जाति, धर्म और उत्सवों की सीमाओं से परे है। इसकी समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी नई पीढ़ी, विशेषकर बच्चों और युवाओं पर है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से सुरजापुरी भाषा एवं संस्कृति को न केवल किशनगंज, बल्कि जिले और राज्य के बाहर भी व्यापक पहचान दिलाने का प्रयास किया जाना चाहिए। यह प्रथम आयोजन है और प्राप्त सुझावों के आधार पर आगामी वर्षों में इसे और अधिक सुदृढ़ एवं व्यापक स्वरूप दिया जाएगा।



पुलिस अधीक्षक ने आयोजकों और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि भारत विविध भाषाओं और संस्कृतियों का इन्द्रधनुषी देश है, जहाँ सभी समुदाय आपसी सद्भाव के साथ रहते हैं। सुरजापुरी महोत्सव इस समृद्ध लोकसंस्कृति को संरक्षित और प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस महोत्सव की शुरूआत भविष्य में न केवल किशनगंज, बल्कि पूरे बिहार और देश में सुरजापुरी संस्कृति को नई पहचान दिलाएगी।

महोत्सव के दौरान सुरजापुरी भाषा की कई महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन किया गया। इनमें सुरजापुर की माटी (उपन्यास) - लेखक श्री जगदीश यादव 'राम' उर्फ मिराक सुरजाभी, सबसे बोड़ो टाका (लघुकथा) - लेखक डॉ. पी. पी. सिन्हा, हाल जोतवाजाही (सुरजापुरी गीत/काव्य संग्रह) - लेखक राजकुमार शाह तथा पोरेर बेटी झ लेखिका मिली कुमारी शामिल हैं। इन पुस्तकों की प्रतियां उपस्थित अतिथियों को भेंट की गईं।

इसके उपरांत जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सुरजापुरी भाषा पर आधारित एआई स्टॉल का निरीक्षण किया। साथ ही सुरजापुरी सांस्कृतिक स्टॉल, पुस्तक स्टॉल तथा जीविका समूहों द्वारा लगाए गए पारंपरिक खानझपान के स्टॉल का भी भ्रमण किया। अतिथियों ने सुरजापुरी पारंपरिक व्यंजन 'भक्के' सहित अन्य स्थानीय पकवानों का स्वाद लिया तथा सुरजापुरी विवाह परंपरा से जुड़े डोल-नगाड़ों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

महोत्सव में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, साहित्यकार, कलाकार, छात्र-छात्राएं एवं आमजन की उपस्थिति ने कार्यक्रम को अत्यंत सफल, गरिमामय एवं स्मरणीय बना दिया।

# पटना सड़क हादसे के दौरान एक व्यक्ति गम्भीर रूप से हुआ घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना स्थित महात्मा गांधी सेतु पर एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार इंजीनियर गंभीर रूप से घायल हो गए। गायघाट के पास पिलर संख्या 46 के नजदीक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनका एक हाथ कटकर पुल के नीचे जा गिरा। घायल की पहचान मोहम्मद अकिल के रूप में हुई है, जो आलमगंज थाना क्षेत्र के निवासी हैं और मुजफ्फरपुर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपकरण बनाने का काम करते हैं। वे रोजाना की तरह काम खत्म कर अपने घर लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक हाजीपुर से पटना की ओर जा रहा था और काफी तेज गति में था। बताया जाता है कि चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि अकिल का एक हाथ शरीर से अलग हो गया। हादसे के तुरंत बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए गंभीर रूप से घायल अकिल को तत्काल नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उनकी हालत बिगड़ती गई। चिकित्सकों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उनकी निगरानी कर रही है। सूचना मिलते ही आलमगंज थाना पुलिस और यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए हैं। फरार ट्रक और उसके चालक की पहचान के लिए आसपास लगे बंद परिपथ टेलीविजन कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। आलमगंज थाना प्रभारी राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि घायल की स्थिति गंभीर है और आरोपी चालक की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई है।



# होली एवं रमजान पर्व को लेकर महगामा थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

**समाज जागरण**

गोड्डा दिनांक 28 2 2026 को महगामा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक एस डीपीओ चंद्रशेखर आजाद जी के अध्यक्षता में बैठक हुआ इस बैठक में होली और रमजान पर्व को लेकर शांति पूर्ण रूप से होली का त्यौहार मनाने की बात किया जिसमें किसी भी और से असामाजिक तत्वों पर ध्यान रखा जाए त्योहार खुशी खुशी मनाएं और हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई आपस में हम भाई भाई का संदेश पूरे भारत में देने का काम करें डीजे पर पूर्ण रूप से पाबंदी हो किसी भी प्रकार का अभद्र गाना नहीं बजाऐ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोना राम मुरमू जी ने कहा कि महागामा के धरती पर एक शांतिपूर्ण संदेश रहा है कि किसी भी त्यौहार में यहां सभी शांतिपूर्वक पर्व मनाया गया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांतिपूर्ण त्यौहार मनाएंगे एक दूसरे के प्यार मोहब्बत का संदेश हम महागामा से शांति का पैगाम देते हैं सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार का ज्यादा ध्यान नहीं दे गलत अफवाह से बचे किसी भी तरह का बात हो तो तुरंत प्रशासन को सूचित किया जाए इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल ए एस आई मनोज कुमार जदयू युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद हारुन रशीद युवा प्रखंड अध्यक्ष इब्राहिम अंसारी नवनियुक्त नगर अध्यक्ष प्रबोध सोरेन सूरज जायसवाल पप्पू ठाकुर रंजना झा मृत्युंजय कुमार सिंह मोहम्मद अख्तर अंसारी मुखिया कमरुल हसन आदि सभी शांति समिति के सदस्य गण उपस्थित थे



# किशनगंज साइबर थाना की त्वरित कार्रवाई से 1.89 लाख की ठगी राशि वापस

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज साइबर थाना कांड संख्या- 26/2025 के अंतर्गत प्राप्त शिकायत पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। साइबर ठगी के एक मामले में पीड़ित से ठगी गई 1,89,600/- (एक लाख नवासी हजार छह सौ रुपये) की पूरी राशि वापस करा दी गई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, ठगों ने पीएम किसान योजना के नाम पर एक फर्जी एपीके (APK) फाइल भेजकर साइबर धोखाधड़ी की थी। शिकायत मिलते ही अनुसंधानकर्ता पदाधिकारी एवं तकनीकी टीम ने समन्वित प्रयास करते हुए त्वरित कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप पीड़ित को संपूर्ण राशि सफलतापूर्वक वापस दिलाई गई। पुलिस ने बताया कि उक्त कांड अभी अनुसंधानाधीन है तथा आगे की कार्रवाई जारी है।

किशनगंज पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अज्ञात एपीके फाइल या लिंक को डाउनलोड न करें तथा साइबर ठगी से सतर्क रहें। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें अथवा नजदीकी साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराएं।

# पटना जिले के पालीगंज में मनाया गया एशियन पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज बाजार स्थित एशियन पब्लिक स्कूल का 9 वीं वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया।

जानकारी के अनुसार वार्षिकोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन रेल मैन चंदन वर्मा, शिक्षाविद आर्या सर, पत्रकार सह शिक्षाविद वेद प्रकाश, संवाददाता सह सामाजिक कार्यकर्ता पंकज कुमार, संवाददाता भजनलाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान अतिथियों को मोमेंटो व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने नृत्य व संगीत की प्रस्तुति दिया। इस दौरान मौके पर मौजूद शिक्षक व अविभावकों ने झूमने पर मजबूर हो गए। साथ ही छात्रों ने अभी अपनी कला के माध्यम से लोगो के दिल मे अपना स्थान कायम किया। वही कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्र छात्राओं को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन हर्ष कुमार व रवि सर ने किया। मौके पर स्कूल के निदेशक विक्की कुमार चौहान, प्रिंसिपल आलोक कुमार, श्रीकांत कुमार, विकास कुमार सहित अन्य छात्र छात्राओं व अविभावक मौजूद रहे।




# पटना में अगलगी के दौरान एक की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी के करबिगहिया मुहल्ले में शुक्रवार की देर रात एक रिहायशी मकान में भीषण आग लगने से 65 वर्षीय मालती देवी की झुलसकर मौत हो गई, जबकि उनके 75 वर्षीय पति बलीराम चौधरी घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घायल बलीराम चौधरी को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मालती देवी लंबे समय से लकवा (पैरालिसिस) से पीड़ित थीं और चलने-फिरने में असमर्थ थीं। आग लगने के दौरान वे खुद को सुरक्षित स्थान पर नहीं ले जा सकीं और लपटों की चपेट में आ गईं। उनके पति बलीराम चौधरी ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान वे भी झुलस गए। बताया जाता है कि बलीराम चौधरी भी लकवे से प्रभावित हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के समय घर का छोटा बेटा रवि शंकर चौधरी अपनी पत्नी और बच्चे के साथ बाजार गया हुआ था। देर रात अचानक घर से धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद आग की लपटें तेज हो गईं। पड़ोसियों ने तत्परता दिखाते हुए दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश करने की कोशिश की और पानी व अन्य साधनों से आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि तब तक मालती देवी गंभीर रूप से झुलस चुकी थीं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और अग्निशमन दल की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया और पूरे मकान की तलाशी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट या किसी ज्वलनशील सामग्री के कारण आग भड़की हो सकती है, लेकिन इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर है। पड़ोसियों का कहना है कि परिवार साधारण जीवन व्यतीत करता था और दोनों बुजुर्ग दंपति स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाए। बलीराम चौधरी ने बताया कि आग उनके सामने लगी और उन्होंने तुरंत शोर मचाया। आसपास के लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी पत्नी को बचाया नहीं जा सका। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और अग्निकांड के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा।

# इंडियन ट्रेड लिंक्स ने मासिक सामूहिक बैठक का किया आयोजन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण,ब्यूरो चीफ,कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 28 फरवरी 2026: जमशेदपुर टाटा स्टील लिमिटेड के स्कैफोल्डर ठेकेदार पार्क में इंडियन ट्रेड लिंक्स ने सोमवार को सेफ्टी पर ज्वाइंट मास कॉम मीटिंग की। इसमें मुख्य रूप से लवदीप और मोहम्मद तबरेज विशिष्ट अतिथि थे। मीटिंग में शॉप फ्लोर पर ठेका मजदूरों का कार्य



स्थल सेफ्टी में सुधार तथा सुधार के लिए उठाए जा रहे कदम में उनकी भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा हुई। सेफ्टी ऑफिसर गोपाल चंद्र,सरफराज और नीरज ने बैठक में विषय वस्तु को बताया तथा स्कैफोल्डर के सेफ्टी प्रदर्शन तथा नए पहल के प्रभाव के बारे में जानकारी दी। मोहम्मद तबरेज ने हाल के दिनों में कंपनी में हुई गंभीर दुर्घटनाओं के बारे में बताया और जीरो हार्म अभियान में ठेका मजदूरों, वेंडर्स के सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने सेफ्टी से संबंधित नैतिक मुद्दों पर स्पीक अप के जरिए आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। कंपनी के मैनेजर लवदीप और तबरेज ने सेफ्टी पर अभी तक के बेहतर प्रदर्शन की प्रशंसा की,और काफी बेहतर तरीके से अपने कर्मियों को प्रशिक्षित किए। वही सभी कर्मियों की समस्याओं को सुना और उनके सुझाव का स्वागत किया।वही इस महीने के अच्छे तरीके से अपने कार्यों का निर्वाहन करने वाले कर्मियों को तौफे दे कर सम्मानित किया गया जिसमें सुपरवाइजर मार्टिन, स्कैफोल्डर सजल मिश्रा,अर्जित महतो,राजीव महतो,ड्राइवर रौशन महतो मौजूद रहे।